सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-187 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 16 दिसम्बर 2023
02 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### अबकी बार 400 के पार

**पीलीभीत।** साध्वी प्राची ने कहा कि 2024 में भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। साध्वी प्राची शुक्रवार को पीलीभीत के बीसलपुर पहुंचीं। उन्होंने विश्व हिंदू महासंघ के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि देश-प्रदेश में जो विकास किसी सरकार ने नहीं करवाए, वह भाजपा सरकार ने कराए हैं। आगामी वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा को चार सौ से ऊपर सीटें मिलेंगी। भाजपा की सरकार बहुमत से बनेगी। नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे।

### तीन गुबंद बनकर तैयार

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को राममंदिर निर्माण के प्रथम तल, गुबंद आदि के निर्माण की प्रगति दर्शायी गई है। राममंदिर का प्रथम तल करीब 70 फीसदी तैयार हो चुका है। राममंदिर के तीन गुंबद भी बनकर तैयार हैं, चौथे गुबंद का निर्माण चल रहा है। राममंदिर में कुल पांच गुबंद बनाए जाने हैं। राममंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंदिर परिसर को सजाया-संवारा जा रहा है।

### ज्योति मौर्या का तबादला

**बरेली।** बरेली के देवरनियां में बार-बार पेराई ठप होने और किसानों की शिकायत को लेकर चर्चा में रहने वाली सेमीखेड़ा चीनी मिल की जीएम ज्योति मौर्या का तबादला कर दिया गया है। उन्हें चीनी मिल के लखनऊ मुख्यालय भेजा गया है। सेमीखेड़ा चीनी मिल के जीएम पद पर सदाब असलम को तैनाती दी गई है। अभी तक उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। पेराई सत्र शुरू होने के बाद से सेमीखेड़ा चीनी मिल चर्चा में बनी हुई है। 19 नवंबर को पटला पूजन होने के बाद भी चीनी मिल में पेराई शुरू नहीं हो सकी। किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी।

### पीएम ने श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत और अधिक एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करता है। अपने नेतृत्व क्षमता के लिए सरदार की उपाधि से सम्मानित पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में सराहा जाता है। उन्होंने अनुनय और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग कर सैकड़ों रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### हाईकोर्ट से मांगी रिपोर्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात एक महिला जज की ओर से इच्छा मृत्यु की मांग मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। महिला जज ने मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर एक जिला न्यायाधीश पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए इच्छा मृत्यु की मांग की है। महिला जज ने अपने दो पन्नों के पत्र में बाराबंकी में तैनाती के दौरान अपने साथ हुई बदसलूकी और उत्पीड़न के बाद अपना जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगी है।

# मथुरा ईदगाह कमेटी को झटका

## सुप्रीम कोर्ट का मथुरा ईदगाह सर्वे रोकने से इनकार



कटरा केशव देव के नाम दर्ज पूरी जमीन भगवान श्रीकृष्ण जन्मस्थान है, जो 13.37 एकड़ में है

**नई दिल्ली।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

बता दें कि कल यानी गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। वकील विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जो आदेश पारित किया था, उस आदेश को आज वर्चुअली शाही ईदगाह मस्जिद ने और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

उन्होंने मांग की थी कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया, कोर्ट ने कहा यह केस 9 जनवरी के लिए निर्धारित है हम उसी दिन उसको सुनेंगे। मामले में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव भी वादी हैं। अधिवक्ता हरिशंकर जैन व विष्णु जैन ने कहा कि कटरा केशव देव के नाम दर्ज पूरी जमीन भगवान श्रीकृष्ण जन्मस्थान है, जो 13.37 एकड़ में है। इसमें शाही मस्जिद ईदगाह स्थित है। कमीशन जारी होने से दस्तावेजी सबूत हासिल होंगे। इस दौरान ज्ञानवापी विवाद में भी कमीशन जारी होने का हवाला दिया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने शाही ईदगाह मस्जिद समिति के फैसले के लिए समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने पुष्टि की कि एआईएमपीएलबी की कानूनी समिति शाही ईदगाह मस्जिद समिति को सहायता प्रदान करेगी।

### 9 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

### हाईकोर्ट में कमीशन की अर्जी स्वीकार

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि, कटरा केशवदेव परिसर के सर्वे रिपोर्ट के लिए कमीशन जारी करने की अर्जी को स्वीकार कर लिया है। कमीशन की संरचना व रूपरेखा तय करने के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय हुई है। जस्टिस मयंक कुमार जैन ने ये फैसला दिया।

# मुख्तार अंसारी को 26 साल पुराने केस में मिली 5 साल की सजा

- नहीं खत्म हो रहे बुरे दिन
- 10 हजार का जुर्माना भी लगा

**वाराणसी।** वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कोयला कारोबारी नंद किशोर रूंगटा के अपहरण के बाद परिवार को धमकी देने के मामले में गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी को साढ़े पांच साल जेल की सजा सुनाई है और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

मामला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा था। स्पेशल मजिस्ट्रेट एमएलए कोर्ट ने आरोपियों को धारा 506 भाग 2 के तहत दोषी पाते हुए पांच साल छह माह की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मुख्तार पर कोयला कारोबारी नंद किशोर रूंगटा के भाई महावीर प्रसाद रूंगटा को धमकी देने का आरोप था। कोयला व्यवसायी नंद किशोर रूंगटा के अपहरण के बाद उनके परिवार के सदस्यों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद, महावीर प्रसाद रूंगटा ने 5 नवंबर, 1997 को भेलूपुर पुलिस स्टेशन में बम की धमकी के संबंध में मामला दर्ज कराया। जांच के बाद, पुलिस ने उसी अवधि के दौरान धमकी के मामले में मुख्तार के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

### मुख्तार अंसारी की जान को है खतरा



उत्तर प्रदेश के बाहुबली मुख्तार अंसारी फिलहाल सूबे के बांदा जेल में बंद हैं। मुख्तार अंसारी को यूपी से इतर दूसरे किसी राज्य की जेल में ट्रांसफर करने की मांग लंबे अरसे से उनके परिवार वाले कर रहे हैं। आज इस मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई शुरू होते ही सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जेल में लोगों की हत्या हो रही है। ऐसे में उनके मुवक्किल उमर अंसारी के पिता की जान पर खतरा है. लिहाजा उनको उत्तर प्रदेश से बाहर किसी जेल में शिफ्ट किया जाए। अतीक अहमद की जान भी पुलिस कस्टडी ही में गई थी।

# भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को 25 साल की कैद

- दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा
- दस लाख रुपये का जुर्माना



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को किशोरी से दुष्कर्म मामले में सजा का एलान हो गया है।

भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को कोर्ट ने 25 साल की कैद तथा 10 लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को मिलेगी। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और आठ सालों की लंबी सुनवाई के बाद फैसला आया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने भाजपा विधायक रामदुलार गोंड के 25 वर्ष कैद और दस लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विधायक को किशोरी के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया है। आठ साल तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद बृहस्पतिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश एहसानुल्लाह खां ने अर्थदंड की समूची राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा और विधायक समर्थकों को तगड़ा झटका लगा है। आदेश के बाद रामदुलार गोंड की विधायकी जानी तय मानी जा रही है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बायोनेचर कॉन-2023' का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

# आज के समय में स्टडी रिसर्च जरूरी: योगी

**अवधनामा संवाददाता**





- कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को मिलेगी ऊंचाई: सीएम

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों या अन्य शिक्षण संस्थानों को टापू या तटस्थ बने रहने की बजाय समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए वे समाज की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं। व्यावहारिक आवश्यकताओं को समझने के लिए सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर रहने की बजाय फील्ड में अनुभव हासिल करने और रिसर्च पर ध्यान देना होगा।

सीएम योगी शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स बायोनेचर कॉन-2023 विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और यहां के शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में इस दिशा में सुधार के प्रयास हुए तो अब अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन है। वर्तमान समय मे इसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कई विभागों के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी आयुर्वेद, फार्मेसी, बायो केमिस्ट्री, कृषि जैसे कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े लोग प्राकृतिक संसाधनों से औषधि बनाने के क्षेत्र में बहुत योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से बनने वाली औषधियों की क्वालिटी पर फोकस करने के साथ पैकेजिंग पर भी पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की दवा पुड़िया बांधकर देने से रोगी को ही विश्वास नहीं होता जबकि यही दवा टैबलेट के रूप में उसका विश्वास बढ़ाती है। दवाओं को इसी अनुरूप में तैयार और पैक करना होगा।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन किया। बता दें कि शनिवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों से मिलेंगे। इसके बाद वह खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं।

# राजस्थान में अब भजन लाल का राज

## राज्यपाल ने दिलायी शपथ, भजनलाल शर्मा बने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री



- दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा बने डिप्टी सीएम
- पीएम मोदी समेत कई बड़े नेता रहे मौजूद



वसुंधरा ने भजनलाल के सिर पर हाथ रखकर आर्शीवाद दिया। इसके बाद भजनलाल ने वसुंधरा को मिठाई खिलाई। वहीं पूर्व प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ व दिग्गज नेता किरोड़ी लाल मीणा ने इस पर ताली बजाई। सभी नेताओं ने आपस में हंसी-मजाक भी किया। दीया कुमारी ने पैर छूए तो वसुंधरा ने उन्हे भी आर्शीवाद दिया।

**जयपुर।** भजनलाल शर्मा ने आज से राजस्थान की कमान संभाल ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर में अल्बर्ट हॉल के बाहर मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में भजनलाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

भजनलाल के साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और अशोक गहलोत भी उपस्थित थे। शपथ समारोह से पहले भजनलाल शर्मा ने सुबह गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन किये और टोंक रोड पर पिंजरापोल गोशाला में गायों को चारा खिलाया। उन्होंने अपने दिन की शुरुआत प्रसिद्ध गोविंद देवजी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की।

# हिंसा के आठ महीने बाद दफनाए गए 19 शव, घरों में फहराए गए काले झंडे

- कुकी बहुल जिले में बंद रहे बाजार
- चुराचांदपुर में दफनाए जाएंगे 87 अन्य शव



**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा में मारे गए कुकी जो समुदाय के 19 लोगों के अवशेषों को शुक्रवार को राज्य के कांगपोकपी जिले में दफनाया गया। मतृकों को फैजांग गांव में आदिवासी एकता समिति (सीओटीयू) सामूहिक रूप से दफनाया गया। इस दौरान मृतकों के दोस्त और रिश्तेदार भी मौजूद रहे।

संयुक्त परोपकारी संगठन (जेपीओ) के संयोजक लालडॉनलियन वर्ते ने बताया कि आदिवासी समुदाय के 87 अन्य सदस्यों के शव चुराचांदपुर जिले में 20 दिसंबर को दफनाए जाएंगे। 19 मृतकों के अवशेष इंफाल में लगभग आठ महीने से मुर्दाघरों में पड़े हुए थे। आयोजकों ने कहा कि आखिरकार उन्हें सम्मानजनक तरीके से दफनाया गया। आदिवासी एकता समिति के द्वारा शोक दिवस के रूप में 12 घंटे का बंद बुलाया गया। जिसके बाद कुकी बहुल जिले में कई घरों पर काले झंडे फहराए गए। बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सार्वजनिक वाहन सड़कों से नदारद रहे। इंफाल घाटी में जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान और क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मुर्दाघरों से 60 शवों को हवाई मार्ग से चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में ले जाया गया। इन 60 शवों में से 19 को कांगपोकपी जिले में दफनाया गया जबकि 41 अन्य को चुराचांदपुर भेजा गया।

लालडॉनलियन वर्ते ने कहा, चुराचांदपुर जिला अस्पताल में 46 शव पड़े हैं। 20 दिसंबर को उन 46 शवों को इंफाल से जिले में लाए गए 41 अन्य लोगों के साथ दफनाया जाएगा।

## कार्यवाही

### लोकसभा-राज्यसभा स्थगित

# सुरक्षा में सेंध पर संसद में भारी हंगामा



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में बुधवार को हुई चूक को लेकर राजनीतिक जबरदस्त तरीके से गर्म हो गई है। इस मामले को लेकर राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा जारी है। गुरुवार को दोनों सदनों में 14 सांसदों को हंगामे की वजह से निलंबित कर दिया गया था। इसका असर शुक्रवार को भी देखा गया।

शुक्रवार को भी लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों का जबरदस्त तरीके से हंगामा जारी रहा। हंगामे की वजह से शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सदस्य सुरक्षा चूक के मामले पर सदन में गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य और चर्चा की मांग कर रहे हैं। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए तत्काल स्थगित कर दी। कुछ सदस्यों के हाथों में पोस्टर भी थे। एक पोस्टर पर संसद में सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग लिखी हुई थी। कुछ सदस्य गृहमंत्री शाह के इस्तीफे की मांग भी कर रहे थे। कुछ विपक्षी सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर रहे थे] जिनके हस्ताक्षर से मिले 'पास' पर संसद भवन में प्रवेश करने वाले दो युवक बुधवार को लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे।

### राघव चड्ढा को धनखड़ ने लगाई फटकार

### अपने मुंह का इस्तेमाल करें हाथ के इशारे का नहीं



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में हुए सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए दिन के निर्धारित कामकाज को स्थगित करने की विपक्ष की मांग पर सदन में विरोध प्रदर्शन करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा को फटकार लगाई। 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा उल्लंघन से उत्पन्न गंभीर स्थिति पर चर्चा के लिए दिन के निर्धारित कार्य को निलंबित करने के नोटिस को सभापति द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद सभी विपक्षी सदस्य विरोध में उतर आए। आप सांसद राघव चड्ढा ने हाथ का इशारा कर व्यवस्था का प्रश्न उठाने की कोशिश की। धनखड़ ने इस इशारे पर आपत्ति जताई और कहा कि मिस्टर चड्ढा, आपको व्यवस्था का प्रश्न उठाने के लिए ऐसा (हाथ का इशारा) करने की ज़रुरत नहीं है अपने मुंह का इस्तेमाल करें ऐसा मत करें।

# विधायकों की अयोग्यता पर 10 तक लेना होगा फैसला



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर क्रॉस-याचिकाओं पर फैसला करने के लिए और समय दिया है। शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी तक का समय बढ़ा दिया है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर से 31 दिसंबर तक अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में अंतिम फैसला लेने को कहा था, लेकिन नार्वेकर ने लंबित याचिकाओं की समीक्षा के लिए और समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि स्पीकर ने संकेत दिया है कि कार्यवाही 20 दिसंबर को बंद कर दी जाएगी और स्पीकर ने उचित समय विस्तार की मांग की थी। पहले निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए, हम स्पीकर को निर्णय सुनाने के लिए 10 जनवरी, 2023 तक का समय विस्तार देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट द्वारा दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई की।

### राम मंदिर के निकट बनेगा एक बड़ा अस्पताल

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद यहां पहुंचने वाले लाखों राम भक्तों की सेहत का भी खास ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए मंदिर के निकट ही 500 बेड का एक बड़ा अस्पताल बनाने की तैयारी चल रही है। पहले श्रीराम अस्पताल को ही उच्चीकृत करने पर मंथन चल रहा है, जिसके लिए भूमि की नापजोख भी की जा चुकी है। प्रमुख सचिव के प्रस्तावित दौरे को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।



## 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

# हर नागरिक का दायित्व है कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें: आलोक कुमार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 15 से 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा। शुक्रवार को इसके शुभारंभ पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह ने एआरटीओ आलोक कुमार, पीटीओ कौशलेंद्र यादव की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क जागरूकता रथो और स्टेक होल्डर्स के करीब 180 बाईकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो नगर के मुख्य मार्ग से सड़क सुरक्षा का संदेश देकर गुजरे।सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर डीएम-एसपी ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन



करने तथा छोटी-मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। डीएम ने लोगों से अपील की कि वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। डीएम में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया। पखवाड़े के संयोजक एआरटीओ आलोक कुमार ने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, नियमों का सभी के द्वारा अगर गंभीरता से पालन किया जाए तो दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी। यह सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं बल्कि एक मिशन है जो आगे भी जारी रहेगा। सड़क जागरूकता मोटर साइकिल रैली में स्टेकहोल्डर्स के लगभग 180 बाइकर द्वारा हेलमेट लगाकर मोटर साइकिल एवं स्कूटर से प्रतिभाग कर सड़क सुरक्षा रथो के पीछे चलते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से लोगो को जागरूकता किया गया। इस कार्यक्रम मेंपरिवहन से जुड़े बस-ट्रक-आटो यूनियन के पदाधिकारियों एवं परिवहन निगम के चालको एवं परिचालकों को भी सम्मिलित किया गया।इस अवसर पर उप जिला अधिकारी रेनू मिश्रा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आलोक कुमार, यात्री एवं मालकर अधिकारी कौशलेंद्र यादव सहित अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों के अधिकारी व गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गन्ना छील रहे मजदूर पर बाघ ने किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** वन रेंज भीरा के पड़रिया तिलकापुर में जंगल किनारे गन्ना छील रहे मजदूर पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। गनीमत रही कि साथी मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे, लिहाजा उन्होंने भी बिना डरे बाघ पर गन्ने से हमला किया, जिससे बाघ मजदूर को छोड़कर वापस जंगल में चला गया बाघ के हमले में घायल मजदूर को सीएचसी में भर्ती करवाया गया सुबह लगभग 10 बजे पड़रिया तिलकापुर निवासी राजाराम के खेत में घनश्याम मजदूरी करने गया था। बतौर मजदूरी वह गन्ना छील रहा था। साथ में रंजीत कुमार, नन्हेलाल व कमलादेवी भी गन्ना छील रहे थे। इसी बीच जंगल में छिपे बाघ ने घात लगाकर गन्ना छील रहे मजदूर घनश्याम पर हमला कर दिया। इससे वह चीखने चिल्लाने लगा घनश्याम की चीख सुनकर कुछ ही मीटर की दूरी पर गन्ना छील रहे अन्य साथियों ने गन्ने से ही बाघ पर वार करना शुरू कर दिया इससे बाघ घनश्याम को छोड़कर जंगल के अंदर वापस भाग गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे अन्य ग्रामीणों व साथियों की मदद से घनश्याम को बिजुआ सीएचसी लाया गया, जहां पर उसका इलाज शुरू किया गया।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा मु0अ0स0-131/2023 धारा 363/366/376 (3) /504/506 भादवि व 5(रु)/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त रक्षपाल पुत्र छंगा नि0 ग्राम नयागॉव/नयापुरवा थाना मझगई को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण राजकुमार पुत्र हरद्वारी भुर्जी निवासी ग्राम मीलपुरवा मजरा सरवा थाना फूलबेहड़ बालकराम पुत्र महादेव लोनिया निवासी ग्राम मीलपुरवा मजरा सरवा थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त कृपाल पुत्र स्व विश्राम लाल नि0ग्रा0 लकेसर थाना फरधान को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम लकेसर से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बंध मे थाना फरधान पर मु0अ0सं0 567/2023 धारा 3/25



आयुध अधिनियम पंजीकृत करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा रपटा पुल बहद् ग्राम मीलपुरवा से 01 नफर अभियुक्त लखन पुत्र रामौतार बाल्मीकि निवासी ग्राम दाउदपुर थाना फूलबेहड़ को 01 अदद अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 603/2023 धारा 4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## एसडीएम डॉ अवनीश कुमार की अगुवाई में ग्राम रायपुर में हटवाया गया अतिक्रमण



**मोहम्मदी खीरी।** पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार की अगुवाई में ग्राम रायपुर में कुछ ग्रामीणों द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा था जिसको एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ,सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह व थाना प्रभारी अम्बर सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार विश्वकर्मा, पसगवां एस आई रवि कुमार यादव व रेहरिया चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र व हैदराबाद एस आई सुनील सिंह व मय महिला आरक्षी की अगवाई में ग्राम पंचायत मूड़ागलिब के मजरा रायपुर ग्राम में लोगों द्वारा रास्ते पर घूरा व जानवरों बांधे जा रहे थे जिसके कारण रायपुर में रास्ते पर अतिक्रमण होने से आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत होती थी। इसीलिए किसान यूनियन राकेश टिकैट ग्रुप के किसान यूनियन जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह की अगुवाई में समस्त किसानों व पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम डॉ अवनीश कुमार से इसकी शिकायत दर्ज कराई और रास्ते पर से अतिक्रमण को हटाने की बात को रखा जिस पर तत्काल एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार ने संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण को मौके पर जा कर हटवाया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## उद्यान मंत्री ने कृषि उत्पादन मंडी का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल होकर वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

**रायबरेली।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति का औचक निरीक्षण कर मंडी की कार्यशैली तथा साफ सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात सब्जी मंडी व गल्ला मंडी में उपस्थित किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और उसके जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही किसान भाईयों की सभी जरूरी व्यवस्थाओं एवं अनाजो की समुचित सुरक्षा के लिए टीन शेड एवं मंडी परिषद में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उद्यान मंत्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम स्थल संताव में शामिल हुए। जहां पर उन्होंने नव वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जीआईसी में निर्धन बच्चों को जिलाधिकारी ने बाटे स्वेटर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर में निर्धन छात्र निधि के माध्यम से विद्यालय में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर गरीब छात्रों को शुक्रवार को स्वेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 61 निर्धन बच्चो को स्वेटर देते हुए कहा कि इस ठंड में बच्चों को स्वेटर प्रदान किया जाना मानवतापूर्ण कार्य है। जनपद के सभी विद्यालयों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। इस पुनीत कार्य में शामिल विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान डीएम ने प्रधानाचार्य के साथ 32 स्काउट गाइड के बच्चो को जूता वितरित किया। प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा निर्धन छात्र निधि का सदैव विद्यालय के निर्धन बच्चों के हित में प्रयोग किया जाता है। इससे पूर्व जिलाधिकारी को प्रधानाचार्य ने पुष्प गुच्छ व देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रन एकेडमी में हुई छात्र की मौत के मामले में एबीवीपी ने किया धरना प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के मीरपुर स्थित चिल्ड्रन एकेडमी में हुई छात्र की मौत के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी न होने के कारण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। हालांकि एसपी ने बाहर होने के चलते फोन पर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया जिस पर एबीवीपी कार्यकर्ता माने बताते चलें कि शहर से सटे मीरपुर स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी में बुधवार को संदिग्ध हालत में छात्र शिवांश वर्मा पुत्र अनिल वर्मा निवासी मितौला ईसानगर की मौत हो गई थी। परिजनों ने स्कूल प्रसाशन पर शिवांश को जबरदस्ती दौड़ाने की बात कही थी, जिस पर वह बेहोश हो गया था आरोप है कि बेहोशी की अवस्था मे होने के





बाद भी कॉलेज प्रबंधन द्वारा उसे काफी समय तक विद्यालय में ही रखा गया और जब हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कुमुन्द गोयल, विपिन यादव व अंगद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था हालांकि 48 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज एबीवीपी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर जमकर नारेबाजी की और धरने के बात कही वहीं एसपी ने बाहर होने के चलते फ़ोन पर बात कर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ता संतुष्ट हुए।

छात्र की मौत के मामले में एबीवीपी संगठन के दबाव के बाद आखिरकार मुकदमा तो दर्ज कर दिया गया, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ आरोपियों तक नहीं पहुँचे हैं। वहीं इस मामले में शहर के एक पुस्तक विक्रेता का नाम भी सामने आ रहा है, जो मामले को मैनेज कराने में जुटा हुआ है।

# मोदी सरकार गरीब को समर्पित सरकार: गुंबर

## पीएम स्वनिधि व पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित किये प्रमाण पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज वार्ड 12 व वार्ड 10 में क्षेत्र की महिलाओं-पुरुषों ने बड़े उत्साह से जोरदार स्वागत किया। वीडियो वैन के जरिये जहां लोगों को केंद्र सरकार की प्रमुख 17 योजनाओं की जानकारी दी गयी,वहीं वक्ताओं ने योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। पीएम स्वनिधि व प्रधानमंत्री आवास योजना के अनेक लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराने के अलावा शिशुओं का अन्न प्राशन भी कराया गया। वार्ड 12 में नगर विधायक राजीव गुंबर तथा वार्ड 10 में महानगर महामंत्री शीतल विश्नोई ने पंच प्रण की शपथ भी दिलायी।

वार्ड 12 में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि मोदी सरकार गरीब को समर्पित सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबी देखी है इसलिए वह गरीब की चिंता करते हैं। उनका प्रत्येक पल गरीब को समर्पित है। मोदी सरकार ने 17 बड़ी योजनाएं चलाकर गरीबों को लाभ पहुंचाने और उनका सामाजिक व आर्थिक जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की बागडोर ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जो पूरे देश की जनता को अपना परिवार मानता है और उसके हित की बात सोचता है। दिल्ली से आयी भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेता नीतू गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को जो सम्मान दिलाया है वह पहले कभी किसी सरकार ने नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने नयी संसद के पहले ही सत्र में महिला आरक्षण बिल पारित कराकर महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। राहुल लखनपाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बदली हुयी सकारात्मक सोच का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से जोड़ने, उनका लाभ और उनकी जानकारी उस तक पहुंचे इस मकसद से यह यात्रा शुरु की है। इसके अलावा भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, महानगर महामंत्री शीतल बिश्नोई, पार्षद सीमा कात्यायनी, पार्षद वीरेन्द्र उपाध्याय, पार्षद बरखा कल्याण, पूर्व पार्षद यशपाल पुंडीर, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत व ठा.गुरचरण आदि ने भी सम्बोधित किया। इसके अलावा वार्ड नंबर 10 नवादा रोड पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्षद सोपिन पाल, जोगेंद्र सिंह, राम अवतार मुरारी खेतवाल व पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के एक मात्र ऐसे नेता है जो कहते है वह करते है। सभी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करने कहा आह्वन किया।

## वर्तमान समय में महिला मोर्चा का मजबूत होना जरूरी: रितू



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा महिला मोर्चो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मे विशेष आमंत्रित सदस्य रितु गर्ग ने कहा कि नये वोटरो से सम्पर्क कर सगंठन को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने कहा कि वह कई राज्यो में कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा को मजबूत करने का काम कर चुकी है। आज के समय में महिला मोर्चो का मजबूत होना बहुत जरुरी है। आज रेलवे स्टेशन पर भाजपा महिला मोर्चो की महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा के नेतृत्व मे भाजपा महिला मोर्चो की पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने भाजपा महिला मोर्चो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मे विशेष आमंत्रित सदस्य रितु गर्ग का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। रितु गर्ग ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी वंदन अधिनियम भी दिया है। आने वाले समय पर महिलाये सशक्त होगी, महिलाये सक्षम होगी। उन्होने कहा कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने हमेशा ही महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होने ये भी कहा कि आने वाले समय मे देश मे सारे एमपी व एमएलए महिलाये होगी। उन्होने बताया कि बहुत सारी पार्टी ऐसी है जो महिलाओ को स्थान नही देती है। भाजपा एक समान रूपी पार्टी है। इसमे युवा व महिलाएं सब पार्टी व देश हित के लि काम कर रहे है। भाजपा महिला मोर्चो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मे विशेष आमंत्रित सदस्य रितु गर्ग ने सालासर बालाजी मंदिर मे जाकर दर्शन किये और भारत विकसित संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भाग लिया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 290 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन गन्ना कांटा मैदान सातंव में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 290 जोड़ों का विवाह हुआ। जिलाधिकारी और उद्यान मंत्री ने इन वैवाहिक जोड़ों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें आशीर्वाद दिया। समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम में हरचंदपुर 46,सातंव 29,खीरो 13,लालगंज 3,सरेनी 3,बछरांवा 78,शिवगढ़ 72,महराजगंज 43, न0प0 बछरांवा 1,न0प0 महाराजगंज 1,न0प0 शिवगढ़ 1 जोड़े का विवाह हुआ। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाबा के भजनों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**सहारनपुर।** श्री श्याम शाखा परिवार द्वारा द्वितीय श्री श्याम अखाडा संकीर्तन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर भजनोपदेशकों ने बाबा के मधुर भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री श्याम शाखा परिवार द्वारा आयोजित द्वितीय श्री श्याम अखाडा संकीर्तन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बाबा की पावन ज्योति पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा एवं बृजेश प्रजापति द्वारा दीप प्रज्जवलित की गयी। अहमदाबाद से पधारे संकीर्तन सम्राट नंद किशोर शर्मा, नंदू भैया एवं जयपुर से पधारी स्वर्ग कोकिला उमा लहरी ने बाबा के भजनों पर सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा. अर्चना द्विवेदी का संस्था के अध्यक्ष रिमांशु सिंघल व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने पटका पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे वशिष्ठ अतिथि आचार्य पंडित प्रदीप कौशिक, अनंत विहारी गोस्वामी, अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान गुरु स्वामी दीपांकर महाराज, महंत राहुल थापा ने भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**सहारनपुर।** श्री बालाजी घाट पर पाँवधोई नदी के किनारे श्री राम मन्दिर निर्माण के लिए पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया गया व मन्दिर की आधारशिला रखी गई। बाबा लाल दास जी का बाड़ा क्षेत्र में स्थित श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आधार शिला रखी गयी। साथ ही 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के साथ ही प्राणप्रतिष्ठा करने व एक लाख दीपक जलाकर भव्य दीपोत्सव मनाने का संकल्प लिया गया। हरीश भटेजा ने मन्दिर निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न किया व श्री राम मन्दिर का कार्य प्रारंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष अनिल तुली ने कहा कि इस अवसर पर श्री राम जी का भव्य पूजन व भंडारा भी किया जायेगा, जिसमें हजारो लोग भाग लेंगे। शक्ति राणा ने कहा कि दीपोत्सव के अवसर पर बहुत ही भव्य आयोजन होता है व चारो तरफ हर्ष का माहौल होता है। इस वर्ष मन्दिर की स्थापना होने से और भी अधिक भव्य रूप में आयोजन होगा। भूमि पूजन के अवसर पर बाबा राम दास, अनिल तुली, हरीश भटेजा, पंडित विशाल गौड़, शक्ति राणा, शक्ति सैनी, नमन शर्मा, सन्नी भगत आदि उपस्थित रहे।

## निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराया

**सहारनपुर।** भारतीय बौद्ध संघ प्रदेश महामंत्री व समाज सेवी जयराम गौतम प्रधान ने दो निर्धन कन्याओं का सामुहिक रूप से विवाह संपन्न कराया और वरवधू को अशीर्वाद देते हुए उनके जीवन मंगल मय होने की कामना की। गढ़ी मलुक गली नंबर 1 में आयोजित विवाह समारोह में दो निर्धन कन्याओं का विवाह विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान जयराम गौतम प्रधान ने बताया कि प्रभु की कृपा से यह कार्यक्रम हो रहा है। कार्यक्रम में सर्व धर्म के लोगों को बुलाया गया है। वहीं समाज सेवी महेंद्र सचदेवा ने कहा कि जयराम गौतम ने अपने समाज में एक इतिहास रचने का काम किया है। यह हमेशा हर सामाजिक, व्यापारिक आदि संगठनों में सक्रिय रहकर समाज की भलाई के लिए निरंतर कार्य करते हैं। बता दें कि जयराम गौतम प्रधान द्वारा न केवल कन्याओं का विवाह कराया गया, बल्कि कन्याओं को घरेलू सामान भी भेंट किए गए। समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान ने कहा कि समाज मे फैली कुरीतीयो का समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है। हिन्दू समाज को एक सूत्र मे बाधना तथा दलित पिछडे भाईयों को मुख्य धारा मे लाने के लिए वह प्रयासरत है। कार्यक्रम मे कई गणमान्य लोग मोजूद रहे।

## प्रबुद्ध महिला सम्मेलन 17 दिसम्बर को होगा आयोजित

**सहारनपुर।** महिला समन्वय समिति द्वारा प्रबुद्ध महिला सम्मेलन 17 दिसम्बर को मनाये जाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में भारतीय परंपरा में नारी का स्वरूप, महिलाओं की स्थानीय समेत कई मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की जायेगी। आज आरएसएस कार्यालय मधुकर कुंज में आयोजित बैठक में समिति पदाधिकारियों ने सम्मेलन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले आदिशक्ति सम्मेलन में भारतीय परंपरा में नारी का स्वरूप, महिलाओं की स्थानीय समस्या, स्थिति एवं समाधान और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका आदि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। इस दौरान मुख्य वक्ता साध्वी स्वामी मैत्रेयी गिरी महाराज, डॉ.वेद प्रभा मेरठ प्रांत संयोजिका महिला समन्वय समिति शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ अर्चना द्विवेदी एवं संयुक्त आयुक्त उद्योग अंजू रानी की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी।

## जेवर प्रोजेक्ट के लिए गठित जॉइंट कोआर्डिनेशन कमेटी की 5वी बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आज जनपद गौतमबुद्धनगर के भ्रमण के दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर साइट पर पहुचें, जहॉ पर उन्होंने जॉइंट कोआर्डिनेशन कमेटी की पांचवी बैठक की अध्यक्षता करते हुये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर को लेकर किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में सीईओ (नायल) डा0 अरुणवीर सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, डायरेक्टर सिविल एविएशन कुमार हर्ष, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ क्रिस्टोफ सैल्मन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन तथा केंद्रीय एजेंसी के अधिकारीगण बैठक में उपस्तिथ रहे।

बैठक में मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर परियोजना के निर्माण कार्यों के प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया गया। विकासकर्ता ज़ुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने बताया कि परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, ए टी सी और रनवे का कार्य प्रगति पर है। मशीनरी और वर्क फोर्स एयरपोर्ट साईट पर बढ़ाया गया है तथा एयरपोर्ट का निर्माण समय से पूरा होगा। इस पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार समय से माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाये। जॉइंट कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक में जेवर एयरपोर्ट के लिए सीआईएसएफ, कस्टम, आईएमडी, सीएनएसएटीएम, सिक्योरिटी से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल कुमार यादव के द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का किया गया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 15 से 31 दिसंबर 2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल कुमार यादव के द्वारा आज सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय नोएडा से द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े का उद्घाटन किया गया व सभी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी तथा जनमानसों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गयी तथा सभी प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रचार हेतु रवाना किया गया। सभी प्रचार वाहन कार्यालय प्रांगण से एलीवेट फ्लाइओवर से सेक्टर 18 अंडरपास, जीआईपी, गार्डेन गेलेरिया के सामने होते हुये फिल्म सिटी फ्लाई



ओवर के नीचे से यू टर्न लेते हुये डी.एल.एफ., गुरुद्वारा होते हुये मेट्रो स्टेशन सेक्टर 18 होते हुये चिपियाना, अट्टा पीर से सेक्टर 16, रजनीगंधा, सेक्टर 03, टेलीफोन एक्सचेन्ज से सेक्टर 12 मार्केट, स्टेडियम चैक, स्पाइस मॉल सेक्टर 31, सेक्टर 25, सेक्टर 24, के आगे से यू-टर्न लेकर वापिस कार्यालय प्रांगण पर आकर समापन किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में लगभग 25 प्रचार वाहनों पर सड़क सुरक्षा नियमों व तस्बीर सहित बैनर एवं पोस्टर लगाये गये। उद्घाटन समारोह के आयोजन में जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति संनेदीकृत करने हेतु परिवहन एवं पुलिस विभाग यातायात की ओर से 18 मोटर साइकिल व 25 प्रचार वाहन तथा लगभग 500 जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव, सहायक पुलिस आयुक्त राजीव गुप्ता, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पवन कुमार गौतम, यातायात निरीक्षक राम सिंह एवं जनपद के समस्त सरकारी, अर्धसरकारी विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी, इलेक्ट्रोनिक्स/प्रिन्ट मीडिया बन्धुओं, एन.जी.ओ. माँ तारा फाउन्डेशन के डा0 समरजीत चौधरी व अन्य पदाधिकारी, बस/ट्रक/टैम्पो यूनियन के पदाधिकारी/चालक /परिचालकों तथा जनमानस के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पात्र लोगों को मिल रहा है केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभः राघवेंद्र द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ़ रामनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि एक समय ऐसा था, ज़ब कुछ ही लोगों के पास गैस कनेक्शन होता था। सामान्य लोगों को रसोई गैस के लिए लम्बी-लम्बी लाइन लगानी पड़ती थी और रसोई गैस के लिए लोगो को लाठिया खानी पड़ती थी। आज बहुत ही आसान तरीके से गैस मिल जा रही हैं। साथ ही उन्होंने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित सड़क व केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली अनेक योजनाओं पर बिस्तार से अपनी बात कही और जमकर केंद्र और प्रदेश



सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता राघवेंद्र द्विवेदी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिल रहा हैं। जन-जन तक पहुंचाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार संकल्पित हैं। प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों को केंद्र और प्रभावशाली योजनाओं की दी गयी साथ ही नूतन वर्ष का कैलेंडर भी बितरित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया था, इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के बैनर तले विभिन्न योजनाओं का लाभ पाई गांव की विंध्यवासिनी, अमरावती, स्वयं सहायता समूह की सुमिरता, गणेश प्रसाद, कुंजन, निर्मला, रामकिशोर, सोमई, रामकुमार यादव, सोनमती, पुष्पा मिश्रा, भारत, रामलगन आदि ने पीएम मोदी को धन्यबाद ज्ञापित किया। नोडल अधिकारी के रूप में जेई एम आई टीकम सिंह ने सिंचाई, सचिव रामस्वरूप ने ग्राम पंचायत में विकास एवं मनरेगा आदि से सम्बंधित एवं मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वास्थ्य विभाग के डॉ राम बेलास ने आयुष्मान कार्ड, मातृत्ववंदन योजना आदि ने अपने अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में समाज कल्याण, स्थानीय लेखपाल, कृषि विभाग के जिम्मेदार नदारद दिखे। अधिकारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को विकसित राष्ट्र व पीएम के संकल्प को साकार करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम का संचालन सचिव राम स्वरुप गुप्ता ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान बीरेंद्र चौधरी, नीलू देवी, कलावती देवी, प्रमिला चौधरी, मंजू चौधरी, डॉ अर्चना, पुनीत कुमार रंजन, लक्ष्मी पाण्डेय, रंजीत, उत्कर्ष पाण्डेय, सुनीता, सुनील कुमार, सुमित सिंह, उत्कर्ष पाण्डेय, राम औतार विश्वकर्मा, राधेश्याम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं का भी शीघ्र निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। एसपी डॉ. ईराज राजा ने बुधवार की रात कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम कोतवाली में साफ सफाई व्यवस्था को देखा जिससे वह संतुष्ट दिखे। इसके उपरांत कार्यालय में अपराध रजिस्टर, ग्राम, महिला व बाल अपराध रजिस्टर देखे, इनमें दर्ज मामले व उसमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया। कोतवाली के लंबित 55 विवेचनाओं को लेकर कहा कि गुण दोष के आधार पर शीघ्र इनका निस्तारण करें। कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मैस आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अपराध व अपराधियों को लेकर चर्चा की। अभी हाल ही में किए गए जिला बदर अपराधियों की भी जानकारी ली।

# समूह का लोन व गरीबी ने ले ली महिला की जान

## कर्ज चुकाने के दबाव और बदसुलूकी से अजिज आकर खाया जहर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव की एक महिला ने समूह के कर्मचारियों से तंग आकर खौफनाक कदम उठाया। आवास बनवाने के लिए महिला समूह से लोन ली थी। लोन न चूका पाने को लेकर गांव मे समूह के माध्यम से लोन बाटने वाले कर्मचारी बकाया जमा करनें के लिए दबाव बना रहे थे। जिससे आजीज आकर महिला ने सलफास नाम का जहर खा लिया। जिसे आनन फानन के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का जिला अस्पताल में रो-रोकर हुआ बुरा हाल मृतिका के दो मासूम बच्चे अनाथ हो गए। जानकारी के मुताबिक आवास बनवाने के लिए समूह से कर्ज लेने वाली एक महिला ने



बार-बार परेशान किए जाने से परेशान होकर सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत नियंत्रण से बाहर देख डॉक्टर ने स्वशासी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के पास पैसे न होने पर उसे चंदा जुटाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने देर रात दम तोड़ दिया। महिला ससुराल में परेशान हो जाने पर डरकर मायके आई थी, लेकिन यहां भी समूह के कर्मचारियों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। सेवरही थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव की निवासी आरती देवी नाम की 30 वर्षीय इस महिला ने घर बनवाने के लिए समूह से कर्ज लिया था। कर्ज चुकाने में देरी होने पर उसे बार-बार परेशान किया जा रहा था। इससे परेशान होकर महिला सेवरही थाना क्षेत्र के ही राजपुर भरवलिया स्थित अपने मायके चली गई थी। वहां भी समूह के कर्मचारी पहुंचकर उससे अभद्रता कर रहे थे और रुपये वापस करने का दबाव बना रहे थे। इससे आजिज महिला ने बृहस्पतिवार की देर शाम सल्फास खा लिया था। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन देर रात जिला अस्पताल ले आए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा था कि महिला लोन चुका पाने में असमर्थ थी। महिला के परिजनों का जिला अस्पताल में रो-रोकर हुआ बुरा हाल है। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कप्तानगंज पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय पुलिस शुक्रवार को लग-अलग मुकदमें में चोरी की एक चार पहिया वाहन व एक मोटर साइकिल बरामद करते हुए तीन चोरों को असलहा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों वाहनों की कीमत तेरह लाख बताई जा रही है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा गामा सिंह पुत्र विशुनदेव सिंह निवासी पचार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की चार पहिया अर्टिगा कार बरामद की। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों चन्दन यादव उर्फ जनसेवा पुत्र स्व0 शंकर यादव व दयानन्द यादव पुत्र रामदरश यादव निवासीगण सोहनी थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक पल्सर बिना नम्बर की व एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक अवैध चाकू की बरामदगी करने में सफलता प्राप्त की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार, रविकान्त कुमार, उदय राज यादव, रणजीत सिंह बघेल, बादल सिंह, चंचल यादव, लालजीत यादव, रमाकान्त गौतम व सत्यप्रकाश यादव शामिल रहे।

## बच्चों ने समझी गणित की बारीकियां

**कानपुर।** डॉ चिरंजी लाल राष्टीय इंटर कालेज किदवई नगर में सेनिमार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पटना के डॉक्टर अमित वर्मा रहे। इस मौके पर विद्यालय के उप प्रबंधक सियाराम पाल ने बिहार पटना से आए मुख्य अतिथि का स्वागत एवं शाल ओढ़ाकर किया। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डॉ वर्मा ने विद्यार्थियों के बीच प्रचीन एवं वैदिन गणित के विषय पर पूर्ण संख्याओं के वर्ग एवं घनों में जोड़ने का रोचक ढंग विद्यार्थियों को बोर्ड में पढाते हुए समझाया। वैदिक गणित के रोचक गुणा वर्ग व घन की प्रस्तुति छात्रों को अत्यंत रोचक लगी। उन्होने बिजी हल भी बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जिससे कि विद्यालय के प्रांगण में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्रबंधक सियाराम पाल कैलाश पाल भजनलाल पाल, डॉ प्रकाश मिश्रा, तेज बहादुर पाल डॉ हेमंत पाल, संजय कुमार, आलोक साहू आदि थे।

# परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** आरटीओ विभाग (संभागीय परिवहन विभाग) कानपुर नगर द्वारा सरकार के निर्देशानुसार विकास नगर रोडवेज कार्यालय में सडक सुरक्षा पखवाडे का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कल्याणुर विधायक नीलिमा कटियार, आरटीओ प्रतर्वन विदिशा सिंह, आरटीओ राजेश सिंह तथा रोडवेज के आरएम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के नियमो के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सड़क पर सुरक्षित चलने की अपील की गई। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सडक सुरक्षा पखवाडा आयोजित करने के निर्देशानुसार सडक सुरक्षा पखवाडे को आयोजित किया गया। पखवाडे में ट्रक, बस चालको के साथ निजी वाहन चालको ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर आरटीओ प्रवतर्न विदिशा सिंह ने



उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा पखवाडा दिनांक 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर , 2023 तक चलाया जाएगा। इस पखवाडे का उददेश्य है कि सडक दुर्घटनाओ में मरने वाले और घायल होने वाले का प्रतिशत 50 तक लाया जाए जो कि अभी है ,लेकिन काफी हद तक विभागीय स्तर पर दुर्घटनाओ को नियंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पखवाडे में सभी विभागो के समन्वय से सभी बिन्दुओ पर कार्य करेगा जिसमें शिक्षा , स्वास्थ्य, पीडब्लूडी, नगर निगम समेत कई विभाग अपनी सहभागितार करेगें जिससे दुर्घटनाओ को रोका जा सकेगा। ओवर स्पीड के बारे में उन्होंने कहा है कि रडार को लगाया गया है जो कि वाहन की अति ज्यादा स्पीड को सेंस कर उसका चालान किया जाएगा। इसी क्रम में आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह ने उपस्थित सभी लोगो का स्वागत किया और सडक सुरक्षा पखवाडे का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन बहुत ही बहूमूल्य है और सडक पर चलने वाले सभी लोग सावधनियां बरते ताकि सभी लोग अपने घरो को सुरक्षित पहुंचे सके क्यों कि आपके पीछे आपका परिवार इंतजार कर रहा होता है।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। भारतीय किसान संघ की एक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता कानपुर प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमें किसानों ने खाद की अधिक दामों पर बिक्री, अन्ना जानवरों की समस्या व सिंचाई के लिए पानी के मुद्दे उठाए। इस समस्याओं के निराकरण के लिए पदाधिकारियों समेत किसानों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार गौरव कुमार को सौंपकर बताया कि प्राइवेट खाद विक्रेता सरकार द्वारा खाद के लिए घोषित किए गए मूल्य से अधिक दामों पर खाद की बिक्री कर रहे हैं। न तो स्टॉक बोर्ड पर रेट अंकित रहते हैं और न ही स्टॉक की कोई सूचना चस्पा होती है। खाद क्रय करने की रसीद भी नहीं दी जाती है। जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने मामले की जांच कराकर रेट सूची और स्टॉक बोर्ड पर चस्पा कराने की मांग की है। बताया कि गांवों में अन्ना जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक हानि पहुंच रही है। इसके लिए गोशालाओं में व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जाएं और अन्ना जानवरों को गोशालाओं में पहुंचाया जाए। गोशाला में बंद जानवरों का हुलिया भी अंकित किया जाए ताकि फर्जीवाड़ा न हो सके।

## वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री भारतरत्न बल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि पर मूलगंज चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी मे शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने सरदार पटेल को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महानायक एवं विलक्षण प्रतिभा का युगपुरुष बताते हुए कहा कि एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे अपने कष्टमय् पारिवारिक परिवेश के रहते हुए भी कठिन परिश्रम से एक सफल विधिवेत्ता होने के बावजूद वकालत छोड़कर गुजरात के किसानो की दयनीय दशा के जिम्मेदार क्रूर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जुझारु लडाई लडकर अंग्रेजो की चूलें ही नही हिला दी थी कठिन व गुरुतरु कार्य के लिए सरदार पटेल की श्रेष्ठतम सूझ-बूझ व राजनैतिक पटुता से देश की एकता व अखण्डता के लिए बेमिशाल उपलब्धि के लिए देश सदैव उन्हे याद रखेगा।

# आयुक्त ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मण्डलायुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त अंकिता शर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) विदिशा सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजेश सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारियों द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठके आयोजित करने, कार्यो को संबंधित विभागों द्वारा गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता से समयबद्ध उसका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।जनपद में आयोजित होने वाली बैठकों में मण्डलीय बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा कर उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया



जाए।एनएचएआई द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग का पूरा विवरण यातायात पुलिस को उपलब्ध कराया जाए।वाहन चालक जो बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निलम्बन के साथ निरस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।जिन स्कूलों के वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है और उनके द्वारा फिटनेस नहीं कराया गया है उनकी समीक्षा कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।ठंड में होने वाली दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु जनपदों में बैठक कर चर्चा कर ली जाए तथा उसके बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। आगामी मण्डलीय सड़क सुरक्षा की आयोजित होने वाली बैठक में संबंधित विभागों द्वारा ब्लैक स्पॉट पर क्या सुधारात्मक कार्यवाही की गयी है उसकी अनुपालन आख्या के साथ फोटोग्राफ भी उपलब्ध करायी जाएं। आरएम रोडवेज द्वारा परिवहन निगम के वाहन चालकों द्वारा यदि यातायात के नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसकी समीक्षा कर वाहन चालकों से प्रतिमाह चालान की राशि जमा करायी जाये। वाहन चालक द्वारा अधिक बार यातायात के नियम का उल्लंघन किया गया है उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

# सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया

**लोगों को किया गया जागरूक, सड़क दुर्घटना में आई है कमी**

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जनपद में वर्ष 2023 में 343 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई, जिनमें 170 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 234 घायल हुए हैं वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में एक जनवरी से 30 अक्टूबर तक दुर्घटनाओं की संख्या में 2.00 प्रतिशत की कमी हुई है, मृतकों की संख्या में 9.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा घायलों की संख्या में 1.00 प्रतिशत की कमी हुई है।

सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी आई है। मुख्य सचिव 15 से 31 दिसंबर 2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग (एनएचएआई सहित) के समन्वय से मनाया जाए। पखवाड़े के प्रत्येक दिवस में समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेल्मेट / सीटबेल्ट लगाये आने वाले कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाए कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाए, पुनरावृत्ति की स्थिति में हेल्मेट / सीटबेल्ट लगाये कार्मिकों का कार्यालय में प्रवेश निषिद्ध करते हुये उन्हे अनुपस्थित माना जाये। समस्त सरकारी / अनुबन्धित /प्राइवेट वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य रूप से लगे हों। परिवहन विभाग द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग व ड्रंकन ड्राइविंग के विरूद्ध जागरूकता व चेकिंग, बसों, ऑटो, टैम्पों, टैक्सी चालकों का प्रशिक्षण व जागरूक किया जाना। स्कूली वाहनों के फिटनेस की जाँच। हेलमेट, सीटबेल्ट व ओवरस्पीडिंग के विरूद्ध चेकिंग अभियान व जागरूक किया जाए बिना प्रदूषण प्रमाण-पत्र के चलने वाले वाहनों की चेकिंग की जाए।

## बाइक सवार तीन विद्यार्थियों की हादसे में हुई मौत

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर गौरा बेलहा मार्ग पर ग्राम मिर्जापुर के पास एक मोटरसाइकिल और ट्रक के बीच दुर्घटनाओं में मोटरसाइकिल चालक समेत तीन लोगों के दुर्घटना में मारे जाने का समाचार है घटना के समय मोटरसाइकिल चालक व साथ बैठे एक लड़का और एक लड़की जो सभी एक ही गांव के बताया जा रहे हैं। सुबह परीक्षा देने एम एल के पीजी कॉलेज में परीक्षा देने जा रहे थे तभी मिर्जापुर के पास ट्रक से दुर्घटना हो गयी घटना की तहरीर शांय तक पुलिस थाने को नहीं दी गयी सभी तीनों गंभीर रूप से घायलों को चिकित्साहित मेमोरियल भेजा गया था।

## बस पलटने से दो की मौत, एक दर्जन घायल

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के तुलसीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम लवकाहवा के पास पुल पर पहुंचते ही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई जिसमें कुल 37 यात्री सवार थे हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ बस में सवारी यात्रियों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक की मौके पर मृत्यु हो गई तथा दूसरा चिकित्सालय पहुंचते ही दम तोड़ दिया तथा दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये बताते चलें प्रातः 6 बजे बलरामपुर - तुलसीपुर सड़क मार्ग के बीच



लौकहवा में सरकारी बस दुर्घटना में जिला प्रशासन द्वारा क्विक रिस्पांस करते हुए राहत कार्य प्रारंभ किया गया एवं घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा जिला मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल-चाल लिया गया तथा सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटना में 02 व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। दुर्घटना स्थल पर डीएम एवं एसपी द्वारा पहुंचकर बस दुर्घटना के कारणों का पता किया गया।

## प्रत्येक कर्मचारी को स्वच्छता के लिए होना पड़ेगा सजग



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** आयुध निर्माणी कानपुर एवं अरमापुर स्टेट में 1 दिसंबर से प्रारंभ हुआ स्वच्छता अभियान शुक्रवार को स्वच्छता के प्रति सजग रहने वाले निबंध लेखन के विजेता कर्मचारियों आयुष श्रीवास्तव, वर्षिता मिश्रा, पंकज कुमार को पुरस्कृत किया गया। आयुध निर्माणी के कार्यकारी निर्देशक अजय सिंह के नेतृत्व तथा देखरेख में आयुध निर्माणी एवं अरमापुर स्टेट में विशेष मुहिम चलाकर स्वच्छता जागरुकता रैली, वृक्षारोपण, कीट नाशक दवाइयां का छिड़काव तथा साफ सफाई एवं स्क्रैप डिस्पोजल जैसे कार्य प्रमुखता के साथ संपन्न कराए गए। कार्यक्रम समापन के अवसर पर आयुध निर्माणी के मुख्य अतिथि अजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी कर्मचारी अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे होने वाले संक्रमण से बचा जा सके। यह एक व्यक्ति का काम नहीं बल्कि सारे कर्मचारी को सफाई के प्रति सजग रहना होगा। तभी हमारा राष्ट्र स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ भारत मुहिम के संकल्प पर आगे बढ़ सकेगा।

## पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैन 60 हजार लेकर फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाडा के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैन ने ब्रिकी का 60 हजार रुपया लेकर फरार हो गया है। पेट्रोल पंप मालिक के भाई ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराया था। आदेश पर पुलिस ने आरोपी सेल्समैन के खिलाफ रुपया हड़पने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाडा निवासी शत्रुजीत सिंह पुत्र सुनील कुमार सिंह जिनका बाधागाड़ा फोरलेन के किनारे पेट्रोल पंप है। जिसका मालिक इनके भाई सत्यजीत सिंह है। यह पेट्रोल पंप की देखभाल करते है। यहां पर रिगौली बाजार भैसला थाना कंमपियरगंज निवासी एक युवक सेल्समैन का कार्य करता था। और नौसढ चौराहे के पास परिजन के साथ किराए के मकान में रहता था। 11 नवंबर को अपराह्न 1.30 बजे खाना खाने के बहाने पेट्रोल पंप से निकला था। और 60 हजार रुपया लेकर फरार हो गया।

# कोर्टयार्ड बाय मैरियट गोरखपुर ने खोले दरवाजे, मेहमानों का स्वागत किया

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मैरियट बॉनवॉय के 31 असाधारण ब्रांडों वाले पोर्टफोलियो के अंग, कोर्टयार्ड बाय मैरियट ने भारत के सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक के अंदर, अपने ब्रांड की शुरुआत का जश्न मनाते हुए, कोर्टयार्ड बाय मैरियट गोरखपुर के उद्घाटन का ऐलान किया है।

यात्रियों की जरूरतों को हर जगह बेहतर ढंग से पूरा करने के ब्रांड मिशन पर खरा उतरने वाला कोर्टयार्ड बाय मैरियट गोरखपुर, एक दुनियादार किंतु ऐसा आरामदायक माहौल उपलब्ध कराने के लिए तैयार है, जो मेहमानों को शक्ति देता है, फिर चाहे वे कारोबार या आनंद के लिए यात्रा कर रहे हों। गोरखपुर के सिटी सेंटर में बसे और महायोगी गोरखनाथ एयरपोर्ट से मात्र 30 मिनट की ड्राइव पर सुविधाजनक रूप से स्थित, 97 कमरों वाला यह होटल, गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन और गोरखपुर बस स्टैंड के साथ अच्छी तरह जुड़ा हुआ है, जहां से शांत व



निर्मल पृष्ठभूमि के रूप में रामगढ़ ताल झील का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाला गोरखपुर, मेहमानों को अपने ऐतिहासिक व प्रतिष्ठित स्थलों की विशाल सूची खोजने के लिए आमंत्रित करता है। मेहमान लोग पूजनीय गोरखनाथ मंदिर में पुष्पांजलि अर्पित कर सकते हैं, गीता प्रेस की गहन-गंभीर शिक्षाओं का अन्वेषण सकते हैं, तथा यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल एवं भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी की यात्रा कर सकते हैं। कोर्टयार्ड बाय मैरियट गोरखपुर में ठहरना, इस जीवंत शहर के विविधतापूर्ण और समृद्ध अनुभवों के दम पर आपके सफर को यादगार बनाने का वादा करता है। मैरियट इंटरनेशनल के एरिया वाइस प्रेसिडेंट (दक्षिण एशिया) रंजू एलेक्स ने बताया, ऐतिहासिक शहर गोरखपुर में कोर्टयार्ड बाय मैरियट की बेहतरीन मेहमाननवाजी और विश्वस्तरीय सुख-सुविधाओं को पेश करके हम बेहद खुश हैं। गोरखपुर भारत के उन चंद शहरों में शामिल है, जो अपनी स्थानीय जीवनशैली और दिलकश प्राचीन वास्तुकला के माध्यम से गुजरे जमाने का जादू बरकरार रखते हैं। कोर्टयार्ड बाय मैरियट गोरखपुर का लॉन्च होने के साथ, उत्तर प्रदेश में मैरियट इंटरनेशनल की पांचवीं होटल खुल गई है, जो भारत के टियर-दो वाले प्रमुख बाजारों में विस्तार और विकास करने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** पूर्व मंत्री, सदस्य विधान सभा भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी के बंधन में बंधे 434 नव-दंपतियों को सफल, सुखमय जीवन का आशीर्वाद देते हुए कहा कि केंद्र-प्रदेश की डबल इंजन की सरकार गरीबों को योजना का लाभ पहुंचाकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है, गरीबों की खुशहाली के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर घर की महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने का कार्य किया, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना लागू कर गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों में रू. 05 लाख के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई, देश में कोई गरीब भूखा न रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रतिमाह



निःशुल्क राशन उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था देश में उस समय की गई जब पूरा विश्व कोरोना महामारी का दंश झेल रहा था, देश में भी लॉकडाउन के कारण लोगों के सामने खाद्यान्न का संकट था, तभी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लागू की, कोरोना-काल से लेकर योजना के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया कराया जा रहा है, देश के प्रधानमंत्री ने अगले 05 साल तक इस योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने का निर्णय भी लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 में सत्ता संभालने के बाद प्रदेश के मुखिया ने गरीब, निर्धन परिवार की विवाह योग्य बेटियों की शादी सरकारी खर्चे से कराने का निर्णय लेकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की, इस योजना के तहत गरीब परिवार की बेटी की शादी पर रू. 51 हजार व्यय किये जा रहे हैं, इस योजना के लागू होने के फलस्वरुप गरीब परिवार को बेटियों की शादी के बोझ से मुक्ति मिली, अब प्रदेश की गरीब बेटी की शादी भव्य समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शा-ओ-शौकत से हो रही है, गरीब परिवार के साथ-साथ बेटियां भी इस अनूठी योजना का लाभ पाकर प्रफुल्लित हैं।

# राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका मुंहपका टीकाकरण तृतीय चरण पूरे जनपद में एक साथ प्रारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत एफएमडी फूट एण्ड माउथ डिजीज टीकाकरण के तृतीय चरण का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता



द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट एवं बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका मुंहपका टीकाकरण तृतीय चरण आज से पूरे जनपद में एक साथ प्रारंभ किया गया। अभियान की अवधि 40 दिन की होगी। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के टीकाकरण अभियान में 4 माह से अधिक उम्र के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं तथा सात माह तक की गर्भित मादा पशु का बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा। फूट एण्ड माउथ डिजीज क्लोवन फूटेड (दो खुर वाले) जानवरो की पिकोर्ना विषाणु के संक्रमण से होने वाली एक विषाणु जनित संक्रामक बीमारी है जो एक स्वस्थ पशु के दूसरे संक्रमित पशु के संपर्क में आने से होती है। इस बीमारी से प्रभावित पशु चारा खाना बंद कर देता है, पशु को 104-106 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार हो जाता है दूध देना कम कर देता है। पशु के मुँह में छाले पड़ जाते है, खुरों के बीच में छाले पड़ने से घाव हो जाता है जिससे पशु पैरो से लगड़ा हो जाता है। स्वस्थ पशु द्वारा विषाणु से संक्रमित पानी पीने, चारा खाने एवं संक्रमित पशु के आस-पास रहने से यह बीमारी स्वस्थ पशु को हो जाती है। इस बीमारी से मुख्यतः गाय एवं भैंस प्रभावित होती हैं। शंकर कर नस्ल के पशु इस बीमारी से देशी पशुओं की अपेक्षा ज्यादा प्रभावित होते हैं। पशु को पूरी तरह स्वस्थ होने में 21 से 28 दिन तक का समय लग जाता है। यह एक विषाणु जनित बीमारी है। इसका कोई विशिष्ट इलाज नही है। लक्षण के आधार पर इलाज किया जाता है। टीकाकरण बचाव का एकमात्र उपाय है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को टीकाकरण अभियान के सकुशल संचालन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जनपद के पशुपालकों से अपील किया है कि अपने-अपने पशुओं का समय से टीकाकरण अवश्य कराएं जिससे पशुओं को खुरपका, मुंहपका आदि जैसी गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। टीकाकरण वाहन के फ्लैग ऑफ के समय डॉ. जगदीश सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं जनपद के पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**पूरा बाजार- अयोध्या।** स्थानीय बाजार में हिमांशु विक्रम सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचिंग एंड ट्रेनिंग पूरा बाजार में बीएड विभाग के 2022 बैच के 99



छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन समारोह पूर्वक वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर व हिमांशु विक्रम सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्रेनिंग एंड टीचिंग महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ एम पी सिंह ने कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग ज्ञान वृद्धि के लिए करें एंव कहा कि स्मार्टफोन जीवन के प्रत्येक गतिविधियों के लिए आवश्यक हो गया है छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्मार्टफोन दिए जाने के लिए सरकार का आभार जताते हुए कहा की इससे बच्चे ज्ञान वृद्धि करके अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे । महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में कोमल तिवारी अभिषेक सिंह आकाश सिंह अर्जुन यादव वंदना पाठक सुषमा कनौजिया चंद्रा गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए स्मार्टफोन धनाभाव के कारण खरीदना कठिन था अब हम इसका उपयोग पढ़ाई में करके आगे बढ़ेंगे महाविद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं में बृजेश वर्मा संतोष भारद्वाज श्री प्रकाश तिवारी सचिन कुमार व महिमा सिंह ने स्मार्टफोन वितरण में मुख्य अतिथि का सहयोग किया।

# बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में दी गई पनाह

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर -अयोध्या।** विकासखंड बीकापुर में इन दिनों आवारा पशुओं की धर पकड़ का काम तेज हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत पातुपूर में युद्ध स्तर पर विकासखंड प्रशासन की पहल में करीब दर्जन भर आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित किया गया। खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि किसी भी दशा में आवारा पशुओं के कारण किसान की फसल बर्बाद होने से बचने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं। आवारा पशुओं की धर पकड़ के लिए विकास खंड परिसर में उपस्थित सभी संसाधनों को लगा दिया गया है।

उन्होंने दावा किया कि सप्ताह भर से चल रहे अभियान के दौरान करीब 200 बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में पनाह दी गई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे व प्रधान प्रतिनिधि मुकुल




आनंद द्वारा ब्लॉक प्रशासन द्वारा क्षेत्र पंचायत संघ की मांग पर चलाएं जा रहे अभियान पर संतोष व्यक्त करते हुए क्षेत्र वासियों से अपील की है कि वह भी अपने स्तर से बेसहारा पशुओं को संरक्षण दें।

# तकनीकी संस्थान के 11 विद्यार्थियों का चयन इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तकनीकी संस्थान के 11 विद्यार्थियों का इंजीनियर टेऊनी के पद पर प्लेसमेंट हुआ। विश्वविद्यालय में इनवायटेबल ग्रुप बंगलुरू द्वारा द्वारा प्लसमेंट ड्राइव तीन चरणों की गई। इसमें इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साइंस, इन्फारमेशन के अंतिम सेमेस्टर के 92 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया गया। प्रथम चरण में 60 का चयन किया गया। इसके उपरांत द्वितीय चरण में 30 विद्यार्थियों को चयनित किया गया। अंतिम चरण साक्षात्कार के बाद 11 विद्यार्थियों को चयन इंजीनियर ट्रेनी के पद किया गया।विद्यार्थियों की इस सफलता पर कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विकास पांडेय, पीयूष गुप्ता, आयुष शर्मा, आयुष अग्रवाल, पावनी रस्तोगी, युवराज सिंह, शिक्षा श्रीवास्तव, शशांक, प्रणीत कुशवाहा, शिवांशीश, कौशिक को नियुक्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।



रसूले खुदा (स.अ.) की इकलौती बेटी का मातम हुसैनिया अमानत अली आलमपुर बाराबंकी में अय्याम ए अज़ा ए फातमिया ह्यद्रु का सिलसिला जारी है इस सिलसिले की शब की पहली मजलिस ठीक 8 बजे शब में मुनक्कैद हुई इस मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मुराद रज़ा रिज़्वी पटना बिहार।

# 10 जनवरी को अयोध्या में छतरी यात्रा निकाल हनुमान गढ़ी को समर्पित करेगी हिन्दू महासभा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा पांडुचेरी प्रदेश द्वारा 10 जनवरी को अयोध्या में छतरी यात्रा निकालेगी और हनुमानगढ़ी में अयोध्या के राजा भगवान हनुमान को समर्पित करेगी । छतरी यात्रा का नेतृत्व हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी करेंगे । कार्यक्रम में विभिन्न राष्ट्रीय पदाधिकारियों और धर्माचार्यों के शामिल होने की संभावना है । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बयान जारी कर पत्रकारों को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि हिन्दू महासभा की छतरी यात्रा के माध्यम से देशवासियों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का स्वप्न साकार होने पर अयोध्या के राजा भगवान हनुमान के प्रति आभार प्रकट करना है । इसके अतिरिक्त भारत को हिन्दू राष्ट्र और राम चरित्र मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने , काशी और मथुरा सहित मुगल शासन में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों और जेहादी प्रतीकों से समस्त मंदिरों को मुक्त करवाकर मंदिरों का पुनर्निर्माण , गाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करवाने , मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और वक्फ बोर्ड को समाप्त करने तथा संविधान से इंडिया शब्द हटाकर भारत करने से संबंधित विषयों पर भी देशवासियों का ध्यान आकृष्ट कर उन्हे हिन्दू महासभा के इस अभियान से जोड़ा जाएगा ।हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र के अनुसार अयोध्या में आयोजित हो रही छतरी यात्रा का शुभारंभ 6 जनवरी से पंडुचेरी में आरंभ हो जाएगा । मुथियालपेट के थेंकलाई श्रीनिवास पेरूमल मंदिर में प्रातः 4 बजे से पांडुचेरी अध्यक्ष राजा थंडापानी और प्रदेश महामंत्री मुथु कृष्णन के नेतृत्व में भजन के साथ कार्यक्रम का आरंभ होगा । भजन कार्यक्रम के बाद हिन्दू महासभा के दोनो पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और भक्तों द्वारा सड़कों पर शोभायात्रा निकालकर प्रदेश की जनता से हिन्दू और हिंदुत्व की रक्षार्थ हिन्दू महासभा से जुड़ने और छतरी यात्रा में शामिल होकर अयोध्या पहुंचने का आह्वान किया जाएगा । 8 जनवरी को पुदुवई के नवनिता कृष्ण मंदिर में महादीप नामक धार्मिक आयोजन के समापन के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजा थंडापनी के नेतृत्व में कार्यकर्ता अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे । 10 जनवरी को अयोध्या में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में बिड़ला मंदिर से हनुमान गढ़ी तक छतरी यात्रा निकाली जाएगी और भगवान हनुमान को छतरी हनुमानगढ़ी के गद्दीनशी महंत प्रेमदास को समर्पित की जाएगी। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र के अनुसार हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अयोध्या के धर्माचार्य स्वामी करपात्री जी महाराज , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय , राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल , राष्ट्रीय संगठन मंत्री यतेंद्र शर्मा , मंत्री कुंवर भगवान सिंह भाटी , राष्ट्रीय प्रचार मंत्री उपेंद्र पाल सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता और धनंजय पांडे , उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा सहित अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों के 10 जनवरी को अयोध्या पहुंचने की संभावना है । छतरी यात्रा में शामिल होने के लिए विभिन्न महामंडलेश्वर और धर्माचार्यों को भी आमंत्रित किया जा रहा है । आमंत्रित धर्माचार्यों के नाम अगले सप्ताह घोषित किए जायेंगे ।

# मैथिली ठाकुर के भजनों ने जीत लिया दिल, भक्ति भाव से गूंजा महादेवा

**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव की गुरुवार की शाम मशहूर भोजपुरी भजन गायिका मैथिली ठाकुर के नाम रही। यहां बने सांस्कृतिक पंडाल में उपस्थित श्रोता मैथिली के भजनों को सुनकर जमकर थिरके। एक के बाद एक भजन को प्रस्तुत कर मैथिली ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद प्रत्येक



श्रोता का दिल जीत लिया। सर्वप्रथम उन्होंने लोधेश्वर महादेव मंदिर की गर्भ ग्रह पहुंचकर शिवलिंग की विधवत पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। लोक गायिका मैथिली ठाकुर का कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व श्रोताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भजन गायिका मैथिली ठाकुर ने शंकर तेरी जाता में बहती है गंग धारा, आज मिथिला नगरिया निहाल सहित अन्य भोजपुरी भजनों को गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्रोता भी मैथिली को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक उपस्थित रहे। इस मौके पर खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, निवर्तमान विधायक रामनगर शरद अवस्थी, तहसीलदार सीमा भारती ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी सहित भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# मौसा बनकर युवक से ठगे 60 हजार, आवाज ऐसी की जरा भी नही हुआ शक

*अवधनामा संवाददाता*

**देवा बाराबंकी।** ऑनलाइन ठगी का ऐसा मामला जिसमें एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का रोल होने की आशंका है। एक ठग ने मौसा बनकर एक युवक के खाते से 60 हजार उड़ा दिए। पीड़ित की कथित मौसा से कई बार बात हुई पर आवाज पर जरा भी शक नही हुआ और युवक ठगी का शिकार हो गया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार अमन कन्नौजिया पुत्र संतोष निवासी ग्राम तिन्दोला थाना कोतवाली देवा ने बताया कि उसके मोबाइल पर आज 12 सितंबर को अज्ञात शख्स ने मोबाइल से उसे काल किया। बताया कि हम मौसा बोल रहे है। उसकी हु बहु आवाज मौसा जैसी प्रतीत हुई। बताया कि अर्जेंट पैसा हस्पिटल में भेजने है तुम 20 हजार फोन पे कर दो, तुम्हारे एकाउंट में पैसे भेजवाता हूँ। कुछ देर बाद उसके फोन में बीस इजार रूपये का मैसेज आया। उसने गूगल पे के माध्यम से 20 हजार रुपए बताए नम्बर पर भेज दिये। अज्ञात शख्स द्वारा पुनः उसके एकाउंट में मैसेज भेजा तो समझ गया कि पुनः एकाउंट में पैसा भेजा है। अज्ञात शख्स ने कहा कि पैसे एकाउट में भेज दिया है। दुसरे नम्बर पर बक्षु से कर दो इस पर पुनः जब धनराशि पेमेंट करने के लिए प्रोसेज किया तो बैलेंस कम बताने लगा। अपना एकाउंट चेक किया तो केवल 20 हजार मिले। उसने अज्ञात शख्स के मोबाइल नम्बर पर काल कर बताया कि मौसा जी अभी एकाउंट में कोई धनराशि नहीं आयी है। इस पर अज्ञात शख्स ने दुसरे शख्स से बात कराई, उसने बताया कि एक लिंक भेज रहा हूँ उस पर सेव के बाद पे के आप्शन पर क्लिक करना। इस बीच खाते में केवल 20 हजार बचा था वह भी कट गया, इसकी शिकायत की तो उसने बताया कि आपको एकाउंट मेन्टेन कराना पड़ेगा जिस पर 10-10 हजार रूपये दो बार में डलवाए और वहीं प्रोसेज किया। यह धनराशि भी खाते से गायब हो गई।

# 110 ग्राम मारफीन समेत शातिर गिरफ्तार

**कोठी।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 110 ग्राम मार्फीन बरामद की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोठी थाना क्षेत्र एसएसआई गश्त पर गए थे। इस दौरान भानमऊ गंगागंज मार्ग स्थित सदरपुर चौराहे पर उन्होंने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। युवक ने अपना नाम ननकू पुत्र श्रीकेशन निवासी धौरहराघाट बताया। तलाशी में 110 ग्राम मार्फीन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने इसकी बिक्री करने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से तस्कर को जेल भेजा गया है। इंस्पेक्टर कोठी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक शातिर अपराधी है। उसके ऊपर कई थानों में मुकदमें दर्ज हैं। जिनका ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है।

# पत्रकार एकता संघ के तहसील अध्यक्ष बने सतीश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** पत्रकारों के हित संरक्षण एवं उनके मान सम्मान के लिए संघर्षरत संगठन पत्रकार एकता संघ के संस्थापक जुनेद सानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह, राष्ट्रीय सचिव डीपी गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष मयंक सैनी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा व जिलाध्यक्ष शिव शंकर ने सिरौली गौसपुर तहसील का अध्यक्ष सतीश शर्मा को नियुक्त किया है। पत्रकार एकता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा मिली जिम्मेदारी के बाद सतीश शर्मा ने कहा कि फर्जी तरीके से पत्रकारों को झूठे मुकदमे अभद्रता उत्पीड़न आदि की रोकथाम तथा पत्रकारों की सुरक्षा आदि को लेकर सदैव तत्पर्य रहूंगा। संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी से संगठन के हाथों को मजबूत करने का कार्य करूंगा। पत्रकार एकता संघ के तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ ही संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने दिखाई सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरुकता रैली को हरी झण्डी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत राज्य मंत्री अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा÷ जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। देवा तिराहा पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सीएन सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात/लाइन्स आलोक कुमार पाठक द्वारा सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। आमजन मानस को यातायात के नियमों/संकेतों के बारे मे जानकारी दी गयी एवं यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ ली गयी तत्पश्चात देवा तिराहा से सड़क



सुरक्षा जागरुकता हेतु निकाली जा रही रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली के माध्यम से शीत ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों/घायलों की संख्या में कमी लाये जाने के उद्देश्य से 5ई(एजुकेशन, इनफोर्समेन्ट, इन्जीनियरिंग, इमरजेन्सी केयर और इनवायरमेंट) पर फोकस कर आम जनमानस में यातायात/सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे/नींद की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बढ़ा भारत का सम्मानः साकेंद्र प्रताप



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुक्रवार को बेलहरा मंडल अंतर्गत गौरासैलक गांव पहुंचने पर पुष्प वर्षा करके ग्रामीणों ने वैन का जोरदार स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के भीतर देश में जो परिवर्तन आया है दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास योजनाओं के चलते ही संभव हो सका है। जातिगत जनगणना को लेकर मोर्चा बंदी करने वालों को आइना दिखाते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी जाति गरीबी है।इसी लिए प्रधानमंत्री मोदी सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे पहले गरीबों को समर्पित करने में जुटे हैं। देश प्रदेश की सुरक्षा, समृद्धि और तरक्की मोदी की गारंटी है। उन्होंने एक शिशु का अन्नप्रासन कराया तथा शीबा तौफीक की गोदभराई की रस्म पूरी की। विधायक ने पीएम आवास के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए।इसके पूर्व संकल्प यात्रा वैन पर लगी एलईडी के जरिए फिल्म दिखाकर मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों के स्टॉल का मुख्य अतिथि ने अवलोकन किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन अंशुमान मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई शील रत्न मिहिर रंगनाथ त्रिपाठी, करुणा शंकर शुक्ल, दिनेश चंद्र पांडेय, बाबा हेमंत दास, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, बीडीओ आलोक वर्मा मौजूद रहे।

# डीएम एसपी की उपस्थिति में हुई गोष्ठी, विभिन्न समस्याओं पर की गई चर्चा




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपद में व्यापारिक सुरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सम्बन्ध में हुई गोष्ठी में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। लोक सभागार कलेक्ट्रेट में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर निवेशकों की समस्याओं के निवारण हेतु जनपदीय व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2023 के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर निवेशकों की समस्याओं और उनके निवारण पर व्यापक चर्चा की गई। निवेशकों द्वारा जनपद स्तर पर निवेश सम्बन्धी कोई समस्या न होना बताया गया द्य व्यापारिक बन्धुओं से मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई तथा सभी व्यापारी संगठनों से यह अनुरोध किया गया कि प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी का कैमरा फोकस करें। बड़े मार्केट में स्थानीय चौकीदारों को भी लगाया जाए ताकि चोरी आदि की घटनाओं पर रोक लगे और तत्काल पुलिस को सूचना मिल सके। इसके साथ ही व्यापारी बन्धुओं को व्यापारिक गतिविधियों में इलेक्ट्रानिक लेन-देन में सावधानी बरतने, एवं दुकानों व घरों में कार्य करने वालों नौकरों के सत्यापन कराने के सम्बन्ध में भी प्रोत्साहित किया गया। मीटिंग में निवेशकों द्वारा लखनऊ शहर में नो एण्ट्री के समय लखनऊ अयोध्या हाइवे पर नहर के आस पास खड़े किए जाने वाले ट्रकों की वजह से लगातार जाम लगने का मुद्दा उठाया गया तथा सुझाव दिया गया कि नो इण्ट्री के समय उक्त ट्रकों को किसान पथ पर बेहटा रोड और सुलतानपुर रोड पर खड़ा कराया जाय जिससे यातायात सुगमता से चल सके। जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा लखनऊ के अधिकारियों से बात कर उक्त यातायात व्यवस्था सुगम कराने की बात कही गई।

# प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में लखिमा थरुआ से प्रचार वाहन को वर्ष 2023-24 में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत 15 से 31 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमे सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मा विधायक सदर जयमंगल



हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिवहन विभाग द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर किया गया। प्रभारी एआरटीओ नरेंद्र यादव ने बताया कि कन्नौजिया, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) नरेंद्र यादव, यात्रीकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## सुरक्षा में सेंध

संसद के सुरक्षा कवच को बेधते हुये संसद हमले की 22वीं बरसी पर दो व्यक्ति दर्शक दीर्घा से कूद कर केन से पीले रंग की गैस फैलाते हुये नारेबाजी करते इधर उधर भागने लगे। उसी समय संसद के बाहर एक युवक और एक महिला केन से पीला और लाल रंग का धूंआ फैलाते तानाशाही नही चलेगी नारे लगाते रहे। इस साजिश में छह लोग शमिल थे दो को संसद के अन्दर और दो को संसद के बाहर पकड़ लिये गया। पाचावा आरोपी गुरूग्राम से पकड़ा गया। छठे की तलाश जारी है। संसद भवन में कूदे आरोपियो को पकड़कर संसद में मौजूद सदस्यों ने पिटना शुरू कर दिया। शुक्र है उनके पास कोई खतरनाक हथियार नहीं था, उनका इरादा सिर्फ हड़कम्प मचाना था। लोकसभा में घुसने वाला सागर शर्मा लखनऊ का और मनेरंजन डी मैसूर का है। बाहर प्रदर्शन करने वाली नीलम हरियाणा की और आमोल शिन्दे लातूर का है। यह धटना शून्य काल के दौरान घटी। आरोपी सागर शर्मा का पास मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिंह की अनुशंसा पर बना था। आरोपी सिन्हा के यहां अक्सर आता जाता रहता था। इस पहचान का फायदा लेकर आसेवी ने पास बनवाया था।

घटना को लेकर स्पीकर ओम बिरला ने कहा आज जो घटना घटी वह हम सबके लिये चिन्ता का विषय है। यह गम्भीर घटना भी है। बिरलाने सांसद सुरक्षा कर्मियों मार्शलो और चेम्बर स्टाफको मुस्तैदी और निडरता से आरोपियों के पकड़ने के लिये बधाई दी। सदस्यों ने धटना की गहन जांच के लिये आग्रह किया। लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मन्त्रालय ने घटना की जांच के लिये सीआरपीएफ के महानिदेशक के निदेशक के नेतृत्व में कराने का आदेश दिया। जांच समिति में अन्य सुरक्षा एजेन्सियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल रहेगे। जांच सुरक्षा सेध की और कारणों की पहचान की जायेगी, और जांच की जायेगी।

सुरक्षा और सतर्कता को लेकर दर्शको के पास पर पाबन्दी फिलहाल लगा दी गयी है। यहां तक की संसदो के पीए को भी फिलहाल प्रवेश नही मिलेगा। स्पीकर ने उठाये जा रहे कदमों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। यह सुखद है कि विपक्ष सरकार पर आरोप लगाने के बजाय गहन जांच की मांग की। पर अब विपक्ष राजनीति पर उतर आया है। देश के सुरक्षा का दायित्व सभी नागिरकों की है। इसमें राजनीति की कोई गुन्जाइश नहीं है। सवाल उठता है आखिर आरोपियो की नारेबाजी से मन्शा क्या है। एक आरोपी के फोन में सरकार विरोधी बाते है। भगत सिंह को आदर्श माना है। उनकी कई बातें फोन पर दर्ज है। जो आरोपी पकड़े गये है सभी शिक्षित है। नौकरी न मिलने की कुन्ठा उनमें जरूर है। इनका परिवारिक बैक ग्राउन्ड सम्पन्न नहीं है। छोटे मोर्ट काम करके पेट भरने वाला परिवार है। सिर्फ महिला आरोपी की आर्थिक हालत ठीक मानी जा सकती है। उसे भी टीचर की नौकरी नमिल पाने की कुन्ठा है। इस समय विश्व का परिदृश्य कुछ जाय आतंकी हो उठा है। कनाडा में जिस आतंकी को लेकर भारत और कनाडा में तनाव चल रहा है जिसमें अमेरिकी भी कनाडा का पक्ष लेते दिख रहा है। उसी ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। पता लगाया जाना है कि इन अपराधियों का सम्बन्ध उस आतंकी दल से है की नहीं। भारत पर आतंकी हमले का खतरा कुछ ज्याद बढ़ता जा रहा है। पड़ोसी पाकिस्तान, तालिबान ये दो भारत पर आतंकी हमला करवाते रहते है। अब पाकिस्तान खुद अपने मुल्क में ही आतंक का शिकार हो रहा है।

आतंक या तोड़फोड़ की कार्यवाई से युवकों को बचाने के लिये रचनात्मक कार्यो को लगाना सबसे मुफीद कदम है सभी जानते और मानते है। युवको को दिमाग में घुसना होगा कि भगत सिंह वगैरह विदेशी हुकूमत के खिलाफ लड़ रहे थे, अपने जान की बाजी लगा रहे थे। उनकी जीवन सीख सिर्फ तोड़ फोड़ और बमबाजी नहीं है। वे देश प्रेम की भावना जगाने के लिये बलिदान दे रहे थे। अब तो देश आजाद है अपनी सरकार है। प्रजातन्त्र की सरकार में तानाशाही कहां है जिसके खिलाफ आरोपी नारे लगा रहे थे। इससे लगता है बाहरी एजेन्सियां उन्हें बरगला रही है। हमारा खूफिया तन्त्र संसद कान्ड में हुये। अपराध से अनभिज्ञ कैसे रहा। उनका तो काम ही गुप्त खड़यन्त्रों का पता लगाना। पता लगाना है इन आरोपियों के सूत्र का पता लगाना उनके लिये चुनौती है। अगर वे पता लगा सके सुरक्षा में चुक कैसे हुई, किसके इशारे पर हुई तो यह उनके बारे में बन रही धारणा में साफ कर देगा। नहीं तो लोग उनकी असफलता पर उन्हें कोसते रहेगे। उम्मीद है इस घटना से सबक ले सारी व्यवस्था दुरूस्त और चुस्त होगी। नये संसद भवन को लेकर सुरक्षा के बारे में कहना था कि इस पर किसी प्रकार का हमला असम्भव है। जिसे वे असम्भव मानते थे सम्भव हो गया। इस तरह की घटना दोबरा न दोहराई जा सकें। जिसके सभी सम्बन्धित को हमेश चौकस रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री यद्यिप खामोश है पर वे किसी गम्भीर निर्देश और व्यवस्था की तैयारी में होगे। मोदी सरकार अपनी स्थापित छवि के अनुसार संसद की सुरक्षा को लेकर कोई सराहनीय और चौकने वाला कदम उठा कर सबको चौका दे तो कई आश्चर्य नहीं होगा। क्योकि लोगो को विश्वास है कि मोदी है तो सब कुछ सम्भव है। कई बार साबित हो चुका है। देश की सुरक्षा तो हर नागरिक का दायित्व है। नौजवानों पर ज्यादा उम्मीद टिकती है। क्योकि इस उम्र में लोगो में भलाई करने की भावना बहुत प्रबल होती है। वे बलिदान देने को तैयार रहते है। आरोपियो को समझना होगा उनका काम क्रान्तिकारी नहीं आतंकवादी है। जब इसे लेकर राजनीति शुरू हो रही है। वह अफसोनाक है।

## भारत के विकास के नए सोपान

**संजीव ठाकुर**

मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी का कभी हिमायती नहीं रहा पर वर्तमान परिपेक्ष्य में जो विश्व में भारत की स्थिति बनी है उसे अनदेखा भी नहीं किया जा सकता है। भारत के प्रधानमंत्री एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार 76त्न के साथ लोकप्रियता के शिखर पर हैं। विश्व के बाहुबली देश के बड़े-बड़े राष्ट्र प्रमुख जैसे जो बाइडेन, सी जिन पिंग, राष्ट्रपति पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कनाडा के जस्टिन टुद्रो इस लाइन में काफी पीछे हैं। भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाया है। विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का ज्यादा रहा हैद्य भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा हैद्य इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा है। पिछले 9 वर्षों से प्रधानमंत्री ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति मैं खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैद्य भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है।स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है। वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा हैद्य वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा हैद्य उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थी। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं।

# लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार बनेगा बड़ा मुद्दा

इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से बताया जा रहा है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर चल रही है। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराषि ने फिर से एक बार देष में


आशीष वशिष्ठ

भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देष को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है।

याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी श्लाल डायरी में दर्ज काले कारनामेश् तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...।

राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में पीएम मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, श्मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में



विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थी। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं।

पीएम मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था।

बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्यवाही करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। पीएम ने कहा यह पूरा देश या देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ़ से संसद में रखी गई जानकारी में ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फ़िर अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना। भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये पीएम मोदी ने भी साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद पीएम मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी को जनता का साथ मिल रहा है। इस तरह उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को बड़ा मुद्दा बनाकर भुनाने के संकेत दे दिए हैं।

# जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से जुड़े जीवन खतरे

हमारा स्वास्थ्य हमारे आस-पास के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, ये पारिस्थितिकी तंत्र अब वनों को काटे जाने, कृषि और भूमि उपयोग में बदलाव, बढ़ते प्लास्टिक प्रयोग तथा तेजी से हो रहे शहरी विकास के चलते खतरे में हैं। जानवरों के आवासों में अतिक्रमण अब मनुष्यों के लिए हानिकारक विषाणुओं संक्रमण के अवसरों को बढ़ा रहा है। 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन से कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी के तनाव से हर साल लगभग ढाई लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव से यों तो सभी पीड़ित, परेशान और आशंकित हैं, पर इसके प्रभाव से दुनियाभर में संक्रामक बीमारियों में लाखों लोग आये हैं। विशेषज्ञों ने बढ़ते तापमान के साथ गंभीर बीमारियों के बढ़ने की चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते तापमान से कृषि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, विकासशील एवं अत्यंत पिछड़े राष्ट्रों में महिलाएं, पुरुषों की अपेक्षा कहीं अधिक आहत हो रही हैं। एक अनुमान के अनुसार, विकासशील देशों की डेढ़ अरब गरीब, आर्थिक रूप से वंचित, निर्णायक भूमिका विहीन, संसाधनों की पहुंच से दूर महिलाएं अपनी परम्परागत भूमिकाओं, सामाजिक अपेक्षाओं और आजीविका के मौजूदा विकल्पों के रहते जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की अधिक मार झेल रही हैं। दुबई में सम्पन्न कॉप-28 की मीटिंगों में इन विषयों पर गंभीर चर्चाएं हुई है। संभवतः पिछले तीस वर्षों में जलवायु परिवर्तन की बैठकों इतनी सार्थक चर्चाएं नहीं हुई है। इस बार भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कहीं बातों एवं सुझावों को प्राथमिकता मिलना, इस जटिल होती समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कॉप-28 जलवायु सम्मेलन यूएई सर्वसम्मति मसौदे के साथ दुबई में संपन्न हुआ, जिसमें जीवाश्म ईंधन से उचित परिवर्तन की वकालत की गई और जलवायु संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त जलवायु वित्तपोषण प्रतिबद्धताओं की पेशकश की गई। हालाँकि जितनी विकराल समस्या है उसे देखते हुए जलवायु परिवर्तन के राक्षसों को नियंत्रित करने के लिए अभी व्यापक प्रयत्नों एवं संकल्पों से आगे बढ़ने एवं कठोर निर्णय लेकर उनकी क्रियान्विति आवश्यक है।


ललित गर्ग

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जलवायु संकट से लोग बीमार हो रहे हैं और यह जीवन को खतरे में डाल रहा है। इन महत्वपूर्ण कॉप वार्ताओं में स्वास्थ्य चर्चा के केंद्र में होना चाहिए। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि सम्मेलन को जलवायु संकट से निपटने के लिए शमन, अनुकूलन, वित्तपोषण और सहयोग के चार प्रमुख लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमारा ध्यान जलवायु संकट से स्वास्थ्य को होने वाले खतरे एवं जलवायु कार्रवाई से होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर केन्द्रित होना चाहिए। जलवायु परिवर्तन पहले से ही लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और जब तक तत्काल कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक यह तेजी से बढ़ता रहेगा। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में लाखों लोगों को बीमार या बीमारी के प्रति अधिक असरदार बना रहा है। बढ़ते तापमान की घटनाओं की बढ़ती विनाशकारिता गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं। कुपोषित व स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित



महिलाओं में जलवायु परिवर्तन के कारण मलेरिया, हैजा-दस्त, डेंगू जैसे रोगों की आशंका कहीं अधिक रहती है। यह महत्वपूर्ण है कि बातचीत के केंद्र में स्वास्थ्य को रखने के लिए नेता और निर्णय निर्माता कॉप 28 में एक साथ आएं। हमारा स्वास्थ्य हमारे आस-पास के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, ये पारिस्थितिकी तंत्र अब वनों को काटे जाने, कृषि और भूमि उपयोग में बदलाव, बढ़ते प्लास्टिक प्रयोग तथा तेजी से हो रहे शहरी विकास के चलते खतरे में हैं। जानवरों के आवासों में अतिक्रमण अब मनुष्यों के लिए हानिकारक विषाणुओं संक्रमण के अवसरों को बढ़ा रहा है। 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन से कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी के तनाव से हर साल लगभग ढाई लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं। वर्तमान जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में कृषि उत्पादकता पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। मौसम में बदलाव की अल्पकालिक घटनाओं तथा दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण धान, मक्का और गेहूं की पैदावार प्रभावित हो रही है और पाया गया कि तापमान का नकारात्मक प्रभाव लम्बे समय की तुलना में अल्पावधि में अधिक होता है। जलवायु परिवर्तन और मौसम में बदलाव की बार-बार हो रही चरम घटनाएं फसल की पैदावार पर कहर बरपा रही हैं और किसानों को अपनी फसलों के नुकसान को सीमित करने के अनुकूल उपाय करने के लिए मजबूर कर रही हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित और नियंत्रित करने के लिए जरूरी है कि भारत दर्शन एवं संस्कृति में इसका समाधान खोजें। भारतीय परम्परा एवं धार्मिक कृत्यों ऐसे-ऐसे विधि-विधान एवं प्रावधान है जो जलवायु संकट से मुक्ति दिलाने में सक्षम है। भारत में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का महत्व मिलता है। पीपल को पूज्य मानकर उसे अटल सुहाग से सम्बद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। बिल्व वृक्ष को भगवान शंकर से जोड़ा गया और ढाक, पलाश, दूर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवग्रह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया। पूजा के कलश में सप्तनदियों का जल एवं सप्तमृत्तिका का पूजन करना व्यक्ति-व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। सिंधु सभ्यता की मोहरों पर पशुओं एवं वृक्षों का अंकन, सम्राटों द्वारा अपने राजचिन्ह के रूप में वृक्षों एवं पशुओं को स्थान देना, गुप्त सम्राटों द्वारा बाज को पूज्य मानना, मार्गों में वृक्ष लगवाना, कुएं खुदवाना, दूसरे प्रदेशों से वृक्ष मंगवाना आदि तात्कालिक प्रयास पर्यावरण प्रेम को ही प्रदर्शित करते हैं। 'पानी और प्रेम को खरीदा नहीं जा सकता' जैसी कहावत हमारे यहां प्रचलित रही है। 'रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून' जहाँ इस उक्ति में पानी इज्जत और मान मर्यादा का प्रतीक बन पड़ा है, वही आज के इस पर्यावरणीय संकट में पानी के शाब्दिक अर्थ को ही बचा पाए तो हम रहीम के दोहे के साथ न्याय कर पाएंगे। यह तो केवल एक बानगी है जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से हो रहे प्रकृति के विनाश के प्रति चिंता की। जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के लिये बढ़ता प्लास्टिक का प्रचलन भी बड़ा कारण है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि प्लास्टिक प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है। किंतु माइक्रो प्लास्टिक की समस्या तो उससे भी कहीं ज्यादा भयानक समस्या बनती जा रही है। माइक्रो प्लास्टिक से विश्व भर के महासमुद्रों में पैदा हो रहा प्रदूषण आने वाले समय में बहुत विकट समस्या साबित होगा। यह समस्या इतनी विकट-विकराल होगी, जो सदियों तक मानव जीवन को प्रभावित करती रहेगी। विश्व की आबादी प्रतिवर्ष लगभग अपने वजन बराबर प्लास्टिक उत्पन्न करती है। प्रतिष्ठित अमेरिकी जर्नल साइंस में प्रकाशित वर्ष 2015 के एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक दुनिया के 192 समुद्र तटीय देशों में तकरीबन साढ़े सत्ताईस करोड़ टन प्लास्टिक कचरे का उत्पादन हुआ, जिसमें से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा महासमुद्रों में प्रविष्ट हो गया।

# भगतसिंह ना तब आतंकी थे ना आज फिर कौन बदनाम कर रहा

भगत सिंह ने 1930 में जेल में रहते हुए एक लेख लिखा- मैं नास्तिक क्यों हूँ। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने बार-बार कहा है कि कर्म ही पूजा है। क्रांतिकारी भी राष्ट्र के लिए सर्वस्व होम कर रहे थे , अतः गीता के अनुसार यह राष्ट्रधर्म तो सबसे बड़ी आराधना है। नवयुवकों के मन में अनेक तरह के सवाल आते हैं और किन्हीं परिस्थितियों में उन्होंने स्वयं को नास्तिक अनुभव किया होगा किंतु उनके नास्तिक होने का मार्क्सवाद या समाजवाद से कोई संबंध नहीं था।

भगतसिंह फैन क्लब के सदस्यों ने नये संसद भवन में इरादतन घुसपैठ कर स्मोक बम विस्फोट कर भय फैलाने का जो कुत्सित षडयंत्र के अन्तर्गत ड्रामा किया , इससे सरदार भगतसिंह को भी लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। ज्ञातव्य है कि भगतसिंह ने भी ससंद में बम विस्फोट कर अंग्रेजी हुकूमत को अपने विचारों से अवगत कराया था और वैसा ही प्रयास इन तथाकथित नौजवानों ने भी किया है। देश का अवसरवादी बुद्धिजीवी वर्ग इस घटना को भगतसिंह की क्रांतिकारी घटना के समतुल्य साबित करने का भरसक प्रयास कर रहा है। हर कदम पर परास्त देश विरोधी गैंग इस घटना के बहाने फिर से उठने की जुगत लगा रहा है। देश विरोधी प्रयोगशाला में जब गाँव से शहर तक , किसान से जवान तक और राष्ट्र से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक सारे दाँव पेंच असफल हो गए हैं तो मानसिक व्यापार करने वाले इन अर्बन नक्सलियों ने इस बार अपनी प्रयोगशाला में क्रांतिकारियों को भी नहीं छोड़ा।


डॉ उमेश प्रताप वत्स

भगतसिंह वह नाम है जिसकी लोकप्रियता ने महात्मा गांधी , जवाहर लाल नेहरू सहित तत्कालीन कई कांग्रेसी नेताओं को असमंजस में डाल दिया था कि वे भगतसिंह का विरोध करें या समर्थन। तो ऐसे नाम को भुनाने में वामपंथी टाइप लोग कैसे पीछे रह सकते। अतः देश की स्वतन्त्रता के तुरंत बाद जब तक भगतसिंह राष्ट्र के साथ-साथ सिख समुदाय अथवा आर्यसमाजी परिवार के हीरो बन पाते उससे पहले ही कम्यूनिस्टों ने बहुत चालाकी से उन्हें समाजवादी विचारधारा का ध्वजवाहक और लेनिन-मार्क्स को अपना आदर्श मानने वाला नौजवान घोषित कर दिया। अपनी इस चाल को पुख्ता करने के लिए तथ्य गढ़ने शुरु कर दिये कि भगतसिंह जेल में केवल लेनिन और मार्क्स को ही पढ़ते थे। कम्यूनिस्टों ने भगतसिंह के जुड़ाव को ओर दृढ़ करने के लिए अपने विद्यार्थियों वाले संगठनों में भगतसिंह के चित्र व मनगढ़ंत नारे निर्माण कर प्रचार-प्रसार शुरु कर दिया ताकि अमर शहीद भगतसिंह के नाम पर भोली-भाली जनता इनके झांसे में आती रहे। कम्यूनिस्टों के सर्वाधिक प्रभावी साहित्यकारों के ग्रुप ने भगतसिंह के जीवन पर मनचाही कलम चलाना शुरु कर दिया। चारों ओर नैरेटिव सैट कर दिया गया कि भगतसिंह घोर कम्युनिस्ट थे जबकि वास्तविकता बिल्कुल इसके उलट है।



सरदार किशन सिंह व विद्यावती के घर में जन्म लेने वाले सरदार भगत सिंह ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी शहादत के बाद उनके ही देश के लोग उनके नाम का तमाशा बना कर रख देंगे। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर, 1907 को पाकिस्तान स्थित लायलपुर जिले के बंगा में जन्मे भगत सिंह जी का बलिदान 23 वर्ष की आयु में हुआ जब उन्हें ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर चढ़ा दिया। उनके जन्म के समय उनके पिता किशन सिंह, चाचा अजित और स्वर्ण सिंह जेल में थे। भगतसिंह के आर्यसमाजी परिवार का संस्कार देशभक्ति के वातावरण से ओतप्रोत था जबकि आज देश के अधिकतर गद्दार प्रवृति के लोग उनके पवित्र नाम का सहारा लेकर देश विरोधी मुहिम में प्रयासरत रहते हैं।

वस्तुतः भगत सिंह की विचारधारा केवल प्रखर देखभक्ति और भारत की स्वतंत्रता ही थी। भगत सिंह की विचारधारा को समझने के लिए तत्कालीन परिस्थितियों का अध्ययन करना भी अति आवश्यक है। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि भगत सिंह 1926 के आसपास समाजवादी विचारधारा और उसके साहित्य के निकट आए। उन दिनों देश में समाजवादी विचारधारा की बहुत चर्चा हो रही थी। हिंदुस्तान रिपब्लिकन पार्टी के संस्थापक क्रांतिकारी सचिंद्रनाथ सान्याल ने अपनी पुस्तक विचार विनिमय में लिखा है कि जब मैं अंडमन की जेल से छूटकर आया तो मैंने पाया कि समाजवाद की चर्चा तो बहुत हो रही है पर इसका कोई अध्ययन करने वाला मुझे नहीं मिला। यह वही दौर था जब रूस की ओर से लेनिन वादियों ने एक जोरदार प्रचार प्रारंभ किया कि रूस की धरती पर मजदूरों के लिए एक स्वर्ग कायम हो गया है और वहाँ एक शोषणविहीन और समतामूलक समाज की स्थापना हो गई है।

बेशक यह भ्रमित सत्य था परंतु नौजवान इस प्रचार से बहुत प्रभावित थे। जनता में समता का यह विचार नवयुवकों को आकर्षित कर रहा था। सचिंद्रनाथ सान्याल के अनुसार क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ने के बाद भी इस बात के प्रमाण हैं कि भगत सिंह 1928 तक आर्यसमाज से ही जुड़े रहे। वो 1928 में जब कलकत्ता गए तो आर्यसमाज मंदिर में ही रुके थे। औद्योगिक क्रांति के कारण विश्व में हो रहे परिवर्तन के कारण लोगों में समाजवादी विचारधारा लोकप्रिय हो रही थी इसलिए भगत सिंह ने भी उसे जानने का प्रयासभर किया पर इसका यह मतलब नहीं कि वो समाजवादी हो गए थे या कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता हो गए थे। फिर भी वामपंथियों ने यह झूठा प्रचार किया कि भगत सिंह उनकी विचारधारा के थे जबकि इसका उनके पास कोई आधार भी नहीं है।

भगत सिंह ने 1930 में जेल में रहते हुए एक लेख लिखा- मैं नास्तिक क्यों हूँ। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने बार-बार कहा है कि कर्म ही पूजा है। क्रांतिकारी भी राष्ट्र के लिए सर्वस्व होम कर रहे थे , अतः गीता के अनुसार यह राष्ट्रधर्म तो सबसे बड़ी आराधना है। नवयुवकों के मन में अनेक तरह के सवाल आते हैं और किन्हीं परिस्थितियों में उन्होंने स्वयं को नास्तिक अनुभव किया होगा किंतु उनके नास्तिक होने का मार्क्सवाद या समाजवाद से कोई संबंध नहीं था।

कुछ इतिहासकार मानते हैं कि भगत सिंह नेशनल कॉलेज, लाहौर के तत्कालीन प्रिंसिपल छबीलदास से संपर्क में थे। छबीलदास नास्तिक हो गए थे। ऐसी ही कुछ बातों से भगत सिंह का भावुक युवा मन भी प्रभावित हुआ होगा जिसके कारण वो नास्तिक हो गए थे। भगत सिंह जेल में थे। जेल में अन्य क्रांतिकारियों की अपेक्षा उनका महत्व अधिक था। उन्होंने क्रांतिकारी कैदियों के लिए पुस्तकों की माँग की थी जिस कारण जेल में अनेक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई। वे पुस्तकों को पढ़ने के बाद अपनी डायरी में महत्वपूर्ण नोट्स लिखते थे उनके आधार पर आकलन करना और फिर जबरदस्ती उन्हें वामपंथी घोषित कर देना कतई न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। वामपंथी खेमे में लेनिन और कार्ल मार्क्स से ज्यादा भगतसिंह के चित्र दर्शाते हैं कि अब भारत ही नहीं विश्वस्तर पर वामपंथी विचारधारा दम तोड़ रही है और वे भगतसिंह के नाम को भूनाकर इसे जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। युवाओं में देशप्रेम से विलग रहने तथा नास्तिक बने रहने का प्रचार कर सैक्स को खुली छूट , परम्पराओं को तहस-नहस करने पर पुरस्कृत कर देश को जाति-धर्म के नाम पर बरगलाकर नफरत फैलाने व भाषा-क्षेत्रवाद का भेद कर नैरेटिव सैट करने के लिए इस वक्त ये वामपंथी अर्बन नक्सली एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।

**महिला के शव की आंखे गायब होने का मामला**

# ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव की आंखें गायब होने के प्रकरण पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। लापरवाही उजागर होने पर डिप्टी सीएम ने बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय को निलंबिल कर दिया गया। डॉ. प्रदीप को महानिदेशक कार्यालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

बदायूं के कुतराई गांव निवासी गंगाचरण की बेटी पूजा की शादी करीब नौ माह पूर्व हुई थी। पिता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए पुत्री को परेशान कर रहे थे। रूपयों की मांग करते थे। आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की हत्या सुसराल वालों ने कर दी। घटना के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया। परिजनों के अनुसार उस वक्त शव की दोनों आंखें थीं। परिजनों का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद जब शव का बैग खोला तो उसमें पूजा की दोनों आंखे नहीं थीं। आरोप है कि लालच में शव का अपमान कराया गया। इस संबंध में परिजनों ने जिलाधिकारी से शिकायत की। बीती 11 दिसंबर को अपर जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। त्रिस्तरीय जाँच

**घटना पर जताई नाराजगी**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना पर नाराजगी जाहिर की। बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय को पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाह पाया। जांचोपरांत डॉ. प्रदीप को निलंबित करते हुए लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया है। महिला के शव का प्रथम बार पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण जुटाने के लिए बरेली के अपर निदेशक को निर्देशित किया गया है।

समिति ने 12 दिसंबर को रिपोर्ट तैयार की। जिसमें पोस्टमार्टम टीम दोषी पाई गई। बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने दायित्वों का निवर्हन सजग होकर नहीं किया था।

# पुराने सिनेमाघरों को तोड़कर काम्प्लेक्स बनाने के लिए राज्यकर की एनओसी अनिवार्य

**लखनऊ।** राज्य कर विभाग ने पुराने सिनेमाघरों की जगह मॉल बनाए जाने की अनुमति के साथ एक नियम जोड़ दिया है। ऐसे प्रत्येक सिनेमाघर मालिक को राज्य कर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। साथ ही शहर की महायोजना के अनुसार निर्माण की अनुमति संबंधित विभाग देगा।

नवंबर में राज्य सरकार ने बंद पड़े सिनेमाघरों को बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में तब्दील करने की अनुमति दे दी थी। प्रदेश में करीब 800 सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर बंद हो चुके हैं और लगभग 150 बंद होने के कगार पर हैं। सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर अधिकांशतः शहर के पुराने सघन इलाकों में स्थित है। अब ऐसे सिनेमा हॉल की जमीन पर मास्टर प्लान में निर्धारित भू उपयोग के आधार पर बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाया जा सकेगा। नक्शा पास करने से पहले राज्य कर वभभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

ये फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि सिनेमाघरों के बंद होने के बावजूद जमीन का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा था। खरबों की जमीन बेकार पड़ी थी। जिससे कारोबारी के साथ-साथ सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा था। गुरुवार देर शाम अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने राज्य कर आयुक्त और सभी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों को पत्र लिखकर बंद सिनेमाघरों को तोड़ने की अनुमति देने के निर्देश जारी कर दिए। सिनेमाघर तोड़ने से पहले राज्य कर अधिकारी 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' और एनओसी देंगे। एनओसी मिलने के बाद ही पुराने सिनेमाघरों को तोड़कर नए भवन में तब्दील किया जा सकेगा।

# 'लौह पुरुष' को युगों-युगों तक याद करेगी आने वाली पीढ़ी : आशीष

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अपना दल (एस) के लखनऊ स्थित 1ए, मॉल एवेन्यू कैम्प कार्यालय में आधुनिक भारत के शिल्पकार, एकता व अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि सादगी पूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर लौह पुरुष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि बगैर किसी खूनी क्रांति के लौह पुरुष सरदार पटेल जी ने अपनी कूटनीति से देश की 565 रियासतों का विलय कर मजबूत भारत का निर्माण किया। देश के निर्माण में एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो ढ़ाचा उन्होंने तैयार किया था। उसके लिए आने वाली पीढ़ियां उन्हें युगों-युगों तक याद रखेगी।

इस अवसर पर अपना दल एस की



महिला मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा पटेल ने कहा कि वास्तव में आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल ही थे। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रेरणास्रोत हैं। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल जी के नाम पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण होना चाहिए, ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध हो।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय

**■ अपना दल (एस) ने सादगी मनाई सरदार पटेल की पुण्यतिथि**

महासचिव अवध नरेश वर्मा व आरबी सिंह, राष्ट्रीय सचिव तेजबली सिंह, केके पटेल, मुन्नर प्रजापति, महिला मंच की प्रदेश सचिव शिल्पी द्विवेदी व शिखा सिंह, विधि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंद किशोर पटेल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पदाधिकारी विधि मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्या, एडवोकेट राकेश वर्मा, एडवोकेट सच्चिदानंद पटेल, एडवोकेट ज्योति राजपूत, लालता सिंह चौहान, अमन वत्स, अमर सिंह राठौड़ सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लौह पुरुष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

# संसद में धुआं प्रकरण व उठाये सवालों पर सरकार स्पष्टीकरण दे : माले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि संसद में धुआं प्रकरण व उठाये सवालों पर केंद्र सरकार को तत्काल स्पष्टीकरण देना चाहिए। इसके बजाय सरकार विपक्षी सांसदों को निलंबित कर रही है जो गलत है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एक विपक्षी (टीएमसी) सांसद को कथित तौर पर अपनी संसदीय लॉगिन आईडी साझा करके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप पर लोकसभा से निष्कासित किया जा चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि उस भाजपा सांसद के साथ क्या किया जाना चाहिए जिसने आगंतुकों के प्रवेश की सिफारिश की थी, जिससे लोकसभा के अंदर धुएं वाली घटना हुई? उल्टे, भाजपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने पर 14 विपक्षी सांसदों को ही पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। माले राज्य सचिव

**■ ऐसे में सवाल उठता है कि उस भाजपा सांसद के साथ क्या किया जाना चाहिए**

ने कहा कि पहली नज़र में, धुआं कनस्तर प्रकरण 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त द्वारा ऐतिहासिक सेंट्रल असेंबली में बम फोड़ने की यादों को ताज़ा करने के लिए प्रारुपित किया गया लगता है। जिस तरह भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ब्रिटिश शासन के अन्यायों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे, उसी तरह नीलम, मनोरंजन और उनके साथियों ने आज के भारत में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन करने की कोशिश की। इन लोगों ने बेरोजगारी और महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ नारे लगाए थे, मातृभूमि की जय और तानाशाही की निंदा की थी। यह राहत की बात है कि नुकसान पहुंचाने का उनका कोई इरादा नहीं था और वे अपनी बात रखने के लिए केवल रंगीन धुआं लेकर आए थे।

# दुर्घटना से देर भली नारे को करें आत्मसात : खन्ना

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज 1090 चौराहे पर आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किये,उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी उन्होंने कहा कि दुर्घटना से देर भली नारे को हमें आत्मसात करने की जरूरत है इस मुहावरे को हमें अपने मन-मस्तिष्क में बिठा लेना चाहिए।

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों एवं घायलों की बढ़ती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत गम्भीर हैं,मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के प्रयास करने के निर्देश सड़क सुरक्षा की विभिन्न बैठकों के माध्यम से दिये हैं,वर्ष 2022 में कुल 41,746 एक्सीडेंट हुए जिसमें से 595 की मृत्यु तथा 28,541 घायल हुए,उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में होने



वाली मृत्यु के आंकड़ों में वृद्धि चिन्ता का कारण है। विगत तीन वर्षों में औसत मृत्यु में कानपुर नगर सबसे ऊपर है। उसके पश्चात प्रयागराज एवं आगरा का स्थान है उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को आत्मसात करें। हेलमेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें,खन्ना ने कहा कि हम सभी दुर्घटनाओं के कारकों को भलीभांति जानते हैं। यदि हम लापरवाही करेंगे तो दुर्घटना के कारण एवं शिकार होंगे,उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हुए कहा कि यदि हम वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं तो इसका अर्थ है कि हम एक्सीडेंट को दावत दे रहे हैं।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू ने कहा कि हम ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, टीम भावना से काम करें एवं कार्ययोजना बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जोड़े, कल्चरल टीम के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके अलावा बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को परिवहन विभाग जागरूक करने का काम करेगा, मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है,इसमें परिवहन विभाग नोडल विभाग है,इसके अलावा

**■ सड़क सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन करते हुए चलाएं वाहन**

पी.डब्ल्यू.डी.,शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलायेगा और अपने-अपने विभाग के दायित्वों का भी पालन करेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक यातायात बी.डी. पालसन ने कहा कि जीवन अमूल्य है। वाहन चलाते समय कभी भी शार्टकट न अपनाएं। जब तक कम्युनिटी में से कोई लीडर सामने नहीं आयेगा तब तक सड़क सुरक्षा अभियान मजबूत नहीं होगा, उन्होंने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की एवं कहा कि यातायात पुलिस आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, विशेष सचिव परिवहन के.पी. सिंह,अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी, आरटीओ प्रशासन आर.पी. द्विवेदी, आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार ,एआरटीओ अमित सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कैडेटों ने वृद्धाश्रम में निवासित वृद्धजनों की सेवा, बिताया समय

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कैडेट कोर यूपी 63 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल हर्ष कुमार झा के कुशल नेतृत्व में बटालियन द्वारा 13 दिसंबर 23 को सेवाभाव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कालीचरण इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने अपने सामाजिक दायित्वओ का निर्वहन करते हुए आदिल नगर, रिंग रोड ,लखनऊ स्थित समर्पण वरिष्ठ जन परिसर वृद्धाश्रम में निवासित वृद्धजनों के साथ समय बिताया एवं उनकी सेवा की। इन एनसीसी कैडेटों का नेतृत्व विद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संगीता मौर्या एवं बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमारा यादव ने किया।

आदिल नगर स्थित यह वृद्धाश्रम गायत्री परिवार द्वारा संचालित है जिसमें लगभग 55-60 वरिष्ठ वृद्धजन निवास करते हैं। एनसीसी




कैडेटों ने उनके साथ भजन-गीत तथा स्वरचित कविता पाठ किए। इसके साथ ही यूपी 63 बटालियन द्वारा वृद्धजनों को भोजन कराया गया। वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों ने भी कैडेटों के साथ बातचीत की और अपने अनुभव साझा किये। कैडेटों ने भी वरिष्ठजनों से मिलकर नए अनुभवों को आत्मसात किया तथा वरिष्ठ नागरिकों की सेवा और देखभाल का संकल्प लिया।

# टीएमयू में कृत्रिम मानव शरीर पर कराई हैंड्स ऑन प्रैक्टिस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एम्स, नई दिल्ली के एनेस्थीसिया विशेषज्ञ श्री सचिन चण्डोला ने सीपीआर के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, सीपीआर आपातकाल के समय हार्ट और फेफड़ों को पुनर्जीवित करने का एक तरीका है। अगर अचानक से कोई व्यक्ति गिर जाए तो उस समय सीपीआर देते समय डेंजर, रिसपॉन्स, एयरवे, ब्रीथिंग, काल एन एम्बुलेंस-डीआरएबीसी का ध्यान रखना आवश्यक है। श्री चण्डोला तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ के रेडियोलॉजी विभाग में फर्स्ट ऐड एंड सीपीआर इन डिजिटल वर्ल्ड पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले एम्स, नई दिल्ली के एनेस्थीसिया विशेषज्ञ श्री सचिन चण्डोला ने बतौर मुख्य अतिथि,



पैरामेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, आरआईटी की एचओडी श्रीमती प्रियंका सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। श्री चण्डोल ने कृत्रिम मानव शरीर पर स्टुडेंट्स को चरणबद्ध तरीके से हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी दी । कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आपातकाल में हुए ह्दय से जुड़ी समस्या को समझाना और फर्स्ट ऐड के रूप में सीपीआर का उपयोग करना सिखाना था।

डीआरएबीसी को विस्तार से समझाते हुए श्री सचिन बोले, डेंजर का अर्थ है, जब आप मरीज को सीपीआर दें तो इस बात का ध्यान रखें कि उसमें चलती गाड़ी, विद्युत ऊर्जा, स्मोक या फायर का खतरा तो नहीं है। रिस्पॉन्स का मतलब मरीज की आवाज से है। मसलन, मरीज सीपीआर के बाद जवाब देता है या नहीं। एयरवे से आशय मरीज की श्वसन नलिका से है, जिसमें हम श्वास नली की अवरोधन क्षमता का पता करते हैं। ब्रीथिंग का मतलब श्वसन की प्रक्रिया से है अर्थात मरीज में श्वसन क्रिया सही हो रही है।

# कर्मचारियों की पूर्व सेवा जोड़कर पेंशन एवं ग्रेविटी का लाभ दिया जाए

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 15 दिसंबर को अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य सरकारी महासंघ के राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की है कि आठवीं वेतन आयोग गठन किया जाए और राज्यों में चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों पर लगी लोग लाखों लाख पद रिक्त है पूरे भारतवर्ष में 90 लाख पर स्वीकृत है आज 60 परसेंट से अधिक सेवानिवृत हो चुके हैं उत्तर प्रदेश में ही 4~30 लाख पद स्वीकृत पत्र रिक्त हैं जिससे राजकीय कार्य प्रभावित हो रहा है मेरी यह मांग है कि समस्त राज्यों में 60 वर्ष से बढ़कर 62 वर्ष व्यू कर्मचारियों की की जाए जिससे राजकीय कार्य पर आधारित ना हो एवं रिक्त पदों को शीघ्र भरने जाने की अनुमति विभागों को भरने के लिए निर्देश जारी किए कर्मचारियों को एक लाख से बीमा बढ़कर 10 लख रुपए बीमा निर्धारित किया जाए सुरेश सिंह ने यह बताया कि

**■ कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग**

कोरोना कल में 7 वेतन भत्ते रॉक गए थे उनको शीघ्र बाल किया जाए और 18 मा का डा कोरोना कल के दौरान रॉक गए थे उसको शीघ्र भुगतान करने के निर्देश जारी किए गए समस्त विभागों के कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे दिए जाने के आदेश निर्गत किए गए थे जिसमें विभाग का अध्यक्ष के माध्यम से अपने प्रशासकीय विभाग से वित्तीय विभाग की सहमति से जारी करने के निर्देश दिए गए थे जिसके कारण कई विभागों में इसका लाभ मिल गया लेकिन बहुत से अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया महासंघ यह मांग करता है कि सामूहिक रूप से समस्त प्रदेश के कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे दिया जाए जिससे उनको लाभ मिल सके कार्मिक विभाग द्वारा कई बार निर्देश एवं कार्य तैयारी किए जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

# 'एम्स' पूरी क्षमता के साथ जनता की सेवा नहीं कर पा रहा : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने आज दिनांक- 15 दिसम्बर को राज्य सभा में 'शून्यकाल'' में उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली के दरियापुर में बनने वाले 'एम्स' (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) का मुद्दा जोरदार ढंग से लिखित रूप से उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्ष पूर्व रायबरेली में ''एम्स'' की स्थापना की गयी थी जिससे रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर एवं प्रतापगढ़ सहित बिहार प्रदेष, मध्य प्रदेष के कई अंचलों एवं उत्तर प्रदेश के पूर्वान्चल तथा मध्यान्चल के लगभग 40 जनपदों की जनता को अत्याधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुलभ हो सके, क्योंकि इस अंचल का यह एकमात्र चिकित्सा संस्थान है ।

श्री तिवारी ने पत्रकारों से कहा कि प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर रायबरेली



जनपद के दरियापुर में बनने वाला अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देष के सबसे प्रतिष्ठित एवं साधन सम्पन्न चिकित्सीय संस्थानों की श्रृंखला में हे, किन्तु लगभग 10 साल का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी अभी तक 'एम्स' पूरी क्षमता के साथ जनता की सेवा नहीं कर पा रहा है जबकि इसके साथ जिन अन्य 'एम्स' की आधारषिला रखी गयी थी वे अपनी पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित हो गये हैं - लेकिन 'गॉधी परिवार' से

**■ सांसद ने उठाया दरियापुर में बनने वाले 'एम्स' का मुद्दा**

व्यक्गित ईर्ष्या एवं द्वैष के कारण जनपद रायबरेली में बनने वाला यह 'एम्स' पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो सका है। इससे प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी एवं सुलतानपुर सहित पूर्वान्चल एवं मध्यांचल उत्तर प्रदेष तथा बिहार प्रदेष एवं मध्य प्रदेष की करोड़ों जनता की चिकित्सा प्रभावित हो रही है ।

श्री तिवारी ने चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि एक दषक का इतना लम्बा समय बीत जाने के बाद भी गॉधी परिवार से व्यक्तिगत ईर्ष्या एवं द्वैष के कारण 'एम्स' को अभी तक पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित न करके जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। एक तरफ तो सरकार जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये बड़े- बड़े खोखले दावे करती है।

# यूपीएससी कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज में छात्रा चयनित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की मेधावी छात्रा शिवानी सिंह ने अभी हाल ही में घोषित हुए यूपीएससी कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज-2023 में सफ्लता अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में शिवानी ने ऑल इण्डिया 50वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस मेधावी छात्रा ने अपनी सफ्लता का श्रेय सी.एम.एस. शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यालय के प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण एवं अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने शिवानी की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि सी.एम.एस. की ये होनहार छात्रा अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही आदर्श समाज



की संरचना में रचनात्मक योगदान देगी।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. की इस मेधावी छात्रा की सफ्लता पर पूरे सी.एम.एस. परिवार को गर्व है, जिन्होंने अपनी मेधा, प्रतिभा व लगन से लखनऊ का नाम रोशन किया है। शिवानी की प्राथमिक शिक्षा सी.एम.एस. से ही हुई है। इन्होंने आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा 94.8 प्रतिशत एवं आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा 96.7 प्रतिशत अंको के साथ सी.एम.एस. महानगर से उत्तीर्ण की। वर्तमान में शिवानी एम्स नागपुर में ओब्सट्रिक्स एवं गॉयनेकोलोजी में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं।

# संत कवियों का गुरमति साहित्य में है बड़ा योगदान

## जहां पर भाषा जीवित रहती है वहां उसकी संस्कृति भी अस्तित्व में रहती

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की ओर से भारतीय भाषा उत्सव-2023 को समर्पित 'गुरमति साहित्य में उत्तर प्रदेश के संत कवियों का योगदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार 15 दिसम्बर को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सामाजिक अध्ययन विद्यापीठ सभागार में किया गया। उसमें वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के संत कवियों की समाजोत्थान में अहम् भूमिका है। इसके साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि जहां पर भाषा जीवित रहती है वहां उसकी संस्कृति भी अस्तित्व में रहती है। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के निदेशक के प्रतिनिधि के रूप में और कार्यक्रम संयोजक अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर



सम्मानित किया। संगोष्ठी में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं आधुनिक भाषा के पूर्व विभागाध्यक्ष सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि संत बुल्ला साहब, संत यारी साहब के गुरुमुख चेले और संत जगजीवन साहब और संत गुलाल साहब के गुरु थे। उनका असली नाम बुलाकीराम था। उन्होंने भुरकुंडा गांव जिला गाजीपुर में अपना सतसंग शुरू किया था। वहां उनके बाद संत गुलाल साहब और संत भीखा दास जी भी सतसंग कराते रहे। वर्तमान में वहां तीनों की समाधि मौजूद हैं। उनके जीवन का समय विक्रमी सम्वत 1750 से 1825 के मध्य है।

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो.रामपाल गंगवार ने कहा कि जहां पर भाषा जीवित रहती है वहां उसकी संस्कृति भी अस्तित्व में रहती है। संत कवियों में फरीद को पंजाबी का आदिकवि कहा जाता है। फरीद की वाणी, आदि ग्रंथ में संगृहीत है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी को ही पंजाबी का आदि कवि मानना होगा। गुरु नानक जी की रचनाओं में सर्वप्रसिद्ध जपुजी है। इसके अतिरिक्त आसा दी वार, सोहिला, रहिरास और लगभग पांच सौ अन्य पद हैं। भाव, अभिव्यक्ति, कला और संगीत की दृष्टि से यह वाणी अत्यंत सुंदर और प्रभावपूर्ण है। भक्ति में सिमरन' और जीवन में सेवा नानक

**■ उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से हुई संगोष्ठी**

की वाणी के दो प्रमुख स्वर हैं। वरिष्ठ पंजाबी लेखक सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि गुरमति साहित्य में कबीरदास, 15वीं सदी के भारतीय कवि और संत थे। उनकी रचनाएं सिखों के आदिग्रंथ में सम्मिलित की गयी हैं।

संत कवियों में जगजीवन दास, बावरी साहिबा, बाबा कानी राम, पल्टूदास, दयाबाई और सहजोबाई का नाम प्रसिद्ध है। गुलाल साहब प्रख्यात सन्त थे। उनका जन्म सत्रहवीं शती के अंतिम चरण में बसहरी के एक क्षत्रिय जमींदार कुल में हुआ था। उनके गुरु बुल्ला साहब, 'बुलाकीराम कुर्मी' के नाम से इनके परिवार का हल जोतने का काम करते थे। उनके आध्यात्मिक जीवन से प्रभावित होकर गुलाल साहब ने उनका शिष्यत्व ग्रहण किया था। उनके निधन के बाद वह, उनकी गद्दी के अधिकारी हुए थे।

# एएमसी सेंटर व चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायकों की सत्यापन परेड आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण के 23 सप्ताह के सफल समापन पर रंगरूटों के लिए हाल ही में एएमसी सेंटर एंड कॉलेज लखनऊ के तकनीकी प्रशिक्षण विंग में सत्यापन परेड आयोजित की गई थी। परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर सानिल मोहन, कमांडर नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग और ब्रिगेडियर पीयूष जयसवाल, कमांडर नंबर 1 तकनीकी प्रशिक्षण विंग, एएमसी सेंटर एंड कॉलेज द्वारा की गई।

नए सिपाहियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए सराहना की गई। उन्हें कड़ी मेहनत करने और गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध होने और अधिक पेशेवर क्षमता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# प्रचार रथ एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

■ द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

वहाज अली निहाल



इटावा। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुक्रवार 15.12.2023 से 31.12.2023 तक जनपद में चलाया जाना है, जिसका शुभारम्भ प्रथम दिन पुलिस लाइन परिसर में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिला अधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा प्रचार रथ एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उक्त जानकारी बृजेश सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने दी। उन्होंने बताया कि उद्देश्य जनपद में विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, तथा सदर विधायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों को शपथ दिलायी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों से अपील की गई कि सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक रहकर ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। वाहन चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना, अनुमति नहीं अपितु एक जिम्मेदारी है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेगें व अन्य यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखेगें। इस जागरूकता पखवाड़ा में 15 दिन वाहन चालकों एवं आम जनमानस के बीच जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, साथ ही साथ इस पखवाड़े के प्रत्येक दिन विद्यालय में प्रार्थना के उपरान्त सड़क सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय प्रबन्धक उ.प्र. रा.स.प.नि. सहित आमजनमानस तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित सभी स्टेक होल्डर, जनपद में संचालित विभिन्न दो पहिया, चार पहिया वाहन विक्रेता मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया, ज़िलाधिकारी ने दी हरी झंडी

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब के द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया है शैक्षिक भ्रमण के लिए बसों को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि यह बच्चे मदर डेयरी चिकित्सा विश्वविद्यालय सैफई का निर्माण करेंगे इनके साथ जनपद के कई प्रधानाचार्य और अध्यापक आदि उपस्थित रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि ये बच्चे अपनी जिज्ञासा घरवाले अपने संबंधित स्थानों के विषय विशेषज्ञों के द्वारा सांत करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनवरंजन, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे सैफई चिकित्सा विद्वेष विश्वविद्यालय में बच्चों ने वाइस चांसलर सहित अन्य अधिकारियों से मुलाक़ात कर कॉलेज की लैब आदि को देखा वहीं मदर डेयरी में वहाँ के कर्मचारी ग़ाज़ियाबाद महाप्रबंधक ने बच्चों को डेयरी प्लांट में घुमाया और वहाँ के उत्पादन आदि के बारे में बताया गया।

# उपराज्यपाल के दृष्टिकोण पर शंकराचार्य ने जताई खुश

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पूर्वाम्नाय गोवर्धन पुरी पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने जम्मू कश्मीर के चतुर्दिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के दृष्टिकोण की जमकर तारीफ की है। शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जम्मू कश्मीर की चार दिवसीय यात्रा पूर्ण कर गोवर्धन स्थित आद्य शंकराचार्य आश्रम में पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष 1997 से वह लगातार भ्रमण करते रहे हैं। पिछले तीन साल में वहां भौतिक विकास के साथ-साथ संस्कृत भाषा और संस्कृति का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शांति पाठ और वेद मंत्रों की गूंज राज्य में सुनाई दे रही है। राष्ट्र विरोधी शक्तियों का दमन हुआ है। देश की अंतिम सीमा तक सड़कों का जाल बिछ गया और निर्भयता का वातावरण कायम हुआ। जगदुरु ने बताया कि जम्मू कश्मीर की पावन भूमि आद्य शंकराचार्य की साधना स्थली रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अथक प्रयासों से राज्य के विश्वविद्यालयों में अब संस्कृत और भारतीय दर्शन पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर सरकार और विभिन्न संस्थानों के प्रयास से वहां के लोगों में संस्कृत और वैदिक साहित्य के प्रति रुचि भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है, जो सनातन धर्म के विस्तार और राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए शुभ संकेत है। इस यात्रा के दौरान शंकराचार्य देवतीर्थ ने वहां के तमाम संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

## परंपरागत हाथ के हुनर को मिल रहा प्रोत्साहन

मथुरा। प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना चलायी जा रही है। इस योजना में जनपद में अब तक 481 व्यक्तियों को 917.43 लाख का अनुदान प्रदान किया गया है। इसी प्रकार जनपद के ओडीओपी उत्पादों के विकास के लिए ओडीओपी वित्त पोषण योजनान्तर्गत 168 लाभार्थियों को 968.83 लाख रूपये का अनुदान प्रदान किया गया है। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमईजीपी योजनान्तर्गत 526 लाभार्थियों को 1721.22 लाख का अनुदान उपलब्ध कराया गया है। ओडीओपी उत्पादों से जुड़े हस्तशिपियों, उद्यमियों के कौशल उन्नयन के लिए 1683 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्नत टूलकिट उपलब्ध करायी गयी है।

# जिस दर पर रसूल सलाम करें उसे दरे फ़ातिमा कहते है: मौलाना अबूज़र

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। रसूल अल्लाह की बेटी शहजादी फ़ातिमा जहरा की शहादत पर शरीफ मन्ज़िल सैदबाड़ा में राहत अक़ील शक्कन की ओर से पांच दिवसीय मजलिसों को आयोजन किया गया। पहली मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अबूज़र अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद जनपद फीरोजाबाद ने कहा रसूल अल्लाह अपनी बेटी से बेपनाह मोहब्बत करते थे। अल्लाह फरमाता है कि ऐ मेरे हबीब अगर हमे अपको पैदा न करना होता तो हम कायनात को पैदा न करते और अगर फ़ातिमा जहरा न होतीं तो हम किसी को पैदा न करते। अल्लाह ने शहजादी फ़ातिमा जहरा को बहुत बड़ा मर्तबा दिया। मौलाना अबूज़र अब्बास खान ने कहा कायनात के सारे अम्बिया जिस दर पर सलाम करें उसे दरे रसूल कहते हैं और जिस दर पर रसूल सलाम करें उसे दरे फ़ातिमा कहते हैं। शहजादी फ़ातिमा जहरा 11 इमामों की मां हैं। मजलिस में सलीम रजा, जहूर नक़वी ने सोजख्वानी की, सलमान रिजवी, तालिब रज़ा, तालिब रिजवी ने कलाम पेश किए और तनवीर हसन ने नोहाख्वानी की। अंजुमने हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि शरीफ मन्ज़िल सैदबाड़ा में आयोजित तीसरी मजलिस में मौलाना तालिब हुसैनी कानपुर, चौथी मजलिस में मौलाना फ़ज़्ले अब्बास कानपुर और अंतिम पांचवीं मजलिस में मौलाना सदाक़त हुसैन नक़वी फर्रुखाबाद तकरीर करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा मोहसनीन को इस्लामिया परिवार ने दी बधाई व शुभकामनाये



इटावा, अवधनामा ब्यूरो। इटावा महोत्सव प्रदर्शनी पण्डाल में चौधरी कृष्ण गोपाल स्मारक जनपद स्तरीय संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता में मध्यम वर्ग में एच0एम0एस0 इस्लामिया गर्ल्स इण्टर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा मोहसनीन पुत्री मु0 मुस्तकीम को प्रथम स्थान मिलने पर कालेज की प्रधानाचार्य सायमा जमील, समस्त स्टाफ एंव इस्लामिया परिवार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाये एंव बधाई दी गई।

### सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया



इटावा, अवधनामा ब्यूरो। शासन के निर्देशानुसार व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को माद्दे नजर रखते हुए नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी के निर्देशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के ब्राण्ड एम्बेसडर डाक्टर हरीशंकर पटेल( समाज सेवी )के विशेष सहयोग से लक्ष्मी वाटिका, पक्का तालाब मे स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सुनील कुमार, प्रोजेक्ट एनालिस्ट जयबीर सिंह एवं मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत आज नगर पालिका परिषद द्वारा जनपद के प्रत्येक वार्ड में उपलब्ध सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सफाईनायक शेखर, नरेश, महावीर, जयराज, राममिलन, इकरान, सुनील कुमार, अदील, उवेश, गोलू, संजीव, समीम, राधा, रेखा, विशाल, संदीप, नितिन मौजूद रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण



हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी हरदोई सौम्या गुरु रानी द्वारा आज उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बावन का निरीक्षण किया गया उसके बाद आरसी सेंटर बावन का निरीक्षण किया गया। आरसी सेंटर बावन के निरीक्षण के समय साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होने सचिव सुनील यादव को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आर आर सी सेंटर बावन पर तैयार की जा रही कम्पोस्ट खाद की पेकेटिंग कराकर उसका विक्रय के निर्देश दिए गए ताकि ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हो सके। इसके साथ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा केंद्र पर कूड़ा निस्तारण की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के निर्देश दिए गए। तदोपरांत उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बावन का निरीक्षण करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता को परखा गया तथा रसोई घर एवं शौचालय का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं को देखा गया। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी डॉ राम प्रकाश पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीपी सिंह तथा मध्यान भोजन मयंक त्रिपाठी साथ उपस्थित रहे।

### खेरिया गांव में आयोजित की गई ग्राम चौपाल

हरदोई। विकास खण्ड हरियावां की ग्राम पंचायत खेरिया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार एवं खण्ड विकास अधिकारी निधि राठौर ने ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। ग्राम वासियों ने मुख्य रूप से बारात घर, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने एवं आयुष्मान कार्ड पेंशन किसान सम्मान निधि की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। जिला विकास अधिकारी ने जल्द ही ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाने एवं किसान सम्मान निधि हेतु कैंप लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण मुन्नू लाल, टीए आदित्य कुमार, ग्राम प्रधान खेरिया दिनेश कुमार, आशुतोष आजाद एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव सद्दाम हुसैन, शिवकुमार बाजपेयी, रामकमल, पवन सहित सैकड़ो ग्राम वासी मौजूद रहे।

### सरपंच के आदर्शो को अपनाने पर बल

कोसीकलां (मथुरा)। समाजसेवी चौधरी रतीराम सरपंच की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को गांव सांचौली में समारोह पूर्वक उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने उनके आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया। इससे पूर्व उनकी प्रतिमा के समक्ष अखंड रामायण पाठ एवं मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि सरपंच ने हत्या, झगड़े के मामले भी पंचायत के माध्यम से निपटा दिए। उन्होंने हिंदू मुस्लिम झगड़े को भी आपसी मेलजोल के माध्यम से हल कराकर क्षेत्र में एकता की मिसाल पेश की थी। अपने समय में उन्होंने गांव में लगातार निर्विरोध प्रधान, ब्लॉक प्रमुख का चुनाव करा आपसी भाईचारा कायम करने में सहयोग दिया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता चौधरी, दिव्यांश चौधरी, नरदेव चौधरी, रूबी चौधरी, प्रवीन भारद्वाज, मनोज फौजदार, राजवीर सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, कर्मवीर सिंह, विवेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का किया गया शुभारम्भ

हरदोई। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में आज कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, हरदोई के परिसर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्याम प्रकाश जी विधायक गोपामऊ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सड़क सुरक्षा एवं बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से लोगो को जागरूक किया गया तथा उपस्थित स्टेक होल्डर्स विभागो के अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से सम्बन्धित उपस्थित लोगो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अन्त में मुख्य अतिथि द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया गया आयोजन



हरदोई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम कराही में माननीय विधायक प्रभाष कुमार जी द्वारा कार्यक्रम का शुभ्भारभ किया गया। माननीय विधायक जी द्वारा ग्राम वासियों/गरीबो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा गरीबो, नौजवान, महिलाओं के उत्थान हेतु काफी योजनाये चलाई जा रही है। जिससे उनके जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है तथा वह हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे है। विकास खण्ड भरावन के ग्राम लौली में माननीय ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर जी द्वारा यात्रा कार्यकम की आगवानी की गई।

उन्होंने कहा कि किसानो नौजवानो के हितार्थ चलाई जा रही है। आज देश के लगभग प्रत्येक किसान को पीएम किसान निधि योजना का लाभ व राशन प्राप्त हो रहा है। विकास खण्ड साण्डी के ग्राम मंसूरपुर व दसौली में माननीय ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार राजपुत जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर माननीय ब्लाक प्रमुख जी द्वारा कृषि, स्वास्थय, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड पिहानी के ग्राम बरी व कुरगवां में मानीय ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेयी जी ने यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उन्होने किसनो की आय दोगुनी करने हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम पिपौना, विकास खण्ड भरावन के ग्राम सोनिकपुर, विकास खण्ड सुरसा के ग्राम बहरईया व उमरापुर विकास खण्ड बावन के ग्राम मानीमऊ व मिरकापुर विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम गोगावा उमराव व खुटेहना में, विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम कोइलरा व दिवाली, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम हथौडा व थरिया में विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम मगरहा में, विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम शाहपुर गंगा व शाहपुर पवार में, विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम बूटामऊ व नसौली डामर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यकम स्थल पर प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सर्द मौसम में होम्योपैथी हो सकती है बेहतर साथी

■ होम्योपैथी में उपचार मौसमी बीमारियों का हो सकता है बेहतर विकल्प

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। मौसम सर्द हो चला है। अब दिन में भी लोगों को गर्म वस्त्र पहनने पड रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। सर्दी, जुकाम, सिर दर्द, चर्म रोग जैसी बीमारियां इस मौसम में बढ जाती हैं। इन मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए होम्योपैथी बहतर विकल्प हो सकती है। कलेक्ट्रेट स्थित जिला राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर प्रतिदिन 60 से 70 मरीज दवा लेने पहुंच रहे हैं। यहां एक रूपये के पर्चे पर दवा मुफ्त दी जाती है। चूंकि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, सर्दी जुकाम में होम्योपैथिक दवाएं विशेष कारगर साबित होती है। चिकित्सालय प्रभारी डा. एमपी सिंह ने बताया कि वैसे तो हर पैथी की अपनी सीमा होती है लेकिन सर्दी जुकाम के मामलों में होम्योपैथिक दवा विशेष कारगर हैं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। इस मौसम में कॉमन कोल्ड की चपेट में बुजुर्ग और बच्चे आसानी से आ जाते हैं। सर्दी के समय बदहजमी और एसिडिटी की समस्या भी आम रहती है। खासकर यह बीमारी बुजुर्ग और बच्चों को अपने प्रभाव में जल्दी ले लेती है। कान बंधे रखें, एक दम से कपडे कम न करें, भारी खाने से बचें, कम से कम आधा घंटा प्रतिदिन व्यायाम करें, आधा घंटा धूप में बैठें, मौसम के फल और सब्जी खाएं। होम्योपैथिक दवा लेने से कई प्रकार की सर्जरी से भी बचा जा सकता है। किडनी की पथरी, पाइल्स, फिशर, चर्म रोगा आदि कॉमन हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि होम्योपैथिक दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। आज कल अनियमित दिनचर्या के चलते देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

शुगर की बीमारी में इस पैथी का इलाज कारगर साबित हो रहा है।

## राहगीर का मैन हॉल में फंसा पैर, सरिया काटकर निकाला

मथुरा। शहर के प्रमुख घंटाघर चौराहे पर शुक्रवार को एक राहगीर किन्नर का पैर मैन हॉल के जाल में फंस गया। घंटों मशक्कत के बाद भी जब उसका पैर जाल से नहीं निकला तो स्थानीय राहगीरों ने कटर से जाल को काटा और किन्नर का फंसा हुआ पैर निकाला। घटना में उसका पैर घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार दिलाया गया। घटनाक्रम के अनुसार तालाब शाही स्थित राठौर नगर निवासी सलमा किन्नर अपने साथियों के साथ पूर्वाहन लालाराम मार्ग की ओर से आ रही थी। जब वे गली से घंटाघर चौराहे की ओर निकल रही थी तभी उसका पैर मैन हॉल पर रखे जाल पर पडा और उसमें फंस गया। मोटी सरिया से बने जाल से उसके पैर नहीं निकल सका। हालांकि स्थानीय लोग करीब एक घंटे तक इस मशक्कत में लगे रहे। काफी देर के बाद भी जब उसका पैर जाल से नहीं निकल सका तो लोगों ने मैन हॉल के जाल को काटकर उसका पैर निकालने की योजना बनाई। कटर से जाल को काटकर उसका पैर निकाला गया।

# चलाया गया जागरुकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। ऑपरेशन जागृति अभियान के अन्तर्गत थाना मांट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत डांगोली में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जागरूक अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा महोदया द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में 15 दिसंबर को ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थाना मांट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत डांगोली में क्षेत्राधिकारी मांट महोदय के नेतृत्व में थाना मांट पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं, युवतियों, , सम्भ्रांत व्यक्तियों को जागरूक किया गया। ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोर/किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना।

## उर्स नसीरी ताहिरी चिश्ती की तैयारियां पूरी

बिलग्राम। शरीफ का सबसे कदीम इतिहासिक उर्स नसीरी हर साल की तरह इस साल भी खानकाहे नसीरीया चिश्तिया में मनाया जाएगा उर्स की शुरुआत 16 दिसम्बर को परचम कुशाई से होगी। सज्जादानशीन हज़रत सरकार सैय्यद अफसर मियां साहब क़िब्ला खानकाहे नसीरीया चिश्तिया यासीनीया कलनंदरीया सादिया बिलग्राम शरीफ हरदोई उत्तर प्रदेश सैय्यद काशिफ़ अली नसीरी न बताया कि 16से 18 दिसम्बर तक चलेगा जिसमें सभी मज़हब के लोग शामिल होंगे उर्स नसीरी बिलग्राम के महान सूफी संत हजरत सैय्यद नसीरूद्दीन शाह सानी बिलग्रामी का उर्स जो कि 16.18 तक चलेगा।

# दो दिन बाद चालू की गई गांव की विद्युत आपूर्ति

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। बकाया बिल होने पर पूरे गांव की काटी गई बिजली को विभाग ने दो दिन बाद शुक्रवार को जुड़वा दिया। इससे पहले बकाया जमा न होने की स्थिति में कर्मचारियों ने गांव नौधरा की विद्युत आपूर्ति दो दिन के लिए काट दी थी। इससे वह उपभोक्ता भी दो दिन परेशान रहे थे जिन्होंने समय से विद्युत बिल भर दिया था। उच्चाधिकारियों के हस्तपेक्ष के बाद विद्युत आपूर्ति चालू की गई तथा सभी बकाएदारों से ओटीएस में पंजीकरण कर लाभ लेने की बात भी कही। ग्राम पंचायत सींगा पट्टी के गांव नौधरा की विद्युत आपूर्ति विभागीय कर्मचारियों ने पिछले दो दिन पूर्व काट दी थी। इस कारण ग्रामीण परेशान थे। विद्युत कर्मचारियों का कहना था कि गांव में काफी लोगों पर विद्युत बिल बकाया था और ओटीएस योजना लागू होने के बाद भी ग्रामीण बिल भरने में रुचि नहीं ले रहे थे। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से वह उपभोक्ता भी परेशानी झेल रही थे जिन्होंने अपना बिल समय से भर दिया था। विद्युत आपूर्ति बंद हो जाने के बाद ग्रामीण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला लाए थे। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद में कर्मचारियों ने विद्युत आपूर्ति चालू की। ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति चालू होने पर खुशी जाहिर की।

# श्रीजानकी वल्लभ सरकार के अनन्य उपासक थे महन्त वृन्दावनदास महाराज: स्वामी अभिराम

अवधनामा संवाददाता

वृन्दावन (मथुरा)। रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में श्रीहनुमान टेकरी वृन्दावन धाम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान साकेतवासी महन्त वृन्दावनदास महाराज का त्रिदिवसीय साकेत गमनोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ महामंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास महाराज (हिमालय वासी) के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत साकेतवासी महन्त वृन्दावनदास महाराज के चित्रपट का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य महामंडलेश्वरों, महंतों, संतों, विप्रों एवं भक्तों-श्रृद्धालुओं के द्वारा किया गया।साथ श्रीरामर्चन महायज्ञ की भी पूर्णाहुति वैदिक विप्रों द्वारा की गई। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास महाराज (हिमालय वासी) ने कहा कि साकेतवासी महन्त वृन्दावनदास महाराज श्रीरामानंदीय संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।वह वृन्दावन श्रीहनुमान टेकरी स्थित मंदिर ठाकुर श्रीजानकी वल्लभ सरकार के अनन्य उपासक थे। हनुमान टेकरी आश्रम के महंत ओंकार दास महाराज एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीहनुमान टेकरी आश्रम श्रीधाम वृन्दावन का अत्यंत प्राचीन व सिद्ध स्थान है।यहां के सभी पूर्ववर्ती महंतों ने अपनी साधना की शक्ति से असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़कर उनका कल्याण किया है। शालिग्राम कुटी आश्रम के महंत रमणरेती दास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत दीनबन्धु दास महाराज (दिल्ली) ने कहा कि साकेतवासी महन्त वृन्दावनदास महाराज सहजता, सरलता, उदारता एवं परोपकारिता आदि अनेकों सद्गुणों की खान थे।उन जैसी पुण्यात्माओं से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। संत-विद्वत सम्मेलन में महंत परमेश्वरदास महाराज, महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महराज (दिल्ली), महंत श्यामसुंदर दास महाराज (ओंकारेश्वर), महंत रविकरण दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, महंत दीनदयाल दास महाराज, मेजर उमेश सिंह (राजस्थान) आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन महंत रमणरेती दास महाराज ने किया।इससे पूर्व हनुमान टेकरी आश्रम के महंत ओंकार दास महाराज ने सैकड़ों महामंडलेश्वरों व महंतों का सम्मान किया।।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं झंरा भंडारे के साथ हुआ।जिसमें हजारों संतों, विप्रों व निर्धनों को खाद्य सामग्री एवं कंबलों का वितरण किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को भाजपा मथुरा महानगर के सदर मंडल के लक्ष्मी नगर तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर लोगों को योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। भाजपा सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं का सभी वंचित पात्रों को भी मिलेगा। ये है मोदी सरकार की गारंटी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे मथुरा वृन्दावन विधानसभा के विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार में समाज के हर वर्ग का भला हो रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। धीरे-धीरे देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें सभी योजनाओं को अवगत कराना है कि जनता उनसे लाभान्वित हो। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि भाजपा का आज परचम लहराया हुआ है। कल्याणकारी योजनाओं से हर कोई लाभान्वित हो रहा है। समाज के हर वर्ग के लिए मोदी सरकार संकल्पित हैं। अधिकारियों को भी चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। महानगर के सदर मंडल अध्यक्ष विष्णु सैनी, पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, माधव उपमन्यु ,राहुल राजावत एवं भाजपा के पदाधिकारीगण ने भी योजनाएं गिनाई।

# सर्दियों में बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद हैं ये ड्राई रूट्स, स्वाद के साथ मिलेगी सेहत

सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं।

मौसम में बदलाव आने के साथ बड़ों से लेकर बच्चों तक को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि मौसम में बदलाव आने के साथ ही हमें कई तरह की बीमारियां घेरने लगती हैं। सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि छोटे बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होती है। जिसके कारण वह जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जानेंगे कि बच्चों को की सेहत के लिए कौन से ड्राई फ्रूट्स फायदेमंद होते हैं।



***बादाम***

बादाम बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों के लिए भी यह लाभकारी होता है। बादाम में विटामिन ए, विटामिन बी2, प्रोटीन और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं ठंड के मौसम में बादाम के सेवन से खांसी और कफ में फायदा मिलता है। वहीं इसमें कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है।

***छुहारे***

सर्दी के मौसम में वायरस से बचाने के लिए बच्चों को छुहारे खाने के लिए देना चाहिए। छुहारे में मिनरल्स और विटामिन की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। जो बच्चों के शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करते हैं। अगर आप रोजाना बच्चे को छुहारा खाने के लिए देते हैं। तो इससे बच्चों की इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है।

***अखरोट***

अखरोट में विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। सर्दी में बच्चों को अखरोट खिलाने से इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है और वह जल्दी बीमार नहीं होते हैं। बता दें कि अखरोट में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर का कैंसर से बचाव करते हैं और त्वचा को नमी देने का काम करते हैं।

***काजू***

सर्दियों में काजू का सेवन कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। वहीं काजू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के चेहर पर निखार लाने में सहायक होता है। काजू स्वाद में भी अच्छा होता है, जिसके कारण बच्चे इसे चाव से खाते हैं।

***खजूर***


सर्दी के मौसम में न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों की सेहत के लिए खजूर काफी फायदेमंद होता है। खजूर में आयरन, कैल्शियम, मिनरल्स और अमीनो एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती है।

***बच्चों को ऐसे खिलाएं ड्राई फ्रूट्स***

अगर आप सोच रही हैं कि बच्चों को किस तरह से ड्राई फ्रूट्स खिलाएं, तो आप बादाम शेक बनाकर उन्हें दे सकती हैं। इसके लिए बादाम और किशमिश रातभर के लिए भिगो दें। फिर सुबह इन्हें बच्चों को खिलाएं। इसके साथ ही आप बच्चों को ड्राई फ्रूट्स की स्मूदी बनाकर भी दे सकती हैं।

डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# दूध के साथ इन फूड्स का सेवन कर देगा आपको बीमार, सेहत के लिए जहर हो सकती हैं ये चीजें



दूध के साथ कुछ चीजों का सेवन करने से यह दूध की ताकत को खत्म कर देते हैं। साथ ही इस कॉम्बिनेशन से यह विषाक्त पदार्थ बना सकते हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि दूध के साथ किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।

दूध हमारे शरीर के लिए एक पौष्टिक आहार है। लेकिन दूध के साथ कुछ चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। क्योंकि इन नियमों को ध्यान में न रखने से यह आपको सेहतमंद बनाने की जगह बीमार कर सकती हैं। क्योंकि दूध के साथ इन चीजों का सेवन करने से यह दूध की ताकत को खत्म कर देते हैं। साथ ही इस कॉम्बिनेशन से यह विषाक्त पदार्थ बना सकते हैं।

ऐसे में अगर आपको भी इस बारे में जानकारी नहीं है कि दूध के साथ किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि दूध के साथ किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।

***दूध के साथ न करें इन चीजों का सेवन***

बता दें कि आयुर्वेद में खाने-पीने के कुछ नियम बताए गए हैं। ऐसे में अगर इन नियमों का ध्यान न रखा जाए तो फिर आप चाहे जितना अच्छा खाएं-पिएं। लेकिन आपके शरीर पर इसका कुछ खास असर नहीं होगा। ऐसे में भूलकर भी फूड्स कॉम्बिनेशन का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इस तरह से आपको हेल्दी फूड्स भी आपको बीमार बना सकते हैं। जैसे कि दूध हमारे लिए हेल्दी माना जाता है। लेकिन दूध के साथ कुछ चीजों का सेवन करने से आपको कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

***दूध के साथ न खाएं मछली***

भूलकर भी दूध के साथ मछली का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर के मुताबिक मछली के साथ दूध का सेवन करने से व्यक्ति को त्वचा संबंधी प्रॉब्लम हो सकती है।

***दूध के साथ खट्टे फल***

इसके साथ खट्टे फलों जैसे संतरा, नींबू या मौसंबी आदि के साथ दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि खट्टे फलों के साथ दूध का सेवन करवने से व्यक्ति को पाचन संबंधी कई समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

***दूध के साथ खमीर ब्रेड***

अगर आप दूध के साथ खमीर ब्रेड का सेवन कर सकते हैं, तो इससे आपको पेट में बेचैनी महसूस हो सकती है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन असंतुलन भी पैदा कर सकता है।

***दूध के साथ केले का सेवन***

हांलाकि अधिकतर लोग दूध के साथ केले का सेवन करना पसंद करते हैं। लेकिन बिना डॉक्टर की सलाह पर इसका अधिक सेवन करने से कफ की समस्या हो सकती है। साथ ही गले में भी बेचैनी हो सकती है।

***तरबूज या खरबूज***

तरबूज या खरबूज जैसे फलों को दूध के साथ खाने पर आपको पाचन संबंधी कई विकार परेशान कर सकते हैं।

***न खाएं मूली व जड़ वाली सब्जियां***

आपको बता दें कि दूध के साथ मूली य शलजम जैसी जड़ वाली सब्जियों को नहीं खाना चाहिए। क्योंकि दूध के साथ इन चीजों का सेवन करने से इन्हें पचाना काफी मुश्किल होता है। वहीं यह आपके पाचन सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।

***दूध के साथ न खाएं ये चीजें***

डॉक्टर के मुताबिक दूध के साथ मीट, हरी पत्तेदार सब्जियां, नमक आदि का भूलकर भी सेवन नहीं करना चाहिए।

# दांत निकलने पर चिड़चिड़ा हो गया है बच्चा तो जरूर करें ये एसरसाइज, दर्द में मिलेगा आराम



दांत निकलने पर बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं, जिससे माता-पिता के लिए बच्चे को संभालना काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम आपको कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे बच्चे की तकलीफ काफी हद तक कम हो सकती है।

छोटे बच्चों के दांत निकलने पर उन्हें दर्द और असहजता महसूस होती है। ऐसे में कई बार वह लगातार रोते हैं और चिड़चिड़े हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स के लिए बच्चे को संभालना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अगर आपके बच्चे के भी दांत निकल रहे हैं और वह दर्द में हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करवाने से आप बच्चे की तकलीफ को काफी हद तक कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन एक्सरसाइज के बारे में...

***ऐसे कराएं एक्सरसाइज***

बता दें कि दांत निकलने पर बच्चों के मसूड़े फूल जाते हैं। ऐसे में बच्चे के फेस पर आंखों से लेकर कान की ओर स्ट्रोक चलाएं। साथ ही लोअर लिप से कान की ओर और अपर लिप से कानों की ओर ट्रोक चलाएं। फिर कानों से ठोड़ी की तरफ स्ट्रोक चलाएं। दिन में दो से तीन बार ऐसा करने से बच्चे को दर्द में आराम मिलेगा।

***इस समय निकलते हैं बच्चे के दांत***

जब बच्चा तीन महीने का होता है तो उसके दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। 4 से 7 महीने की उम्र में मसूड़ों के अंदर बच्चे का पहला दांत आना शुरू हो जाता है। सबसे पहले सामने वाले पोर्शन में बच्चे के दांत निकलते हैं। इसे सेंट्रल इंसिजर कहा जाता है। आमतौर पर सामने के ऊपरी दांत 4 से 8 सप्ताह के अंदर आते हैं। फिर करीब 1 महीने बाद नीचे के दांत आना शुरू हो जाते हैं।

***दांत निकलते पर दिखते हैं ऐसे लक्षण***

जब बच्चे के मसूड़े में सूजन आने के साथ यह लाल होने लगते हैं। वहीं शिशु के शरीर का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से कम होता है। तो यह बच्चे के दांत निकलने के लक्षण होते हैं। दांत निकलने पर बच्चे के चेहरे पर रैशेज आ जाते हैं और शिशु अपने कानों पर बार-बार हाथ फेरने लगता है। वहीं दांतों के दर्द और असहजता को दूर करने के लिए बच्चे के हाथ में जो भी आता है, वह उसे अपने मुंह में डालता है। वहीं दर्द के कारण बच्चे को रात में सही से नींद भी नहीं आती है।

***बच्चे के दांत निकलने पर क्या करें***

बच्चे के दांत निकलने पर मुंह से लार निकलने लगती है। इसको बार-बार साफ करते रहें। साथ ही साफ उंगली से बच्चे के मसूड़ों को धीरे-धीरे मसलें। वहीं बच्चे को चबाने के लिए भी कुछ दें। इसके अलावा फ्रिज में 30 मिनट के लिए एक गीला कपड़ा रख दें। फिर इस कपड़े को बच्चे के दांत पर मसलें। इससे बच्चे को दर्द में राहत मिलेगी।

***डॉक्टर को दिखाएं***

इसके अलावा दांत निकलने पर बच्चे को समय-समय पर पीडियाट्रिशयन और डेंटिस्ट के पास चेकअप के लिए जाएं। इससे आप भी निश्चित रहेंगे। साथ ही डेंटिस्ट को दिखाने से बच्चे को भी आराम मिलेगा।

# एनीमिया होने पर दिखाई देते हैं ऐसे लक्षण, डाइट में फौरन सुधार न करने से दिक्कत में पड़ सकते हैं आप




महिलाओं में एनीमिया की समस्या ज्यादा देखी जाती है। खासकर गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है। बता दें कि हीमोग्लोबिन या ब्लड टेस्ट के जरिए एनीमिया की जांच की जाती है।

रक्त संबंधित रोग को एनीमिया कहा जाता है। इस बीमारी के चलते व्यक्ति के शरीर में खून की कमी होने लगती है। वहीं हीमोग्लोबिन एक तरह का प्रोटीन है। बता दें कि फोलिक एसिड, आयरन और विटामिन की कमी से एनीमिया हो जाता है। पुरुष और महिला दोनों में यह बीमारी हो सकती है। लेकिन ज्यादातर महिलाओं में यह समस्या देखी जाती है।

खासकर गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है। जिसके कारण प्रेग्नेंसी में महिलाओं को कमजोरी, थकान, सिर दर्द, चिड़चिड़ापन और चक्कर आदि आने लगते हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को किन फूड्स का सेवन करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

***एनीमिया के लक्षण***

एनीमिया के लक्षणों के दिखते ही सबसे पहले टेस्ट करवाएं। इससे पुष्टि हो जाएगी। वहीं प्रग्नेंसी के दौरान महिलाओं को एनीमिया की समस्या होती है। लेकिन कई बार महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। जिसका असर गर्भ में पलने वाले बच्चे पर पड़ता है। कई मामलों में स्थिति इतनी अधिक गंभीर हो जाती है कि बच्चे की जान बचाना मुश्किल हो जाता रहै। ऐसे में अगर आपके परिवार में किसी की एनीमिया की मेडिकल हिस्ट्री है। तो डॉक्टर को इसके बारे में जरूर बनाएं। हीमोग्लोबिन या ब्लड टेस्ट के जरिए एनीमिया की जांच की जाती है।

***आयरन रचि फूड्स***

एनीमिया के लक्षण नजर आने पर आयरन रिच फूड्स का सेवन करना चाहिए। बता दें कि पालक, काली मसूर दाल, लाल मसूर दाल और चना दाल में आयरन की अच्छी मात्रा पायी जाती है। वहीं दाल में आयरन और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है। वहीं इसके अलावा आप अंजीर, किशमिश, अखरोट और काजू आदि ड्राई फ्रूट्स का भी सेवन कर सकते हैं। साथ ही अंडे का सेवन भी एनीमिया में फायदेमंद माना जाता है। कद्दू के बीज का सेवन एनीमिया में लाभकारी होता है।

***फोलकि एसडि***

एनीमिया के मरीजों को हेल्थ एक्सपर्ट्स की सलाह पर फोलिक एसिड का सेवन भी करना चाहिए। बता दें कि फोलिक एसिड विटामिन बी का एक रूप है। फोलकि एसडि का सेवन ब्लड सेल्स के निर्माण के लिए फायेदमंद माना जाता है। वहीं प्रेग्नेंसी के दौरान भी महिलाओं को फोलिक एसिड का सेवन किए जाने की सलाह दी जाती है। क्योंकि यह गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास के लिए भी जरूरी माना जाता है। ऐसे में आप डॉक्टर की सलाह पर विटामिन-क्ष्12 का सेवन कर सकती हैं।

# ब्रेस्टफीडिंग से जुड़े इन मिथकों को सच मानते हैं लोग, जानिए या है सच्चाई

वहीं जिन महिलाओं के स्तन सामान्य से कम होते हैं, उनपर कोई भी आउटफिट निखरकर नहीं आते हैं। बता दें कि महिलाओं के बीच स्तनों के साइज को लेकर कई मिथक फेमस हैं। जिनको अधिकतर लोग सच मान बैठते हैं।

ब्रेस्ट साइज लड़कियों या महिलाओं की पर्सनालिटी में काफी अहम भूमिका निभाते हैं। ब्रेस्ट का सही आकार महिलाओं व लड़कियों की पर्सनालिटी को निखारने का काम करते हैं। साथ ही इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। वहीं जिन महिलाओं के स्तन सामान्य से कम होते हैं, उनपर कोई भी आउटफिट निखरकर नहीं आते हैं। बता दें कि महिलाओं के बीच स्तनों के साइज को लेकर कई मिथक फेमस हैं। जिनको अधिकतर लोग सच मान बैठते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्रेस्ट साइज से जुड़े कई मिथकों और उनकी सच्चाई के बारे में बताने जा रहे हैं।

***समान रहता है ब्रेस्ट साइज***

अधिकतर लोगों को लगता है कि महिलाओं के स्तन का आकार पूरी उम्र एक समान रहता है। लेकिन यह एक बड़ा मिथ है। क्योंकि वेट बढ़ने के साथ ही महिलाओं के स्तनों के आकार में भी बदलाव आता है। महिलाओं के स्तनों का आकार उम्र के मुताबिक बदलता रहता है। इसलिए यह मिथक गलत है।

***ब्रेस्टफीड से ढीले हो जाते हैं स्तन***

अक्सर लोग यह सोचते हैं कि ब्रेस्टफीड करवाने से महिलाओं के स्तन ढीले या फिर लटकने लगते हैं। जबकि ऐसा सोचना भी बिलकुल गलत है। स्तनपान करवाने से स्तत ढीले नहीं होते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ ही स्तन ढीले होने लगते हैं। ऐसे में आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप बिना डरे शिशु को स्तनपान करवा सकती हैं।

***एक्सरसाइज से बढ़ता है ब्रेस्ट साइज***

अगर किसी लड़की के ब्रेस्ट का आकार छोटा है। तो वह आकर्षित नहीं लगते हैं। ऐसे में उनको एक्सरसाइज या फिर योग करने की सलाह दी जाती है। स्तन ऊतकों से बने होते हैं, न कि मांसपेशियों से। एक्सरसाइज करने से मसल्स मांस बढ़ता है, लेकिन इससे ब्रेस्ट साइज के आकार में बदलाव नहीं आता है।

***मिल्क प्रोडक्शन***

कई महिलाओं को लगता है कि स्तन का साइज बड़ा होता है, तो मिल्क प्रोडक्शन भी बढ़ता है। लेकिन इस बात में जरा भी सच्चाई नहीं है। ब्रेस्ट साइज का और मिल्क प्रोडक्शन का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। कई बार स्तनों का आकार बढ़ा होने के बाद भी दूध का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता है।



बंद हो जाता है किशोरावस्था के बाद स्तनों का बढ़ना

अपने जीवन के हर पड़ाव पर महिलाओं को शरीर में बदलाव का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर लोगों को लगता है कि किशोरावस्था के बाद ब्रेस्ट साइज का बढ़ना बंद हो जाता है। हांलाकि हार्मोनल बदलावों या फिर अन्य कारणों की वजह से स्तनों का आकार प्रभावित हो सकता है।

# आपके मूड को अच्छा बनाते हैं ये फल

सर्दियों में संतरे खाने से आपका मूड भी काफी अच्छा होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर पाया जाता है। विटामिन सी सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन के लिए आवश्यक है। जिससे आपका मूड अच्छा होता है।

जब भी हमारा मन उदास होता है या फिर मूड खराब होता है तो अक्सर हम सभी अनहेल्दी फूड्स जैसे फ्राइड या फिर शुगरी फूड्स खाना शुरू कर देते हैं। इससे मूड भले ही अच्छा हो जाए, लेकिन सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप हेल्दी ऑप्शन चुनें। इसके लिए आप फलों का सेवन कर सकते हैं।

जी हां, ऐसे कई फल होते हैं, जिन्हें अपनी मूड बूस्टिंग प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल्स व एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण सेहत पर भी अच्छा असर पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ फलों के बारे में बता रहे हैं, जो आपके मूड को अच्छा बनाते हैं-



***केले***

केले आपके मूड को अच्छा बनाने के लिए जाने जाते हैं। दरअसल, केले में ट्रिप्टोफैन होता है, जिसे शरीर सेरोटोनिन में परिवर्तित करता है, एक न्यूरोट्रांसमीटर जो आपके मूड को अच्छा बनाता है। इतना ही नहीं, इसमें पोटेशियम, विटामिन बी6 और कार्बोहाइड्रेट आदि भी पाया जाता है।

***बेरीज***

बेरीज जैसे ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी आदि में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी और विटामिन के आदि पाया जाता है। ये एंटी-ऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से निपटने में मदद करता है। यही कारण है कि जब बेरीज का सेवन किया जाता है तो इससे आपको अच्छा लगता है।

***चेरी***

चेरी एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन सी और पोटेशियम से भरपूर होता है। इतना ही नहीं, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह आपको अच्छी नींद दिलाने में मदद करता है, जिससे मूड पर अच्छा असर पड़ता है।

***संतरे***

सर्दियों में संतरे खाने से आपका मूड भी काफी अच्छा होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर पाया जाता है। विटामिन सी सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन के लिए आवश्यक है। जिससे आपका मूड अच्छा होता है। इतना ही नहीं, संतरे की रिफ्रेशिंग खुशबू से अरोमाथेराप्यूटिक प्रभाव भी होता है।

***अनानास***

अनानास का सेवन करने से भी आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसमें विटामिन सी, मैंगनीज और ब्रोमेलैन पाया जाता है। ब्रोमेलैन आपके मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ, इसका टेस्ट भी काफी अच्छा लगता है।

# सर्दी-जुकाम और खांसी की छुट्टी कर देंगे ये 5 अमेजिंग जूस, स्वाद के साथ मिलेगी फिटनेस

सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में हम सभी को अपनी डाइट का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि हेल्दी और प्रॉपर डाइट लेने से न सिर्फ हमारा शरीर वार्म रहता है। बल्कि शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है। ऐसे में कई लोग सर्दियों में जूस का सेवन भी करते हैं। लेकिन सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आप हेल्दी और फिट रहेंगे।

***गाजर-अदरक जूस***

गाजर और अदरक जूस में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है। जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। यह जूस हमारी त्वचा को जवां और ग्लोइंग बनाता है। यह जूस शरीर में कोलेजन बढ़ाने के साथ ही त्वचा की इलास्टिसिटी को इम्प्रूव करता है। एक रिसर्च के मुताबिक अदरक के जूस में जिंजरोल पाया जाता है। जो कैंसर कोशिकाओं के विनाश को बढ़ावा देता है।

***चुकंदर जूस***



चुकंदर हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप सर्दियों में चुकंदर के जूस का सेवन कर सकते हैं। सर्दियों में चुकंदर के साथ अदरक डालकर इसका सेवन करने से शरीर को एंटीइंफ्लामेटरी, नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन व मिनरल्स मिलेगा। अगर आप रोजाना 500 मिलीलीटर बीटरूट जूस पीते हैं। तो इससे 15 फीसदी तक शरीर की थकावट कम हो सकती है।

***क्रैनबेरी जूस***

क्रैनबेरी जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारी डायजेशन सिस्टम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी भी बढ़ाता है। क्रैनबेरी जूस में विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा पायी जाती है। इस जूस का सेवन करने से हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ निकल जाता है। साथ ही यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन में भी राहत देने का काम करता है। आप संतरा, मौसंबी और अंगूर को मिलाकर क्रैनबेरी जूस बना सकते हैं।

***सिट्रस फ्रूट जूस***

सिट्रस फ्रूट जूस विटामिन सी से भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के साथ ही इंफेक्शन और कोल्ड फ्लू से बचाता है। सिट्र्स फ्रूट जूस फ्लेवोनोइड्स दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साथ ही विटामिन सी के होने से यह त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

***कीवी जूस***

कीवी में कैरोटेनोइड्स, पॉलीपेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाया जाता है। इसमें मौजूद तत्व कोल्ड और फ्लू से बचाने का काम करते हैं। साथ ही यह जूस झुर्रियों को कम करता है। जिससे हमारी त्वचा यूथफुल दिखती है।

# सरेंडर से पहले मास्टरमाइंड ललित झा ने जला दिए थे साथियों के फोन

## पुलिस को बड़ी साजिश की आशंका

**हिरासत**

**ललित झा की गिरफ्तारी से पहले तकनीकी निगरानी की मदद से पुलिस ने सबसे पहले महेश के चचेरे भाई कैलाश को हिरासत में लिया।**





**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाला मास्टरमाइंड ललित झा दिल्ली पुलिस को सरेंडर कर चुका है। इस बीच, पुलिस सूत्रों ने बताया कि संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में पांचवें आरोपी और मास्टरमाइंड ललित झा ने राजस्थान के कुचामन भागने के बाद अपने दोस्त महेश के साथ अपने सभी सहयोगियों के मोबाइल फोन जला दिए हैं। घटना से पहले, सभी चार आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन ललित झा को सौंप दिए थे ताकि महत्वपूर्ण जांच विवरण पुलिस के हाथ न लग सकें क्योंकि उन्हें उनकी गिरफ्तारी की आशंका थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस झा के सभी दावों की पुष्टि कर रही है। झा भी संसद के बाहर मौजूद था और उसने इसे प्रचारित करने के इरादे से अपने दो साथियों का वीडियो बनाया। कुचामन में झा की मुलाकात उसके दोस्त महेश से हुई, जिसने उसे रात के लिए एक कमरा दिलवाया। उन दोनों की मुलाकात फेसबुक के जरिए हुई थी, जैसा कि झा ने पूछताछ के दौरान बताया। ललित झा की गिरफ्तारी से पहले तकनीकी निगरानी की मदद से पुलिस ने सबसे पहले महेश के चचेरे भाई कैलाश को हिरासत में लिया। चचेरे भाई कैलाश ने पुलिस को बताया कि महेश और ललित दिल्ली गए थे। बाद में जब झा वापस आये तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।


# बंगाल में ईंट भट्ठे की चिमनी ढहने से चार लोगों की मौत

**कोलकाता।** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक ईंट भट्ठे की चिमनी फटकर गिरने से चार की मौत हो गई और 35 लोग घायल हो गए। घटना बुधवार रात धल्टिटाह गांव में उस वक्त हुई, जब ईंट भट्ठे के कर्मी चिमनी में आग जलाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान चिमनी का पूरा हिस्सा ढह गया, चिमनी गिरने की तेज आवाज के साथ एक जोरदार धमाका भी हुआ। चिमनी की चपेट में आकर तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया, गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे में घायल 35 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पांच की हालत गंभीर है। हादसे में घायल होने वाले सभी ईंट भट्ठे के मजदूर हैं। मृतकों में से अभी तीन की पहचान हुई है। इनमें से एक स्थानीय निवासी हफीजुल मंडल (34) हैं। दो अन्य उत्तर प्रदेश के अयोध्या (पूर्व में फैजाबाद) के निवासी राकेश कुमार (39) और जेठू राम हैं, यह दोनों प्रवासी श्रमिक के रूप में काम करने बंगाल आए थे। हादसे के बाद शुरुआती बचाव कार्य स्थानीय लोगों ने शुरू किया। फिर आसपास के थानों की पुलिस के अलावा राज्य सरकार की बचाव टीम भी पहुंची और बचाव कार्य गुरुवार सुबह तक जारी रहा। पता चला है कि जो चिमनी ढही, वह काफी समय से बंद थी। गुरुवार सुबह फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और नमूने एकत्रित किए गए। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या चिमनी और अन्य महत्वपूर्ण सामान के रखरखाव में खामियां थीं।



# लोगों को एक-दूसरे के राय को लेकर रखनी चाहिए सहनशीलता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहनशीलता कम हो रही है, तो ऐसे में लोगों को एक-दूसरे की राय के प्रति सहिष्णुता रखनी चाहिए। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्य दिवस के आखिरी दिन पर न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि एक न्यायाधीश की निर्भीकता एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है और बार का यह कर्तव्य है कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करे। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में छह साल और 10 महीने से अधिक समय के कार्यकाल के बाद 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट 18 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश पर रहेगा और दोबारा 2 जनवरी को खुलेगा। औपचारिक पीठ का नेतृत्व करने वाले मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति कौल के साथ अपनी कुछ बीती बातों को याद किया।न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, जस्टिस कौल और मैं 70 के दशक में पहुंच गए हैं। हम कॉलेज में एक साथ थे और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए



बहुत सम्मान की बात है कि हम एक-दूसरे के साथ इस मंच को साझा कर रहे हैं, चाहे वह पुट्टास्वामी (गोपनीयता का अधिकार) मामला हो, चाहे वह विवाह समानता का मामला हो, हाल ही में अनुच्छेद 370 का मामला ही क्यों न हो। जस्टिस कौल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बिना किसी डर या पक्षपात के न्याय किया है और उन्हें लगता है कि न्याय का मंदिर खुली रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷मेरा मानना है कि एक न्यायाधीश की निर्भीकता एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है। अगर हमारे पास मौजूद संवैधानिक संरक्षण के साथ प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हैं, तो हम प्रशासन के अन्य हिस्सों से ऐसा करने की उम्मीद नहीं कर सकते।÷

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि ऐसी कोई विधि नहीं है, जिसके द्वारा न्यायपालिका अपने लिए खड़ी हो सके और मुझे लगता है कि यह बार का कर्तव्य है कि वह समर्थन करे और न्यायपालिका को सही भी करे।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, ÷अब समय आ गया है कि मानव प्रजाति एक-दूसरे के साथ रहना और इस दुनिया की अन्य प्रजातियों के साथ रहना सीखे, ताकि वे इसके साथ तालमेल बिठा सकें। साथ ही, उन्होंने बार के सदस्यों को धन्यवाद किया, जो उन्हें विदाई देने के लिए अदालत में एकत्र हुए थे।

# धोनी की याचिका पर आईपीएस अधिकारी को कोर्ट ने भेजा जेल

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एम एस धोनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना के मामले में शुक्रवार को आईपीएस अधिकारी जी संपत कुमार को 15 दिन की कैद की सजा सुनाई। हालांकि, न्यायमूर्ति एस एस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील करने में सक्षम बनाने के लिए सजा के कार्यान्वयन को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया। शीर्ष क्रिकेटर ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दायर किया था। धोनी ने मानहानि के मुकदमे के जवाब में दायर अपने जवाबी हलफनामे में न्यायपालिका के खिलाफ संपत कुमार द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए उन्हें दंडित करने की मांग की और 100 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी घोटाले में उनका नाम आने के लिए 2014 में मामला दर्ज किया गया था।





# अब चंद्रमा की सतह से नमूने लाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचने वाले भारत की नजर अब अपने अगले लक्ष्य पर है। सफल चंद्रयान-3 मिशन से उत्साहित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि इसरो अब चंद्र सतह से नमूने (सैंपल) लाने पर विचार कर रहा है।

**मिशन**

**दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सोमनाथ ने कहा, हम फिलहाल इस तरह का मिशन डिजाइन कर रहे हैं।**

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में एक व्याख्यान में सोमनाथ ने चंद्रमा से सैंपल वापस लाने के लिए सैंपल रिटर्न मिशन÷ का विवरण साझा किया। कहा, चंद्रमा को लेकर हमारी जिज्ञासा अभी खत्म नहीं हुई है। मैं राष्ट्रपति जी को आश्वासन देता हूं कि हम अपने बलबूते चंद्रमा की सतह से चट्टानें (मिट्टी) लाएंगे।

दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सोमनाथ ने कहा, हम फिलहाल इस तरह का मिशन डिजाइन



कर रहे हैं। इस मिशन को हम इसे अगले चार साल में पूरा करना चाहेंगे। लगभग 40 मिनट के संवाद में इसरो प्रमुख ने कहा, भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने के मिशन पर भी काम चल रहा है। सर्विस और क्रू माड्यूल डिजाइन कर लिया गया है। हम मानवों को सुरक्षित तरीके से अंतरिक्ष में ले जाएंगे और उन्हें सुरक्षित वापस भी लाएंगे।सोमनाथ ने कहा, हमारी इच्छा अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की है और 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के निर्देश दिए हैं। अंतरिक्ष स्टेशन बनाने से पहले इसका पहला माड्यूल 2028 तक लांच किया जाएगा। यह रोबोटिक अंतरिक्ष स्टेशन होगा। मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन 2035 तक बनेगा, क्योंकि हमें ऐसा करने के लिए नए राकेट की आवश्यकता होगी।

सोमनाथ ने कहा कि गगनयान कार्यक्रम जारी रहेगा। यह केवल भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने का मिशन नहीं है। इसका लक्ष्य लगातार मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना, इस पर काम करना और तकनीकी क्षमताओं को और विकसित करना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष गतिविधि के लिए जीवंत औद्योगिक आधार बनाना है जो पहले संभव नहीं हो सका। आज 200 से अधिक स्टार्ट-अप कंपनियां हैं जो अंतरिक्ष आधारित गतिविधियां कर रही हैं।

# तेलंगाना में पहले पुलिसकर्मी ने मारी पत्नी और दो बच्चों को गोली

**हैदराबाद।** सिद्दीपेट जिला कलेक्टर के एक निजी सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर अपनी रिवॉल्वर से खुद भी आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। सिद्दीपेट के पुलिस आयुक्त एन स्वेता के अनुसार, ए नरेश, जो लगभग 30 वर्ष का था, चिन्नाकोडुर मंडल में अपने मूल स्थान, रामुनिपटला, गया था क्योंकि कलेक्टर स्टेशन से बाहर थे। उसने कथित तौर पर सुबह करीब 11.30 बजे इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि नरेश कर्ज में डूबा हुआ था और शायद यही कारण रहा होगा कि उसने यह कदम उठाया। नरेश डिस्ट्रिक्ट आर्म्ड गार्ड विंग में कार्यरत थे।

# विदेश में नौकरी देने वाले गैरपंजीकृत एजेंटों के झांसे से रहें सावधान, मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे विदेशों में भारतीय पेशवरों की मांग बढ़ रही है वैसे-वैसे इसकी आड़ में धोखाधड़ी करने वाले गैंग भी सक्रिय होते जा रहे हैं। इस बारे में लगातार सूचना मिलने के बाद विदेश मंत्रालय ने गैरपंजीकृत और गैरकानूनी एजेंटों से बचने को लेकर नई चेतावनी जारी की है।

मंत्रालय ने कहा है कि इस श्रेणी के एजेंट लोगों से दो से पांच लाख रुपये तक ज्यादा ले रहे हैं। मंत्रालय ने साफ किया है कि विदेशों में रोजगार के क्षेत्र में काम करने वाले एजेंटों को विदेश मंत्रालय से पंजीयन कराना अनिवार्य है जबकि कई ऐसे एजेंट सक्रिय हैं जो अपना नाम-पता भी लोगों को नहीं बताते और सोशल मीडिया के जरिये अपनी सेवा देने का प्रचार करते हैं। धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के पूर्वी यूरोपीय देशों, खाड़ी के क्षेत्रों में, इजरायल, कनाडा, म्यांमार जैसे देशों में सक्रिय होने की सूचना मिली है।

Ministry of External Affairs
Government of India

विदेश मंत्रालय ने यह बताया है कि रोजगार से जुड़े नियुक्ति पत्र पर विदेशी नियोक्ता के प्रपत्र, नियोक्ता एजेंट और श्रमिक के बीच हस्ताक्षर होता है। इसमें नियोक्ता की तरफ से रोजगार से जुड़ी सारी शर्तों का स्पष्ट तौर पर जिक्र होता है। वेतन व दूसरे भत्तों का ब्योरा होता है। इसमें काम करने संबंधित वीजा देने का प्रस्ताव होता है। रोजगार के अवसर पर्यटक वीजा पर नहीं दिए जाते हैं। साथ ही सामान्य तौर पर नियोक्ताओं की तरफ से विदेश जाने का टिकट और वीजा फीस वगैरह का भी भुगतान किया जाता है। मंत्रालय ने यह सलाह भी दी है कि अगर विदेश नौकरी करने जा रहे हो तो वहां के माहौल व दूसरी जानकारियों को निश्चित तौर पर हासिल करें। संभव हो तो इस बारे में भारतीय दूतावास से संपर्क करें।

# पाकिस्तान में पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमला

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में आतंकवादियों ने हमला किया। यह हमला तालिबान के पूर्व गढ़ में एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय पर हमला किया गया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और कई घायल हो गए। आतंकवादियों ने इसी क्षेत्र में



23 सैनिकों की हत्या कर दी थी। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हमला खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में पुलिस लाइन पर हुआ। हमले की जिम्मेदारी एक नए आतंकवादी समूह अंसारुल जिहाद ने ली थी। अखबार ने टैंक जिला पुलिस अधिकारी इफ्तिखार शाह के हवाले से कहा, एक आतंकवादी ने खुद को आत्मघाती बम से उड़ा लिया% और %बड़ा हमला विफल कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में मौजूद सभी टुकड़ियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और इलाके में और आतंकवादियों की मौजूदगी के अलर्ट के बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह हमला तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में कम से कम 23 सैनिकों के मारे जाने और 30 से अधिक अन्य के घायल होने के कुछ दिनों बाद हुआ है। एक नवगठित आतंकवादी समूह, जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध है। डेरा इस्माइल खान में सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले परिसर पर हमला कर दिया। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे टीजेपी आतंकी संगठन का हाथ रहा है। 4 नवंबर को टीजेपी उग्रवादियों ने लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर पाकिस्तान वायु सेना के मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस पर हमला किया गया। इस हमले में तीन जमीनी विमान क्षतिग्रस्त हो गए। आतंकवादियों ने पाकिस्तान में सुरक्षा और सैन्य प्रतिष्ठानों पर लगातार हमले किए हैं।

वहीं, सितंबर 2015 में तालिबान बंदूकधारियों ने पेशावर के उत्तर-पश्चिमी शहर के करीब बडाबेर हवाई अड्डे पर हमला करके एक मस्जिद में 16 उपासकों सहित 29 लोगों की हत्या कर दी थी।

# अलगाववादी समूह ने की गोलीबारी

**दुबई।** दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक पुलिस स्टेशन पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। इस बात की जानकारी एक सरकारी टीवी ने शुक्रवार को दी है। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर अली रेजा मरहेमाती ने कहा कि तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में रस्क शहर में देर रात 2 बजे हुए हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कई अन्य सैनिक मारे गए। अधिकारी ने कहा कि इसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोलीबारी करते हुए कई हमलावरों को मार गिराया। स्टेट टीवी ने इस हमले के लिए अलगाववादी समूह जैश-अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है। 2019 में, जैश अल-अदल ने एक बस पर आत्मघाती बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड बल के 27 सदस्य मारे गए थे।

# ईरान के लिए भारतीयों को अब नहीं पड़ेगी वीजा की जरूरत

**तेहरान।** ईरान भारत सहित 33 नए देशों के विजिटर्स के लिए वीज़ा आवश्यकताओं को रद्द करेगा। इसका मतलब यह हुआ कि अब ईरान की यात्रा के लिए भारतीय नागरिकों को वीजा की आवश्यक्ता नहीं होगी।

ईरान की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन और हस्तशिल्प मंत्री एजातुल्ला जर्गामी ने कहा, इस निर्णय का उद्देश्य पर्यटन आगमन को बढ़ावा देना और दुनिया भर के देशों से अधिक विजिटर्स को आकर्षित करना है।

बुधवार को कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जर्गामी ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य पर्यटन आगमन को बढ़ावा देना और दुनिया भर के देशों से अधिक विजिटर्स को आकर्षित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास ईरानोफोबिया अभियानों को बेअसर कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास ईरानोफोबिया अभियानों को बेअसर कर सकते हैं।

**जिम्मेदार**

**स्टेट टीवी ने इस हमले के लिए अलगाववादी समूह जैश-अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है।**

बता दें कि हाल ही में मलेशिया, श्रीलंका और वियतनाम ने भारत के आगंतुकों के लिए वीजा आवश्यकताओं को माफ कर दिया है। भारत आउटबाउंड पर्यटन के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, हाल ही में मैकिन्से विश्लेषण के अनुसार 2022 में 13 मिलियन आउटबाउंड भारतीय पर्यटक आए हैं। भारत, रूसी, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, लेबनान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, ट्यूनीशिया, मॉरिटानिया, तंजानिया, जिम्बाब्वे, मॉरीशस, सेशेल्स, इंडोनेशिया, दारुस्सलाम, जापान, सिंगापुर,



कंबोडिया, मलेशिया, वियतनाम , ब्राज़ील, पेरू, क्यूबा, मेक्सिको, वेनेजुएला, बोस्निया और हर्जेगोविना, सर्बिया, क्रोएशिया और बेलारूस शामिल है।

इससे पहले, ईरान के पास तुर्किये, अज़रबैजान गणराज्य, ओमान, चीन, आर्मेनिया, लेबनान और सीरिया के विजिटर्स के लिए वीजा छूट कार्यक्रम थे।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू ईरानी वर्ष (21 मार्च को शुरू) के पहले आठ महीनों के दौरान ईरान में विदेशी आगमन की संख्या 4.4 मिलियन तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 48.5% की वृद्धि है।

# अभी भी कोरोना की मार झेल रहे चीनी!

**बीजिंग।** चीन में अभी भी लाखों लोग कोरोना की मार झेल रहे हैं। दरअसल, वॉयस ऑफ अमेरिका की रिपोर्ट में बताया गया है कि लाखों चीनी कर्जदारों को अपना लोन चुकाने में नाकाम रहने की वजह से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। लोन लेकर नहीं चुकाने वालों में ज्यादातर की उम्र 18 से 59 वर्ष के बीच है। रिपोर्ट में बताया गया है कि लाखों लोगों ने कोविड महामारी में हुए आर्थिक नुकसान की वजह से लोन लिया था और अब कर्ज में डूब गए हैं। जब लोगों ने लोन लिया था, उस दौरान बीजिंग के सख्त लॉकडाउन चल रहा था, जिससे लोगों की आर्थिक गतिविधियां ठप्प हो गई थीं।

रिपोर्ट में झांग कांगजी नाम के एक शख्स का हवाला दिया गया है। झांग कांगजी ने कोरोना लॉकडाउन के दौरान लोन लिया था, उस समय ऑनलाइन लोन लेना काफी आसान था।

# कैसे रुक सकता है इजरायल-हमास युद्ध?

## अमेरिका और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास चर्चा से निकालंगे समाधान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन शुक्रवार को इजरायल

**महत्वपूर्ण भूमिक**

**अमेरिकी अधिकारी ने कहा, फलस्तीन की सरकार आखिर में गाजा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**

हमास युद्ध को लेकर फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात करेंगे। सुलिवन ने गुरुवार को कहा कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के शासन को फलस्तीनी अथॉरिटी के तहत जोड़ने की जरूरत है।

सुलिवन ने कहा कि अमेरिका द्वारा ट्रेंड किए गए फलस्तीनी सुरक्षा बलों ने अक्टूबर के बाद से वेस्ट बैंक में हमास द्वारा भड़काई गई हिंसा को रोकने में



बेहतर प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन दोनों देशों के समाधान के लिए दृढ़ता से खड़े हुए हैं, लेकिन जब तक हमास के आतंकियों का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता तब तक हमास गाजा में ताकतवर बना रहेगा।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा, फलस्तीन की सरकार आखिर में गाजा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हम फलस्तीन के साथ बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है कि किसी भी संभावित खतरे के लिए तैयार है।

इजरायल को सुरक्षा का अधिकार है। इजरायल को हमास का खतरा मिटाने का अधिकार है। बता दें, इजरायल हमास के बीच पिछले सात अक्तूबर से युद्ध जारी है।

जेक सुलिवन ने कहा कि हमारा मकसद इजरायल और फलस्तीन के बीच स्थायी शांति बनाना है। सुलिवन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से इजराइल द्वारा गाजा में तीव्र सैन्य अभियानों को कम करने के बारे में भी बात की। हम चाहते हैं युद्ध जितनी जल्दी हो सके खत्म हो जाए। वाशिंगटन युद्ध को खत्म करने की शर्तें नहीं बना सकता।

# बलूचिस्तान में तेज हुआ विरोध प्रदर्शन, न्यायिक हत्याओं और जबरन गायब को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान मानवाधिकार परिषद ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में विभिन्न जनसांख्यिकीय क्षेत्रों में गैर-न्यायिक हत्याओं और जबरन गायब किए जाने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि के बाद पूरे बलूचिस्तान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। नवंबर के महीने में पूरे बलूचिस्तान में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई।

मानवाधिकार रिपोर्ट के अनुसार, जबरन गायब करने की 65 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें कम उम्र से लेकर विकलांग व्यक्तियों, नवविवाहितों, छात्रों, डॉक्टरों, दुकानदारों और मजदूरों तक विभिन्न लोग शामिल हैं। जबकि 39 हत्याएं दर्ज की गईं, जिनमें राज्य बलों द्वारा फर्जी मुठभेड़ों में मारे गए 10 पहले से गायब व्यक्ति भी शामिल हैं।




बता दें कि बलूचिस्तान में विभिन्न घटनाओं में पांच महिलाओं सहित 39 लोगों की जान चली गई। जबकि 30 पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और 10 की पहचान अभी तक नहीं हुई है। एचआरसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, सबसे परेशान करने वाली घटनाओं में दस बलूच छात्रों की गैर-न्यायिक हत्या थी, जिनके बारे में पहले लापता होने की सूचना दी गई थी।पहली घटना 8 नवंबर को हुई जब सीटीडी अधिकारियों ने खुजदार में कथित गोलीबारी में तीन आतंकवादियों को मारने का दावा किया साथ ही भारी मात्रा में गोला-बारूद जब्त किया गया। पाकिस्तान में पहले भी इस तरह की घटनाएं देखने को मिली हैं।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक श्रृंगवेरपुर धाम का कायाकल्प कर रही है योगी सरकार

## प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क पर्यटन स्थल के विकास के लिए 1296 लाख की धनराशि अवमुक्त

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के भव्य और दिव्य निर्माण के साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भगवान श्री राम के वन गमन से जुड़े धार्मिक स्थलों का भी विकास कर रही है। प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में भगवान श्री राम और निषादराज से जुड़े कई प्रतीक स्थित हैं। योगी सरकार समरसता की प्रतीक इस धार्मिक स्थली का कायाकल्प कर रही है।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी0 दूर प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर पवित्र गंगा नदी के तट पर स्थित श्रृंगवेरपुर धाम एक ऐतिहासिक पौराणिक महत्ता का दर्शनीय एवं रमणीक स्थल है। यहाँ पर भगवान श्रीराम को निषादराज ने गंगा नदी पार करवाया था। प्रभु श्रीराम ने एक रात्रि श्रृंगवेरपुर स्थित रामचौरा में विश्राम भी किया था। श्रृंगवेरपुर में ही प्रभु श्रीराम के पिता चक्रवर्ती राजा दशरथ को पुत्रेष्टि यज्ञ को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने वाले महान श्रृंगी ऋषि का आश्रम और मन्दिर भी गंगा नदी के तट पर स्थित है जिसके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में पूरे देश से पर्यटकों एवं श्रृद्धालुओं का आवागमन होता रहता है। योगी सरकार ने इसके कायाकल्प के लिए बड़ी योजना तैयार की है जिसके अंतर्गत निषाद राज पार्क पर्यटन स्थल का निर्माण शामिल है। उपनिदेशक पर्यटन बीरेश कुमार बताते हैं कि यहां 3132.06 लाख की लागत से सरकार निषाद राज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कर रही है। यह दो फेज में सम्पन्न होना है। प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु 1313.16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अबतक 842.99 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस परियोजनान्तर्गत निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैण्क, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य सम्मिलित किये गये हैं। श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-2) के पर्यटन विकास हेतु 1818.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अबतक 454.72 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस परियोजना में भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से सम्बन्धित चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयरटेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग एवं हॉर्टीकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य सम्मिलित किये गये है।

### संध्या घाट से रामचौरा गंगा घाट तक पाथ- वे के निर्माण के लिए 440 लाख की राशि जारी

**प्रयागराज।** इस धाम में संध्या घाट से रामचौरा गंगा घाट तक 1200 मीटर लम्बा पाथ-वे के निर्माण कार्य होना है। डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल बताते हैं कि इसके लिए 969.66 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अब तक 440.47 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इसमें संध्या घाट से रामचौरा गंगा घाट तक 1200 मीटर लम्बा पाथ-वे का निर्माण कार्य होना है। इसके अन्तर्गत आरसीसी वर्क, सोलर लाइट, स्टोन बोल्डर पिचिंग, पेंटिंग आदि कार्य सम्मिलित हैं। इसकी कार्यदायी संस्था- उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 है।

### रोजगार के अवसरों का होगा सृजन

प्रयागराज। निषादराज पार्क श्रृंगवेरपुर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण होने से यहाँ प्रति वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटकों का आवागमन होगा। पर्यटकों के लिये आवश्यक मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं का विकास किये जाने से यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। इससे पर्यटकों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं पौराणिक गाथाओं से परिचित कराया जा सकेगा। यहाँ पर पर्यटन विकास कार्यों के फलस्वरूप पर्यटकों को बेहतर पर्यटन अनुभव हो सकेगा। देश-विदेश के विभिन्न अंचलों से यहाँ पर अधिक संख्या में पर्यटकों के आवागमन से स्थानीय लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित होगें और स्थानीय लोगों के आर्थिक स्तर का उन्नयन भी होगा।

# हत्या के बाद मां का शव सूटकेस में भर संगम पहुंचा बेटा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कलयुगी बेटे ले पैसा ना देने पर मां की हत्या कर दी और शव को सूटकेस में बंद कर प्रयागराज ले आया। वह शव को ठिकाने लगाने संगम जा ही रहा था की दारागंज पुलिस के हाथ चढ़ गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़ा गया युवक हिमांशु कुमार बिहार में गोपालगंज जनपद का रहने वाला है। वह हरियाणा के हिसार जिले के आर्यनगर में अपनी मां प्रतिभा के साथ रहता था। उसकी मां काटन मिल में काम करती थी। 13 दिसंबर की शाम उसने अपनी मां से पांच हजार रुपये मांगे। पैसे देने से इन्कार करने पर उसने गुस्से में गला दबाकर मां को मार डाला। इसके बाद लाश बड़े सूटकेस में कपड़ों के साथ भरकर वह हिसार जनपद के रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। वहां से ट्रेन में सूटकेस लेकर गुरुवार शाम प्रयागराज आ गया। प्रयागराज में ट्रेन से उतरकर रात में वह सूटकेस लेकर संगम पहुंचा था। उसका इरादा मां के शव को सूटकेस से संगम में प्रवाहित करने का था मगर इसके पहले ही वह पुलिस के हाथ लग गया। हिमांशु के पिता बिहार में नौकरी करते हैं। एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है।

# डॉ. विमला व्यास साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विश्वविख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की अलौकिक ऊर्जा से ओतप्रोत मशहूर पर्यटन स्थल राजगीर की पावन पवित्र धरा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव 2023 में, प्रयागराज की वरिष्ठ शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ विमला व्यास को उत्कृष्ट साहित्य साधना हेतु चाणक्य मेधा शक्ति साहित्य शिखर सम्मान 2023 से नवाजा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीरायतन राजगीर की संस्थापक पद्मश्री आचार्य चंदना माँ रही और अध्यक्षता नवादा के सांसद चंदन सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना की साहित्यकार एवं पूर्व विधायक डॉ उषा सिन्हा भी मौजूद रही। अशोक स्मृति संस्थान एवं साहित्य प्रेरणा मंच, हिसुआ द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉक्टर विमला व्यास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर अन्य नामचीन साहित्यकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के प्रथम शोध सत्र का संचालन भी डॉक्टर व्यास ने किया! इसी सत्र में डॉ. व्यास ने वैदिक वांगमय में मानवाधिकार विषय पर अपना शोध पत्र भी प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में देश-विदेश के सुप्रसिद्ध साहित्यकार , शिक्षाविद, कवि एवं पत्रकार शामिल हुए! राजगीर, नालंदा की पावन धरा पर इतना मान-सम्मान और स्नेह पाकर डॉक्टर व्यास अभिभूत हैं। उन्होंने कार्यक्रम के कुशल आयोजन हेतु सुप्रसिद्ध कवि पत्रकार ओंकार शर्मा कश्यप एवं संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र आर्यन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

### सुबह कोहरा दिन में खिली धूप, गेहूं की बुआई में तेजी

**जौनपुर।** पिछले दो हफ्तों में दो बार हुई बारिश से खेती के काम चाहे वह गेहूं की बकाया बुआई हो या खलिहानों में रखी धान की फसल की पिटाई हो सारे खेती किसानी के काम मछलीशहर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेजी से चल रहे हैं।पिछले चार-पांच दिनों से सुबह भले ही घना कुहरा रहता है लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ता है धूप पूरी तरह से खिल जा रही है।यह विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी का शुक्रवार की सुबह का दृश्य है जहां घना कुहरा छाया हुआ है।अच्छी धूप के चलते खेतों की अतिरिक्त नमी घट रही है जिस कारण खेत जल्दी पक रहें हैं ।ऐसे में जो किसान खेतों में गेहूं की बुआई नहीं कर सके थे वे खेतों में गेहूं की पिछेती किस्मों की बुआई प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं।इस सम्बन्ध में गांव बामी के ही अनुभवी किसान जितेन्द्र बहादुर सिंह कहते हैं कि बारिश के पहले बोये गये गेहूं की फसल के सही विकास के लिए तापमान में और अधिक गिरावट जरूरी है।

# कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के संदर्भ में छात्राओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जगत तारन डिग्री कॉलेज कीआंतरिक शिक़ायत समिति के द्वार कार्य स्थल पर यौन उत्पीडन के संदर्भ में छात्रा को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को यौन उत्पीडन के प्रकार और उसके निराकरण के उपाय के बारे में बताया। महाविद्यालय की प्रॉक्टर डॉक्टर शिखा दीक्षित ने कार्यस्थल पर संभवित उत्पीडन के प्रकार क्या हो सकता है इस विषय में जागरूक किया। महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की सहायक प्रचार्या डॉक्टर रूपम मिश्रा ने विशाखा अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ रीना यादव ने किस प्रकार से इस में कमी हो सकती है इस विषय पर अपना वक्तव्य अपना दिया।

कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. दीपशिखा बनर्जी द्वारा किया गया। जिन्होनें उत्पीडन के कार्यक्रमों के बारे में बताया। साथ ही कार्यक्रम में पुलिस की सहायता और उसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अज़्म सईद मानू बने समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव



**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय में अधिवक्ता अज़्म सईद मानू को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने प्रयागराज के नीम सरांय निवासी उच्च न्यायालय में अधिवक्ता अज़्म सईद मानू को मनोनयन पत्र प्रेषित कर अधिवक्ता व अन्य समाज की लड़ाई समाजवादी सिद्धांत पर चलते हुए सक्रिय व संघर्ष में भागीदार बनने का आह्वान किया। इनके मनोनयन पर तमाम अधिवक्ता साथियों सहित महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन एडवोकेट, महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, एडवोकेट, वरिष्ठ सपा नेता तारिक सईद अज्जू, अभिमन्यु पटेल, महानगर सचिव एवं मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शकील अहमद आदि ने बधाई दी।

### विजय श्रीवास्तव सहित चार लोग बने सूबेदार रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य



**प्रयागराज।** विजय श्रीवास्तव, मोहित चंद्र गुप्ता, राजू वर्मा और शंभू शरण श्रीवास्तव सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किए गए। उनकी नियुक्ति पर भाजपाइयों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में सांसद रीता बहुगुणा जोशी, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, राजेश केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्रा, विक्रम सिंह पटेल, वरुण केसरवानी, रमेश पासी, संजय गुप्ता, दिनेश विश्वकर्मा, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, राजन शुक्ला, मनोज मिश्रा ,अजय अग्रहरि आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आर्यन के हरफनमौला खेल से चौधरी 'बी' विजयी



**प्रयागराज।** आर्यन बनर्जी के हरफनमौला खेल (60 रन नाबाद, 88 गेंद, आठ चौके एवं 7-2-15-5) के दम पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को छह विकेट से हराकर शशि द्विवेदी बालक एवं पालिका अंडर-14 लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 38. ओवर में 168 रन (सुमित सिंह 77, आर्यन बनर्जी 5/15) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने 30.3 ओवर में चार विकेट पर 172 रन (आर्यन बनर्जी 60 नाबाद, समर्थ पांडेय 46, हार्दिक नारायण तिवारी 43 नाबाद, सचिन पटेल 2/30) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व कमान उल्लाह अंपायर एवं रूद्र त्रिपाठी स्कोर रहे।

### एकता कप तीस प्लस क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** एकता कप तीस प्लस क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से दौलत हुसैन मैदान पर प्रारंभ हो रहा है। आयोजन सचिव रिजवान खान के अनुसार लीग कम नॉकआउट आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों को प्रवेश दिया गया है। जिसका उद्घाटन मैच चंद्राकला यूनिवर्सल व रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच प्रातः साढ़े आठ बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व खिलाड़ी शाहनवाज खान करेंगे।

### छात्र के निधन पर विश्वविद्यालय में हुई शोक सभा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को फार्मेसी संस्थान के विद्यार्थी विवेक कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई।कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विद्यार्थी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उपकुलसचिव अमृतलाल ने विश्वविद्यालय शोक सन्देश पढ़ा. शोक सन्देश में विश्वविद्यालय ने विद्यार्थी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई।दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी उमाशंकर, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. बी. बी तिवारी, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ अमित कुमार वत्स, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश कुमार यादव, राजेश सिंह समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### गैरइरादतन हत्या में गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के जफराबाद थाने की पुलिस द्वारा गैरइरादतन हत्या के अभियुक्त को हत्या में प्रयोग किये गये डण्डे के साथ गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) बृजेश कुमार ने बताया है कि जफराबाद थाने की पुलिस ने धारा 304 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त अभिमन्यू उर्फ मन्नू पुत्र तिलकधारी निवासी नासही कस्बा जफराबाद थाना-जफराबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर हतया में प्रयुक्त डण्डा उसके घर के पास के मड़हे से बरामद किया गया।

### फल पट्टी बनवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील में आज उपजिलाधिकारी के कार्यालय में पहुंच कर निजामाबाद क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने इस क्षेत्र को फल पट्टी बनवाने की मांग किया है। पीस पार्टी के महासचिव शाहआलम फराही ने कहा कि हमारे क्षेत्र के फरिहा, बनगांव, परसहा, बड़हरिया, तोवा, सीहीपुर, शाहपुर मोइया, बड़ागाँव आदि के सैकड़ों किसानों ने दस बिगहा से लेकर पचास बिगहा तक आम के बाग लगाये हुए हैं लेकिन फलपट्टी न होने के कारण औने पौने दाम पर किसान अपनी आम की फसल बेच देते हैं। किसान उचित लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर पीस पार्टी के प्रदेश महासचिव शाहआलम, जिला अध्यक्ष पीस पार्टी डॉक्टर आसिफ नुरूलेन, अबुजर अबुकर खान, पूर्व प्रधान सुरही मोहम्मद सैफ बिनोद यादव, प्रदीप मिश्र, अनिल कुमार, रंजीत चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

# महिला ने तथा कथित पत्रकार पर लगाया छेड़खानी का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (चन्दवक)।** जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार नारी शक्ति मिशन और महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर चलकर महिलाओं को सुरक्षित करने में लगी है। वही समाज को आईना दिखाने वाला खुद दागदार हो जाए तो आम आदमी अपनी गुहार लेकर किसके पास जाएगा। ऐसा ही एक मामला चंदवक बाजार के एक तथाकथित पत्रकार का सामने आया है। जहां गुरुवार की सरेशाम एक विवाहित महिला को पत्रकार ने गंदी नजरों से पत्तियां कसते हुए पटक दिया। महिला के शोर मचाने पर पत्रकार वहां से भाग निकला। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। उसका पति पड़ोस की बारात में सम्मिलित होने बाहर गया था। घटना की लिखित तहरीर थाने में देकर पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी अनुसार चंदवक बाजार की एक महिला अपने घर में अकेली थी। मौके का फायदा उठाते हुए पड़ोस के संजय मोदनवाल पुत्र पारस, निवासी चंदवक , उक्त महिला को घर में अकेला देखकर अंदर घुस गया। और महिला से जोर जबरदस्ती करके उसे जमीन पर पटक दिया। घबराई महिला ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। वही पति के आने पर महिला ने अपनी आपबीती बताते हुए चंदवक थाना में लिखित तारीख देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोपित व्यक्ति अपने को कई पेपरों का पत्रकार बताता है। खबर लिखेजाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। वहीं आरोपी फरार बताया जा रहा है।

# अध्यक्ष राजस्व परिषद ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमंत राव द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रथम व द्वितीय कोर्ट सहित विभिन्न अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त कार्यालय में सामान्य लिपिक हारून रशीद से मासिक समीक्षा बैठक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारीध्न्याय सहायक शैलेन्द्र प्रसाद सिंह से पूछा कि इस वर्ष पाक्सो के कितने मामले आए हैं और कितने लोगों पर रासुका की कार्यवाही की गई है जिस पर उन्होंने बताया कि पाक्सो के 10 एवं रासुका के एक भी मामले नहीं आए। स्थानीय निकाय लिपिक राजीव श्रीवास्तव से निकाय पटल पर संपादित किए जाने वाले कार्यों का विवरण के संबंध में जानकारी ली। बिल लिपिक से कर्मचारियों के जीएफ पासबुक के अध्ययन स्थिति के संबंध में जानकारी ली और प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र प्रसाद सिंह की जीपीएफ पासबुक देखा जो की अध्यतन स्थिति में पाई गई। मुख्य राजस्व लेखाकार ज्ञानचंद मौर्य से स्टांप, परिवहन, खनन, बिजली के आरसी के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि नियमानुसार आरसी के प्रकरण निस्तारित किए जाएं। कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली जिसमें पाया कि अभी तक कुल 52 प्रार्थना पत्र लंबित है जिस पर संबंधित के द्वारा बताया गया कि इस प्रकरण में प्रार्थना पत्र स्वीकृत हो चुके है बजट की मांग की गई है जल्द ही सभी मामलों को निस्तारित कर दिया जाएगा। अध्यक्ष ने डीएलआरसी से जानकारी प्राप्त की कि अब तक कितने भू-माफिया चिन्हित किए गए हैं जिस पर उन्होंने बताया गया कि अब तक कुल 54 भू-माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य राजस्व अधिकारी के कोर्ट में वादों के निस्तारण के अद्यतन स्थिति, आदेश एवं रेस्टोरेशन की स्थिति कंप्यूटर पर देखा। माननीय अध्यक्ष जी के द्वारा अतिरिक्त उप जिलाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय, रिकॉर्ड रूम आदि का निरीक्षण किया गया और निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालयों में फाइलों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। अध्यक्ष के द्वारा निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारगण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(रामपुर)।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता महिमा खेल मैदान में संपन्न हुआ जिसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती सीनियर, जूनियर व सब सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग का खेल आयोजित किया गया। ब्लॉक स्तरीय खेल में मुख्य अतिथि राहुल सिंह ब्लाक प्रमुख रामपुर, विशिष्ट अतिथि रिचा सिंह बीडियो रामपुर ने फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया एवं विजेता प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र शील्ड व मेडल देकर प्रोत्साहित किये। शुभम मौर्य बीओ ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया ग्राम प्रधान महेवा व सचिव अभय सरोज ने सभी आगंतुक का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।इस खेल का संचालन चंद्रशेखर यादव जिला अध्यक्ष युवक मंगल दल ने किया। इस खेल में आकाश पटेल ने लंबी कूद में प्रथम एवं जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम रोहित यादव 1500 मीटर दौड़ में प्रथम एवं बालिका वर्ग हर्षिता सोनकर 200 मीटर दौड़ में प्रथम व नंदिनी 100 मीटर दौड़ में प्रथम, बालक वर्ग कबड्डी में चकईपुर प्रथम एवं भवानीगंज द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग कबड्डी में नोनारी प्रथम व भवानीगंज बालिका वर्ग द्वितीय स्थान प्राप्त की ।गोला फेक में बालक वर्ग कमल प्रथमस्थान प्राप्त किए। आकाश पटेल 400 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में अमित सोनकर, अनुराग सत्यार्थी, मानिकचंद पटेल, अखिलेश, विजयपाल एवं उनके टीम ने सफलतापूर्वक सभी खेलों का आयोजन करवाए। अंत में शुभम मौर्य बीओ ने सभी का आभार प्रकट किया।

# क्रीडा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** तहसील के शिक्षा क्षेत्र कोयलसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोठवा जलालपुर में जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया विकासखंड कोयलसा के आठ विद्यालयों ने जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरवा उच्च प्राथमिक विद्यालय मडछा उच्च प्राथमिक विद्यालय मदन पट्टी उच्च प्राथमिक विद्यालय भटौली उच्च प्राथमिक विद्यालय कौडिया कंपोजिट विद्यालय भैरोपुर प्राथमिक विद्यालय सघन पट्टी ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले में नाम रोशन किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने जिला में बूढ़नपुर तहसील का जिला क्रीडा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर आज प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों और अभिभावकों शिक्षकों को पुरस्कृत किया उन्होंने कहा कि हमारे विकासखंड कोयलसा के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर तहसील का नाम रोशन किया है हमारा जिले में प्रथम स्थान है मंडल में भी हम प्रथम स्थान हासिल करेंगे।

# एसपी सिटी ने किया पिंक बूथ का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सशासन के निर्देशों के क्रम मे आज अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल द्वारा जनपद के तीसरे पिंक बूथ को महिला अस्पताल के पास स्थापित किया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु पिंक बूथ पर महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गयी है, जो महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण करायेगीं। पिंक बूथ पर 01 रजिस्टर में महिलाओं की समस्याओं को अंकित कर उसका यथा शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा। नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में पम्पलेट के माध्यम से बताया जायेगा तथा उन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये आवश्यक प्रमाण पत्रों के बारे मे बताया जायेगा। नारी सुरक्षा एवं अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से पिंक बूथ की स्थापना की गयी है। पिंक बूथ में अपराध नियंत्रण हेतु 04 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निकाली जगरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ के हाल में सड़क सुरक्षा पखवाडा ( 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक) का शुभारम्भ किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा एन0सी0सी0 के कैडेटों द्वारा बैण्ड बाजे के साथ सड़क सुरक्षा का स्लोगन लेकर रैली निकाली गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि सभी विद्यार्थीयों में जागरुकता को देख कर लगता है कि सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में लोग काफी जागरुक हो गये हैं, इसको व्यवहार में लाते हुये कम कर सकते हैं, जिससे हम सुरक्षित होंगे, वहीं दूसरे को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में जनपद के कई विद्यालयों के छात्र/छात्राओं तथा एन0सी0सी0 कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं तथा छात्र/छात्राओं द्वारा सडक सुरक्षा के नियमों, दुर्घटनाओं के कारणों तथा उनके रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा जानकारी प्रदान की गयी। डॉ0 आर0एन0 चौधरी द्वारा बताया गया कि हमारे लैक आप रिस्पान्सिबिलिटी के कारण दुर्घटना होती है, यदि सभी लोग अपने कर्तव्यों का पालन करें, तो दुर्घटना में कमी लायी जा सकती है। आर0एम0 रोडवेज द्वारा कहा गया कि शासन द्वारा यह कार्यक्रम बार-बार इसलिए कराया जाता है कि हमे रोड सेफ्टी के नियमों का पालन करना याद हो जाये, जिससे किसी प्रकार की गलती न करें, दुर्घटनाओं से बच सके। इस कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी राधेश्याम, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ0 आर0एन0 चौधरी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री अतुल कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी (यातायात) गौरव शर्मा तथा शिक्षा लोक निर्माण विभाग, परिवहन निगम तथा टीएसआई पवन कुमार अन्य स्टेक होल्डर विभागों सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रक्षा मंत्रालय ने बीईएल से 5,300 करोड़ से अधिक का किया करार, तोपों के लिए बनाएगी कंपनी

**अभिन्न**

**इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज मध्यम से भारी कैलिबर वाली तोपों का एक अभिन्न पुर्जा**




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के वास्ते 10 साल की अवधि के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बीईएल) के साथ शुक्रवार को 5,300 करोड़ रुपये से अधिक का करार किया।

इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज मध्यम से भारी कैलिबर वाली तोपों का एक अभिन्न पुर्जा है। मंत्रालय ने कहा कि तोपों के इस्तेमाल के लिए फ्यूज की खरीद की जा रही है। उसने कहा कि ये तोप उत्तरी सीमाओं पर ऊंचाई वाले इलाकों समेत विभिन्न तरह के भूभाग में घातक वार करने में सक्षम हैं।

उसने कहा कि परियोजना का उद्देश्य निर्यात को कम करने के लिए गोला-बारूद का भंडार बढ़ाना है। उसने कहा, ''रक्षा मंत्रालय ने 15 दिसंबर को 10 साल की अवधि के लिए भारतीय सेना के वास्ते इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पुणे के साथ ऐतिहासिक समझौते पर दस्तखत किए।''

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के तहत 'भारतीय उद्योग द्वारा भारतीय सेना के लिए उपकरणों के विनिर्माण' के तहत खरीद के वास्ते करार किया गया है।'' इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज का उत्पादन बीईएल के पुणे और नागपुर संयंत्र में किया जाएगा।

भारत ने सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत के आयात शुल्क के खिलाफ यूरोपीय संघ की ओर से दायर मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार विवाद निपटान पैनल के फैसले के खिलाफ अपील की है। भारत ने यह कदम तब उठाया जब दोनों क्षेत्र परस्पर सहमति वाले समाधान (एमएएस) पर नहीं पहुंच पाए।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत और यूरोपीय संघ एमएएस पर पहुंचने के लिए पिछले सात महीने से बातचीत कर रहे थे, लेकिन यूरोपीय संघ ने अब पैनल की रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए सात दिसंबर को आवेदन किया है और इसलिए भारत ने आठ दिसंबर को डब्ल्यूटीओ में इसके खिलाफ अपील की है। एमएएस के हिस्से के रूप में, यूरोपीय संघ कुछ वस्तुओं पर सीमा शुल्क रियायतों की मांग कर रहा था, जो भारत को स्वीकार्य नहीं था क्योंकि यह डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करता है। कुमार ने कहा कि ये रियायतें केवल मुक्त व्यापार समझौते में दी जा सकती हैं।

दूरसंचार उपकरण विनिर्माण के लिए पीएलआई स्कीम के तहत सरकार को 2725 करोड़ का मिला निवेशः मंत्री

संचार राज्य मंत्री देवसिंह चौहान ने शुक्रवार को संसद को बताया कि दूरसंचार उपकरण विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 42 आवेदक कंपनियों की ओर से कुल 4,014 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई थी। इसमें से सरकार को अक्टूबर 2023 के अंत तक 2,725 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार उपकरणों के लिए पीएलआई योजना के तहत अब तक 8,804 करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात किया गया है और अब तक 15,500 से अधिक नई नौकरियां पैदा हुई हैं।

# दिल्ली में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित, ÷रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन मंथन 2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जॉन बारला। साथ में उपस्थित थे मेंबर (फाइनेंस), प्रसार भारती और पूर्व चीफ लेबर कमीशनर (सेंट्रल) डी पी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डी जी डब्ल्यू बिभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (मुख्यालय) ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त (मुख्यालय) कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (मुख्यालय) डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी (नई दिल्ली)




डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी (मुख्यालय) सुशील कुमार और रजिस्ट्रार-एनएचआरसी श्री बृजवीर सिंह। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष श्री इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परिमल कांति मंडल ने कहा कि ब्रिटिश शासन के बाद से इन रेल माल गोदाम श्रमिकों के शोषण के खिलाफ बीआरएमजीएसयू के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप, इन श्रमिकों को विभिन्न सरकारी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। अब देश भर में लगभग दस लाख रेल माल गोदाम श्रमिकों को सरकारी मर्यादा से लेकर न्यूनतम मजदूरी, बीमा, पेंशन, माल गोदामों में पीने का पानी, शौचालय तक का लाभ मिला है।

# डाबर च्यवनप्राश ने लॉन्च किया 'साइंस इन एक्शन' अवेयरनैस कैंपेन




**लखनऊ।** भारत की प्रमुख विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के फायदों और सेहतमंद जीवनशैली के बारे में जागरुक बनाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन' की शुरूआत की है। यह कैंपेन आयुर्वेद के संबंध में वैज्ञानिक रूप से जांचे गए तथ्यों के बारे में बताएगा, ताकि परिवार सोच-समझ कर अपने रोज़मर्रा के विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें। 'साइंस इन एक्शन' के तहत डाबर-सोशल मीडिया, प्रिंट प्लेटफॉर्म एवं अन्य ऑन-ग्राउण्ड एक्टिवेशन्स जैसे डाबर च्यवनप्राश इम्यून इंडिया कैंपेन के माध्यम से उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह कैंपेन आम जनता को आयुर्वेद के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जानकारी देगा, इसके तहत जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सक उन्हें आयुर्वेद के प्रमाणित फायदों के बारे में बताएंगे। कैंपेन लांचिंग के दौरान डाबर इंडिया लिमिटेड एजीएम मार्केटंग, हेल्थ सप्लीमेन्ट्स- श्री राकेश टहलियानी, डॉ बैद्यनाथ मिश्रा, हैड ऑफ हेल्थकेयर रीसर्च, डाबर रीसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट सेंटर, आयुर्वेद के प्रमुख डा. परमेश्वर अरोरा मौजूद थे। कैंपेन का लॉन्च करते हुए श्री राकेश टहलियानी ने कहा, ''आज के दौर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण का महत्व समझ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर उन्हें विज्ञान पर आधारित जानकारी देकर परम्परा और आधुनिकता के बीच के अंतर को दूर करना चाहता है। इस कैंपेन 'साइंस इन एक्शन' के साथ डाबर आयुर्वेद से जुड़े मिथकों को दूर कर लोगों को सही जानकारी देना चाहता है ताकि वे आयुर्वेद के फायदों को समझें और इस बात कों जानें कि स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीने का सबसे आसान तरीका है अपने रोज़मर्रा में च्यवनप्राश का सेवन करना। 'साइंस इन एक्शन' कैंपेन को विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे प्रिंट, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के ज़रिए अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा, जहां रोचक वीडियोज़ के माध्यम से उन्हें आयुर्वेद के सिद्धान्तों पर जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा डाबर, जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार का आयोजन भी करेगा। ये सत्र बच्चों को बताएंगे कि किस तरह आयुर्वेद उनके समग्र स्वास्थ्य को सनिश्चित कर उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में योगदान दे सकता है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.107 अरब डॉलर बढ़कर 604.042 अरब डॉलर हो गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए भंडार का इस्तेमाल किया। आंकड़ों के अनुसार आठ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (स्न्नष्ट) 3.089 अरब डॉलर बढ़कर 536.699 अरब डॉलर हो गईं।



डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी के प्रभावों को भी शामिल करती हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि आठ दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार 19.9 करोड़ डॉलर घटकर 47.13 अरब डॉलर रह गया।

रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान विशेष निकासी अधिकार (एसडीआर) 6.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.188 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.842 अरब डॉलर रह गया।

# मीशो पर आए 2 महीने में 25,000 नॉन जीएसटी विक्रेता

**नई दिल्ली।** आज भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने घोषणा करके बताया कि इसके प्लेटफॉर्म पर अक्टूबर 2023 से अब तक लगभग 25,000 नॉन-जीएसटी विक्रेता आ चुके हैं इससे पहले इस साल, मीशो ने बड़े तकनीकी अनुकूलन करके 1 अक्टूबर, 2023 से अपने प्लेटफॉर्म पर नॉन-जीएसटी विक्रेताओं द्वारा बिक्री करने का रास्ता साफ कर दिया था। यह रणनीतिक कदम जीएसटी काउंसिल की एक घोषणा के बाद उठाया गया, जिसके अंतर्गत 40 लाख रु. तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेता ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिक्री कर सकते हैं। इस घोषणा के बाद लाखों नए विक्रेताओं के लिए डिजिटल कॉमर्स में आ रही क्रांति में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। मीशो पर सीएक्सओ, बिजनेस, मेघा अग्रवाल ने कहा हमारे प्लेटफॉर्म पर लगभग 25,000 नॉन-जीएसटी विक्रेताओं के आने से एक समावेशी डिजिटल परिवेश का विकास करने के हमारे प्रयासों को बल मिला है। हर नए विक्रेता की एक अलग कहानी और एक नया सपना होता है, जो एक विस्तृत और सशक्त ऑनलाईन मार्केटप्लेस विकसित करने के हमारे



उद्देश्य के अनुरूप है। 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटाईज करने के हमारे उद्देश्य को पूरा करने के लिए मीशो इनोवेशन लाने और ऑनलाईन बिक्री करने वाले छोटे विक्रेताओं के लिए जीएसटी की अनिवार्यता खत्म करने के भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि इससे उभरते हुए उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे, और वो उत्पादों के संग्रह व ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने में बड़ा योगदान दे सकेंगे। मदुरई से मीशो विक्रेता, वनिता कृष्णमूर्ति ने कहा मदुरई में हमारे छोटे से व्यवसाय के को सफल बनाने में मीशो ने हमें काफी मदद की। हम एक महीने से कम समय में ही हम अपने अद्वितीय उत्पाद राज्य के अन्य ग्राहकों तक पहुँचाने में समर्थ बन सके। मीशो पर पंजीकरण की आसान प्रक्रिया और जीरो प्रतिशत कमीशन पॉलिसी ने हमारे व्यवसाय को आगे बढ़ाया। हमारे उद्यमिता के इस सफर में हर क्लिक और हर खरीद हमारे इस निर्णय के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। पिछले दो महीनों में मीशो पर नए विक्रेताओं के 40 प्रतिशत पंजीकरण नॉन-जीएसटी विक्रेताओं द्वारा कराए गए, जो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे 20 राज्यों से हैं। इन विक्रेताओं में रिटेलर और छोटे निर्माता शामिल हैं, जो पहले एट्सी, फेसबुक, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अपनी वेबसाईट से बिक्री कर रहे थे। मीशो पर पंजीकरण कराने वाले नॉन-जीएसटी विक्रेता 1.3 लाख उत्पाद लिस्टिंग्स से ज्यादा योगदान दे रहे हैं।

# निप्पॉन पेंट इंडिया ने विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स का अधिग्रहण करने की घोषणा की

**नई दिल्ली/चेन्नई।** एशिया की अग्रणी पेंट एवं कोटिंग्स कंपनी निप्पॉन पेंट ने दक्षिण एशिया में पेंट एवं कोटिंग की प्रमुख आपूर्तिकर्ता



कंपनी विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स पांडिचेरी का 100 प्रतिशत अधिग्रहण करने की आज घोषणा की। इस रणनीतिक अधिग्रहण के जरिए निप्पॉन पेंट बढ़ते औद्योगिक कोटिंग्स पोर्टफोलियो खासकर भारतीय रेलवे पर ध्यान देते हुए अपनी उपस्थिति मजबूत करेगी।

इस अधिग्रहण के बाद, विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स पांडिचेरी भारतीय रेलवे को उच्च गुणवत्ता के पेंट की आपूर्ति में अपनी स्थापित प्रतिष्ठा और विशेज्ञता के साथ अपने संसाधनों का उपयोग कर और अपनी वृद्धि एवं बाजार में अग्रणी स्थिति को और मजबूत करते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया का एक डिवीजन बन जाएगी। इस अधिग्रहण के तहत विबग्योर टीम के प्रमुख सदस्य कर्मचारी के तौर पर निप्पॉन पेंट में शामिल हो जाएंगे जिससे निर्बाध स्थानांतरण सुनिश्चित होगा और मूल्यवान उद्योग विशेषज्ञता निप्पॉन पेंट इंडिया परिवार के भीतर बनी रहेगी।

इस अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक एवं अध्यक्ष (ऑटोमोटिव रीफिनिशेस) शरद मल्होत्रा ने कहा, ÷विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स का अधिग्रहण हमारी भारत की वृद्धि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारतीय रेलवे में हमें एक मजबूत उपस्थिति हासिल करने में मदद मिलने के साथ ही हम वाणिज्यिक वाहनों और औद्योगिक पेंट कारोबार में अपना विस्तार करने में समर्थ होंगे। हम विबग्योर टीम का निप्पॉन पेंट परिवार में स्वागत करते हैं। विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स पांडिचेरी भारतीय पेंट बाजार में बढ़ती हुई एक महत्वपूर्ण कंपनी है। इस कंपनी का भारतीय रेलवे एवं इसके कोच, वैगन और सहायक विनिर्माण कंपनियों को पेंट की आपूर्त का एक जबरदस्त ट्रैक रिकॉर्ड है। यह अपने उत्कृष्ट उत्पादों और ग्राहक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित है।

विबग्योर की विनिर्माण इकाई तमिलनाडु के रानीपेट में रणनीतिक स्थान पर स्थित है और बढ़ती औद्योगिक मांग पूरी करने के लिए उसके पास पर्याप्त उत्पादन क्षमता है।

विबग्योर कई अनूठे उत्पाद भी बनाती है जो पेंट का सौंदर्य एवं कार्य निष्पादन काफी बढ़ा देते हैं। निप्पॉन पेंट इंडिया का डिवीजन बनकर विबग्योर की पहुंच निप्पॉन पेंट की टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन और मार्केटिंग क्षमताओं तक होगी जिससे इसे भारत में एक अग्रणी पेंट ब्रांड के तौर पर अपनी स्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में ओरिएंटेशन सत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया



**कानपुर।** जिले में शिक्षकों की शिक्षा और गणित की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में निपुण भारत मिशन के तहत, हाल ही में उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में जिला प्रशिक्षण समूह के लिए एक ओरिएंटेशन सत्र विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य श्रावस्ती जिले के लिए निर्धारित आगामी शिक्षक प्रशिक्षण सत्रों की तैयारी के लिए सदस्यों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना था। 29 नवंबर को आयोजित इस ओरिएंटेशन सत्र में सम्मानित शिक्षकों और सम्मानित पेशेवरों को एक साथ लाया गया जो जिला प्रशिक्षण समूह का अभिन्न अंग हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य उन्हें वास्तव में अच्छी तरह से समझने में मदद करना था कि एक अच्छा शिक्षक कैसे बनें और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरों को कैसे सिखाएं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता श्री गिरीश प्रसाद मिश्रा जी ने ओरिएंटेशन वर्कशॉप के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ÷शिक्षण प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आयोजित करना महत्वपूर्ण है। इससे शिक्षकों को गणित और भाषा पर बेहतर पकड़ बनाने में मदद मिलेगी, यही कारण है कि ओरिएंटेशन वर्कशॉप की सावधानीपूर्वक योजना और तैयारी की गई थी। शिक्षकों की जरूरतों के बारे में अपनी समझ में सुधार करके, हम बच्चों के सीखने के स्तर को बढ़ा सकते हैं और श्रावस्ती जिले को निपणु लक्ष्य को प्राप्त करने में भी आसानी होगी। श्रावस्ती के मुख्य विकास अधिकारी और जिला शिक्षा बेसिक विभाग ने लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से जिले को बुनियादी साक्षरता के स्तर पर मजबूत करने के लिए मार्गदर्शिका की रूपरेखा, उपयोगिता, डिकोडिंग कौशल, भाषा शिक्षण सामग्री, भाषा अवधि में पाठ्यपुस्तक पर कार्य और प्रवाह मूल्यांकन, सीखने और सिखाने के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई।

# ज्यूडिशियरी गोल्ड बाय टॉपरांकर्स का लखनऊ में हुआ लॉन्च

**लखनऊ।** राज्य न्यायपालिका सेवाओं के लिए भारत के प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, ज्यूडिशियरी गोल्ड बाय टॉपरांकर्स, अलीगंज में अपने आगमन की घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा है।ये संस्था उन उम्मीदवारों के लिए केंद्र के रूप में काम करेगी जो विशेषज्ञ मार्गदर्शन, व्यावहारिक सत्र और मूल्यवान संसाधनों की तलाश में हैं। ज्यूडिशियरी गोल्ड बाय टॉपरांकर्स, लखनऊ के केंद्र प्रमुख, जितेंद्र वोहरा ने कहा, ज्यूडिशियरी गोल्ड का लॉन्च लखनऊ में कानूनी उम्मीदवारों का समर्थन करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह संस्था ज्ञान और विशेषज्ञता का केंद्र होगा, जो व्यावहारिक सत्र और मूल्यवान संसाधन प्रदान करेगा। केंद्र प्रमुख के रूप में, मुझे इस पहल का नेतृत्व करने और न्यायिक सेवाओं में सफल होने का लक्ष्य रखने वालों को अद्वितीय मार्गदर्शन प्रदान करने का सौभाग्य मिला है। लॉन्च के अंतर्गत, संस्था 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे न्यायपालिका पर जीत का आरंभ कार्यक्रम का आयोजन करेगी जिस्में टॉपर्स टॉक सत्र छात्रों को यूपीपीसीएस-जे टॉपर के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने, उनके सुझावों और समाधानों के बारे में जानने के लिए प्रेरित करेगा। दूसरी ओर, विशेषज्ञ सत्र छात्रों को न्यायपालिका के विशेषज्ञों से प्रमुख रणनीतियों को समझने, समय प्रबंधन, दक्षता और स्मार्ट कार्य सीखने का मौका देगा। उपहारों में ज्यूडिशियरी गोल्ड की अत्यंत शोध से तैयार की गई अद्यतन प्रिपरेशन सामग्री , डीजेएस/आरजेएस/यूपीपीसीएस-जे के लिए नवीनतम न्यायिक परीक्षा पैटर्न पर आधारित मॉक टेस्ट और बहुत कुछ शामिल होगा।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने अपनी नई ब्रांड टैगलाइन बढ़ते रहो को जारी किया

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने अपनी नई ब्रांड टैगलाइन-'बढ़ते रहो' को जारी किया, जो जीवन को समृद्ध बनाने का निमंत्रण है। टैगलाइन इस इनसाइट के आधार पर ली गई थी कि वित्तीय सुरक्षा हमें पूरी तरह से जीवन जीने के लिए सशक्त बनाती है और 'बढ़ते रहो' हर किसी को हर खुशी का जश्न मनाने, आत्मविश्वास से चुनौतियों का सामना करने और प्रगति की निरंतर यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके इस दृष्टिकोण को समाहित किया गया है। जीवंत भावना के साथ तालमेल में, ताजा दृश्य डिजाइन भाषा लोगो में एक नए जोश को बढ़ाती है, इनोवेशन का प्रतीक है, यथास्थिति को चुनौती देती है, और वेल्थ मैनेजमेंट के लिए एक सक्रिय और ऊर्जावान दृष्टिकोण को अपनाती है। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर का कहना है कि हम अक्सर ऐसे लोगों को देखते और जानते हैं जो भविष्य के लिए अपनी वेल्थ बनाने को लेकर इतने चिंतित होते हैं कि वे अक्सर वर्तमान का आनंद लेना भूल जाते हैं। वित्तीय सुरक्षा लोगों को भविष्य की चिंता किए बिना जीवन में बेहतर चीजों का आनंद लेने में सक्षम बनाती है। हमारा अनूठा प्रस्ताव लोगों को कल के लिए जिम्मेदारी से धन का निर्माण करते हुए आज अपने पैसे का आनंद लेने में मदद करना है। बढ़ते रहो हमारे दृष्टिकोण के सार को स्पष्ट करता है और एक सरल लेकिन शक्तिशाली कथन में वादा करता है जो हमारे मूल्यों, दृष्टि और प्रतिबद्धता को समाहित करता है। यह यह वर्तमान का आनंद लेने, सकारात्मक रहने, खुशी साझा करने और आगे की संभावनाओं का पता लगाने का आह्वान है। यह अंतहीन रूप से सीखने, दृष्टिकोण का विस्तार करने और नए अनुभवों को अपनाने का आह्वान है। यह हर किसी को गतिशील रहने, आगे बढने और विकसित होते रहने का आग्रह करता है। यह एक आह्वान है सीमाओं को मील के पत्थर और चुनौतियों को दूर करने के अवसरों में बदलने की याद दिलाती है।'' नए ब्रांड की आवाज चंचलता और रचनात्मकता के स्पर्श से युक्त है, ऐसी भाषा का उपयोग करती है जो दर्शकों से जुड़ती है और उनके साथ जुड़ती है और बंधन म्यूचुअल फंड को अन्य फंड हाउसों से अलग करती है।

# सोना 63,000 के पार, रुपये में आठ महीने बाद सबसे बड़ी एक दिन की बढ़त

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोना जहां 150 रुपये बढ़कर 63,100 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ, वहीं



चांदी 700 रुपये बढ़कर 78,100 रुपये किलो पर बंद हुई। वहीं, डॉलर की तुलना में लगातार निचले स्तर बना रहा रुपया शुक्रवार को आठ महीने में सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त के साथ 83.03 पर बंद हुआ।

गुरुवार को सोने और चांदी में भारी तेजी शुक्रवार को भी जारी रही। इस दौरान रुपये में भी आठ महीने की सबसे बड़ी बढ़ दर्ज की गई। शुक्रवार को सोना जहां 150 रुपये बढ़कर 63,100 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ, वहीं चांदी 700 रुपये बढ़कर 78,100 रुपये किलो पर बंद हुई। वैश्विक बाजारों में सोना 2,037 डॉलर प्रति औंस और चांदी 24.19 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

डॉलर की तुलना में लगातार निचले स्तर बना रहा रुपया शुक्रवार को आठ महीने में सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त के साथ 83.03 पर बंद हुआ। इससे पहले इतनी बड़ी बढ़त 5 अप्रैल को दिखी थी। साथ ही 25 अगस्त के बाद यह साप्ताहिक आधार पर भी सबसे बड़ी बढ़त है। इस सप्ताह यह 37 पैसे मजबूत हुआ है।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की बड़े पैमाने पर बिकवाली और शेयर बाजारों में भारी तेजी से रुपये की मजबूती को समर्थन मिला। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के दिलीप परमार ने कहा कि रुपया आगे 82.70 से 82.75 के बीच रह सकता है।

# हृदयाघात और एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) के इन लक्षणों से रहें सावधान

**रोकथाम**

**डॉ. सेठ ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए रोकथाम की नीति सबसे कारगर होती है।**

**लखनऊ।** एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) में अनस्टेबल एंजाईना और मायोकार्डियल इन्फ़ार्क्शन जैसी अनेक समस्याएं शामिल हैं। अस्थिर एंजाइना में हृदय में रक्त और ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिससे छाती में बेचैनी या दर्द होते हैं। मेदांता, लखनऊ में हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. गणेश सेठ ने बताया, ''अस्थिर एंजाईना एक चेतावनी है, जिसे नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिए।'' इसमें छाती में तेज दर्द या बेचैनी होती है, जो संकट का संकेत है। समय पर इलाज शुरू करने के लिए इन शुरुआती संकेतों को समझना बहुत जरूरी होता है।

डॉ. गणेश सेठ ने बताया कि हृदयाघात तब पड़ता है, जब हृदय की पेशियों को रक्त पहुँचाने के मार्ग में रुकावट आ जाती है। यह रुकावट मुख्यतः खून के थक्के के कारण उत्पन्न होती है। इस स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता न मिल पाए, तो उसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। हृदयाघात के मुख्य लक्षणों में छाती में दर्द, साँस फूलना, और मितली होना शामिल हैं। इस स्थिति को आपात बताते हुए उन्होंने कहा, ''ऐसे मामलों में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए ऐसा कोई भी लक्षण महसूस होने पर चिकित्सा सहायता लेने में बिल्कुल भी विलंब न करें।''

डॉ. सेठ ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए रोकथाम की नीति सबसे कारगर होती है। हृदयाघात और एसीएस का जोखिम कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन करना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए उन्होंने सुझाव दिया कि धूम्रपान न करें, वजन को न बढ़ने दें और रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल एवं मधुमेह को नियंत्रण में रखें। इसकी समय पर पहचान और रोकथाम में नियमित स्वास्थ्य जाँच का भी बड़ा महत्व है।

मरीजों को अपने जोखिमों के बारे में मालूम होना चाहिए, जिनके बारे में उन्हें अपने डॉक्टर से बात करके उनके द्वारा बताई गई चिकित्सा की दिनचर्या का पालन करना चाहिए। तनाव कम करने की विधियों द्वारा और अपने शौक के काम करके तनाव को नियंत्रित रखा जा सकता है, तथा मदिरा सेवन एवं कैफीन का सेवन कम करके हृदय को स्वस्थ रखने में काफी मदद मिलती है। हृदय के लिए फल, सब्जियों, साबुत अनाज, प्रोटीन से युक्त और कम वसा वाला आहार फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रतिदिन लगभग 180 मिनट की हल्की शारीरिक गतिविधि और नियमित व्यायाम भी उतना ही जरूरी है।

यदि मरीज को चिकित्सा विशेषज्ञ ने स्टेटिन और खून को पतला करने वाली दवाईयाँ दी हैं, तो ये दवाईयाँ बिना विशेषज्ञ के निर्देश के लेना बंद नहीं करनी चाहिए क्योंकि ये हृदय को किसी भी जोखिम से बचाने के लिए जरूरी होती हैं।

डॉ. सेठ ने आपात स्थिति के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ''छाती में दर्द या एसीएस के लक्षणों की स्थिति में, तत्काल आपात चिकित्सा सहायता लें। इस मामले में पहले एक घंटे के नियम को भूलें नहीं। जो मरीज पहले एक घंटे में समय पर इलाज के लिए पहुँच जाते हैं, उन्हें इलाज के बेहतर परिणाम मिलते हैं। हृदयाघात के बाद यदि जान बच जाए, तो वह जीवन का दूसरा मौका होता है। इसलिए डॉ. सेठ ने मरीजों को स्वास्थ्य लाभ के लिए हृदय रोग पुनर्वास कार्यक्रमों की मदद लेने का सुझाव भी दिया। अपने इस सफर में उन्हें जीवनशैली में सुधार करना पड़ सकता है, लेकिन इससे उन्हें एक स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने में मदद मिलती है।

अस्वीकरणः केवल जागरुकता बढ़ाने के लिए जनहित में जारी। इस लेख में दी गई सामग्री कोई भी स्वास्थ्य या चिकित्सा परामर्श प्रदान करने के लिए नहीं है। किसी भी जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का बड़हलगंज में स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का बड़हलगंज में स्वागत कर संकल्प लिया गया। शुक्रवार को नगर पंचायत बड़हलगंज कार्यालय पर पहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा का चेयरमैन प्रीति उमर व चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर के नेतृत्व स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा थी विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को देकर, उनका रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। करीब दो सौ से अधिक महिलाओं-पुरुषों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुये पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना, जन-धन योजना, मातृ वन्दन योजना के तहत अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में जनता के समस्याओं की सुनवाही हुई और उनका त्वरित निदान भी किया गया।

इसके पूर्व चेयरमैन प्रीति उमर ने उपस्थित जनसमूह को देश के नाम शपथ दिलाते हुये स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत व विकसित भारत बनाने में अपना योगदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डा. ए. के. गुप्ता, सभासद गण राजीव मिश्र, वीरेंद्र उर्फ वीरू गुप्ता, राकेश राय, एजाज कुरैशी, दीपक शर्मा, रामदास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आमजन व नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे।

## द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद कर बने देवदूतः डॉ शलभ मणि त्रिपाठी



**15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किये जायेंगे विविध कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज एआरटीओ कार्यालय के निकट द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विविध जागरूकतापरक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन भागीदारी अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि प्रायः यह देखने में आता है कि लोग सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। कुछ ऐसे भी मामले संज्ञान में आयें हैं जहां घायल की मदद करने के स्थान पर लोग मोबाइल से वीडियो बनाते हैं। उन्होंने जनसमुदाय से अनुरोध किया कि किसी घायल का वीडियो बनाकर समय व्यर्थ न करें बल्कि उसकी मदद करें और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाए। ऐसा करने से उसका जीवन बच जाएगा और आप उसके लिए देवदूत की तरह हो जाएंगे। परिवार के बड़े-बुजुर्ग सुनिश्चित करें कि घर से युवा जब दोपहिया वाहनों से बाहर निकले तो हेलमेट अवश्य लगाएं और यातायात नियमों का पालन करें। सीट बेल्ट का प्रयोग करें एवं ड्राइविंग करते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में किसी की मृत्यु होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होता है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति(गुड सेमेरिटन) को सड़क सुरक्षा कोष से पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप देने का प्रावधान है। यह राशि सड़क सुरक्षा कोष से आवंटित की जाती है। डीएम ने नागरिकों से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद का एक घंटा गोल्डन ऑवर होता है, इस अवधि में घायल को हॉस्पिटल पहुंचाकर उसका जीवन बचाया जा सकता है। यदि आम लोग बतौर गुड सेमेरिटन घायलों को अस्पताल पहुंचाए तो सड़क हादसों में होने वाली 50 प्रतिशत मृत्यु को कम किया जा सकता है।

## लेक क्वीन क्रूज का मुख्यमंत्री योगी ने किया शुभारम्भ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री ने सुरम्य ताल में क्रूज सेवा का शुभारंभ किया रामगढ़ताल में जिस क्रूज को उतारा गया है उसे लेक क्वीन नाम दिया गया है। लेक क्वीन के निर्माण पर 12 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस क्रूज में पंचसितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की गईं हैं। क्रूज संचालन से करीब सौ लोगों को रोजगार भी मिलने जा रहा है। लेक क्वीन पर शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन मिलेंगे। मॉकटेल काउंटर और बार की भी सुविधा होगी, हालांकि बार को बाद में शुरू किया जाएगा। 2700 वर्गफीट के क्षेत्रफल वाले क्रूज पर तीन तल बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वेटिंग प्लेटफार्म भी है। क्रूज पर 150 लोगों की क्षमता के तीन हाल और 15 लोगों की क्षमता का एक अति विशिष्ट कक्ष बनाया है। एक ट्रिप में दो घण्टे तक क्रूज पर सवारी का आनंद उठाया जा सकेगा।

## गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सलेमपुर के मनिहारी में किया गया। कायक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाना है ताकि उसे समुचित लाभ मिल सके। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि यह अमृत काल चल रहा है और आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि हमारी डबल इंजन की सरकार गांव में जाकर योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे, इसके लिए हर ग्राम में चौपाल लगाकर सभी को योजनाओं का लाभ दिला रही है, जो पात्र है और किन्ही कारणों से छूट गए हैं उनका उसी गांव में ही चयन करके तुरंत रजिस्ट्रेशन करा रही है ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके जैसा कि हमारी सरकार की मंशा है कि गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो। कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख बनकटा बिन्दा कुशवाहा, कार्यक्रम के सहसंयोजक बलबीर सिंह दादा, अशोक पाण्डेय आदि ने भी सम्बोधित किया।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें संबंधित अधिकारीः मंत्री



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों राजस्व कार्यो निर्माण कार्यो एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी विद्युत परिवहन खनन स्टाम्प नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने खराब ट्रांसफार्मर को बदलने जर्जर तारों को बदलने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों एवं अन्य कार्यों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने दैवीय आपदा के दौरान तत्काल पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण गड्ढा मुक्ति सिंचाई पंप की आपूर्ति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति मुख्यमंत्री सहभागिता योजना स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर एंबुलेंस टीकाकरण की स्थिति पंचायत भवन सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति हैंडपंप रिबोर ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण स्वयं सहायता समूह उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं सामूहिक विवाह योजना पेंशन योजना प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम शादी अनुदान योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बाल विकास पोषण पखवाड़ा दुग्ध विकास एक जनपद एक उत्पाद प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति ईज आफ डूइंग बिजनेस बन्धुआ श्रमिकों का अवमुक्तिकरण श्रमिक पंजीकरण अधिष्ठापन पंजीकरण श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यो की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी लूट के मामलों में गिरफ्तारी महिला उत्पीड़न बलात्कार अपहरण पास्को एक्ट गुंडा एक्ट अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न लंबित विवेचना गैंगस्टर रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया।

# पहली पत्नी के बावजूद की दूसरी शादी, दूल्हे को उठाकर ले गई पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** ये इश्क नही आसा इतना ही समझ लीजे, इक आग का दरिया है डूब कर जाना है। यह पंक्तिया सटीक बैठ रही है तमकुहीराज थाने के एक गांव के गायक पर। गायक प्यार में इस कदर अंधा हो गया कि पहली पत्नी के बावजूद दूसरी शादी कर ली पहली पत्नी की शिकायत पर हवालात पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गाज़ीपुर एक टोला पर बिहार से कुछ लोग आकर बसे हुए हैं उसमें से राजभर समाज का एक व्यक्ति अपनी पहली शादी चंडीगढ़ हरियाणा में शहीद सैनिक की विधवा जिसके दो बच्चे भी बताए जाते हैं उसे कर ली आम चर्चा के अनुसार विधवा पत्नी ने दूल्हे राजा के घर को कच्चा से पक्का मकान बनवा दिया तथा वह चंडीगढ़ में ही रहने लगी। दूल्हा राजा को उसकी धन से पेट नहीं भरा तो उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत गाना बजाना शुरू किया। जहां उसकी मित्रता कई लोगो से हो गई जिनके सहयोग से विचार परामर्श करने के उपरांत हरिहरपुर यशोधरा नगर में एक विधवा की पुत्री से शादी रचाने का प्रयास शुरू हो गया अंत्तोगत्वा बुधवार के दिन दूसरी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई दूल्हा राजा जब अपने घर प्यारी दुल्हन की विदाई करा कर घर पहुंचे तो उसे समय चंडीगढ़ की पुलिस के साथ तमकुही राज पुलिस दरवाजे पर पहुंचकर दूल्हे राजा को थाने की हवालात में लाकर डाल दी। तभी से इसकी चर्चा सरेआम हो रही है बताया जाता है कि दूल्हे राजा पहली औरत को धमकाते हुए यह बात करके चंडीगढ़ से आए कि तुम यहीं रहो मैं दूसरी शादी कर लूंगा इस बात की भनक पहली औरत को लग गई उसने चंडीगढ़ थाने में तहरीर देकर वहां से पुलिस लेकर दूल्हे राजा की सारी हेकड़ी निकालते हुए कानून के सलाखों के पीछे डाल दी है। दूल्हे राजा के समर्थक तमकुही राज का चक्कर लगा रहे हैं मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार के सुबह तक दूल्हे राजा हालत में अपने करतूत का फल भोग रहा है।

## खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ कैम्प कार्यालय से जनपद के समस्त बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा सचल वाहनों को टीकाकरण टीम सहित हरी झण्डी दिखाकर किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं (04 माह से छोटे पशु तथा 08 माह से अधिक के ग्यावन पशुओं को छोड़ककर) का टीकाकरण किया जाना है। खुरपका-मुंहपका एक विषाणुजनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से ग्रसित पशुओं को तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले पड़ जाते है। संक्रमित पशु धीरे-धीरे चारा खाना छोड़ देता है है तथा दूध कम देने लगता है। यदि समय पर इलाज नहीं होता है तो पशु की मौत भी हो जाती है। इस रोग से बचाव हेतु मात्र टीकाकरण ही विकल्प है।



## बीएसए के लिखित आश्वासन के बाद स्थगित शिक्षकों का सत्याग्रह



**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी -बेसिक शिक्षा के कार्यालय की कथित दूषित कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के विरोध में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का सत्याग्रह गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन भी संगठन की ओर से शिक्षकों की समस्यायों से सम्बन्धित एक और पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी को दिया गया। वाणी वंदना और बापू की रामधुन के साथ तीसरे दिन का सत्याग्रह शुरु हुआ। जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दोनों कार्यालय शिक्षकों से गलत तरीके से पैसे की उगाही करने और उत्पीड़न में लगे हुए हैं। तीसरे दिन भी बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और दस दिन के भीतर सभी समस्याओं के निस्तारण के लिखित आश्वासन के बाद जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने सत्याग्रह स्थगित करने का निर्णय लिया। जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने संगठन को सभी समस्याओं के हल का भरोसा दिया है।दस दिन में यदि सभी समस्याएं दूर नहीं हुईं तो संगठन बैठक करके अग्रिम निर्णय लेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने शिक्षकों की पत्रावलियों के निस्तारण को समय बद्ध चार्टर लागू करने की मांग की। सत्याग्रह को दादा सुरेन्द्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार कपिलेश यादव त्रिवेणी यादव वसीम अहमद देवांशु सिंह मो तहसीन अवधेश कुमार मिश्र आदि ने संबोधित किया।

# जिला कारागार देवरिया का अफसरों ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश कुशीनगर अशोक कुमार सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के द्वारा शुक्रवार देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जेल परिसर में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। जिला जज महोदय द्वारा कैदियों से बात की गई, और पूछा गया कि कोई दिक्कत तो नहीं है, स्वास्थ्य सुविधाएं, जमानत की स्थिति, वकील आदि के बारे में जायजा लिया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा बच्चो को उपहार तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की, उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें नोट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कैदियों से संवाद करते हुए कैदियों के लिए चिकित्सक व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में चिकित्सक डॉ आनंद मणि त्रिपाठी से जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा हार्ट, शुगर आदि के मरीजों के संबंध में पूछताछ की, उचित उत्तर नही देने के कारण कड़ी नाराजगी वयक्त की गई। वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर श्रीमती वंदना, शिवनाथ पांडे, चिकित्सक डा आनंद मणि त्रिपाठी, डॉ आरिफ आदि अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

# 308 जोड़ों का हुआ विवाह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 308 जोड़े एक-दूजे संग विवाह के बंधन में बंध गए। इसमें 287 जोड़ों का हिंदू रीति से विवाह तथा 21 जोड़ों का मुस्लिम रीति से निकाह कराया गया। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सरकार की योजनाओं के तहत 308 जोड़ो का एक साथ परिणय सूत्र में बंधना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईमानदार नीयत और कल्याणकारी नीति को दर्शाता है। उन्होंने नवदंपतियों के सुखद भविष्य की कामना की। ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से कई गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह भव्यता के साथ हो रहा है। पहले आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाने में समस्या होती थी। इस योजना के चलते कई गरीबों के सपने साकार हुए हैं। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। एक साथ, एक ही मंडप में दांपत्य सूत्र में 308 लोग बंध रहे हैं, इसके हम सभी साक्षी हैं। उन्होंने सभी जोड़ों को शुभकामना दी।

## गोष्ठी 19 को

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय बागवानी गोष्ठी का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को विकास खण्ड भादर ग्राम पंचायत घोरहा के ग्रामीण मिनी स्टेडियम में किया जायेगा तथा इस अवसर पर उक्त आयोजन में विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों द्वारा औद्यानिक फसलों की वैज्ञानिक खेती व किसानों के जिज्ञासाओं का समसामयिक समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में उद्यान विभाग के साथ-साथ कृषि पशुपालन सहकारिता बाल विकास एवं पुष्टाहार ग्राम्य विकास पंचायतीराज वन मत्स्य भूमि संरक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र तथा निजी क्षेत्र की कम्पनियों एफपीओ स्वयं सहायता समूह आदि के द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर आने वाले किसानों के ज्ञानवर्धन व अपनी-अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। समस्त सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि 19 दिसम्बर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के वृहद प्रचार-प्रसार हेतु प्रातः 11 बजे तक अपने कार्यो से सम्बन्धित स्टाल लगाने के साथ-साथ किसानों को अपनी योजनाओं से सम्बन्धित प्रचार सामग्री का वितरण सुनिश्चित करें।

# तहसीलदार ने अवैध खनन करते लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ीं किया सीज



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मिट्टी के अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे गोला तहसीलदार ने लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लीं। पकड़े गए वाहनों को सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया। बड़हलगंज थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में लोडर लगाकर मिट्टी का अवैध खनन पुलिस की मिली भगत से जमकर किया जा रहा है। खनन माफिया के टैक्टर गाड़ी के चालक ने कहा की पुलिस के लोगों का खनन माफियाओं से डील तय रहती है। टैक्ट्र ड्राइवर ने बताया हलका दरोगा सिपाही से लेकर थानेदार तक का हिस्सा लगता है एक रात का एक ट्रैक्टर से लगभग 1300 की वसूली की जाती है और रातभर मिट्टी गिराने का परमिशन पुलिस की ओर से दिया जाता है। पुलिस वाले लगातार खनन माफियाओं के संपर्क में रहते हैं। खनन माफिया जरूरतमंद लोगों को एक ट्राली मिट्टी आठ सौ से लेकर बाहर सौ रुपये तक में बेंच रहे हैं।

गुरुवार रात मेडिकल चौकी निकट गांव खड़ेसरी, पिड़हनी, नरहपुर के पास लोडर व कई ट्रैक्टरों को लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। गुरुवार रात में ही किसी ने गोला तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला को मिट्टी के अवैध खनन की सूचना दी। रात लगभग एक बजे तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला, नायाब तहसीलदार जयप्रकाश, कस्बा इंचार्ज संजय पाल, एसआई आशीष दुबे,स्थानीय लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने मिट्टी का अवैध खनन करते एक लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर पकड़ लिया। उन्होंने तीनों वाहन कब्जे में लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को तहसीलदार ने लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली सौंप दिया। इसके बाद पुलिस ने तीनों वाहनों को सीज कर थाने पर खड़ा कर लिया। इस संबंध में तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला ने बताया कि मेडिकल चौकी समीप पिड़हनी, नरहरपुर, खड़ेसरी के पास मिट्टी के अवैध खनन की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर खनन कर रहे एक लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया है। पकड़े गए वाहनों को थाने पर खड़ा कराया गया है। इस मामले में पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

# हाटा नगर में बनेगा नया बस अड्डा, जमीन का हुआ सीमांकन



**विधायक की पहल पर शासन की ओर से हाटा नगर में स्वीकृत हुआ रोडवेज बस अड्डा**

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** लंबे अर्से से रोडवेज बस अड्डा का निर्माण अब पूरी होने वाली है। हाटा नगर में यात्रियों को बस अण्डा न रहने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब हाटा नगर पालिका मे स्थानीय विधायक की पहल पर शासन की ओर से पचीस ढिस्मील भूमि पर बस स्टेशन का निर्माण कार्य के लिए जमीन का सीमांकन हुआ।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग के एआरएम राकेश कुमार, रामख्याली नरुलैन अंसारी राजस्व टीम सजीवन मिश्रा, लेखपाल प्रदीप गुप्ता, अजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह ने नगर पालिका के वार्ड नंबर 18 हनुमान नगर पैकौली में खड़सारी के बगल बस अण्डा निर्माण के लिए अगल -बगल काश्तकारों के साथ नगर पालिका की पचीस ढिस्मील जमीन का सीमांकन कर रोड विभाग को सौंप दिया गया। परिवहन विभाग की ओर से जमीन का सीमांकन हो जाने पर नया बस अड्डा जल्द बनने की उम्मीद जगी है।

# ग्रामीणों ने पुलिस को खदेड़ा, थाने पर प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया कला गांव में जेसीबी चालक द्वारा पुलिस को रंगदारी नही दिए जाने पर पुलिसकर्मियों ने चालक को बेरहमी से पीटा। इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी-डण्डा लेकर पुलिस को गांव से बाहर खदेडा। इसके बाद ग्रामीण जख्मी चालक को साथ लेकर थाने पहुंचे जहा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। हो-हल्ला और गहमागहमी का महौल देख थानाध्यक्ष ने किसी तरह से ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण वापस लौटे। नेबुआ नौरंगिया थाना अंतर्गत सिरसिया वीरभान गांव में शुक्रवार को अरमान अंसारी जेसीबी से गांव के ही एक व्यक्ति के घर शौचालय की टंकी की खुदाई करने के बाद जेसीबी लेकर मालिक के घर जा रहा था। इसी दौरान थाने की गाड़ी लेकर निकले हेड कांस्टेबल अरविंद गिरी अपने अन्य सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ जेसीबी को रोक दिया। चालक के मुताबिक पुलिसकर्मियों ने उससे पैसे की मांग की उसने पैसा देने मे असमर्थता जाहिर करते हुए जेसीबी लेकर आगे बढ गया और जेसीबी मालिक विनोद यादव के दरवाजे पर जेसीबी खडा कर दिया। चालक का कहना है वह अपने मालिक के घर से पैदल वापस लौट रहा था तभी रास्ते मे खडे हेड कांस्टेबल व अन्य पुलिसकर्मी उसे बेरहमी से मारने पीटने लगे। उसकी चीख-पुकार सुन गांव के लोग वहा पहुच गये और पुलिसकर्मियों का अत्याचार देख गांव के लोगो ने विरोध किया इस पर पुलिसकर्मी उन पर खाकी का धौस जमाने लगे जिससे गांव के आक्रोशित हो गये। इसके बाद ग्रामीणों ने लाठी-डण्डा लेकर पुलिसकर्मियों को दौड़ा दिया। गुस्साए ग्रामीणों को देख पुलिसकर्मी उल्टे पांव भाग खडे हुए, जिसके बाद ग्रामीण पुलिस की पिटाई से बुरी तरह जख्मी चालक अरमान अंसारी को ट्राली पर लेकर कर थाने पहुंचे और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों का तेवर देख एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने सुझबुझ का परिचय देते हुए किसी तरह से ग्रामीणों समझा बुझाकर शांत कराया। एसओ द्वारा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वासन देने के बाद ग्रामीण शांत हुए। एसओ ने घायल जेसीबी चालक को थाने की गाड़ी से इलाज के लिए सीएचसी कोटवा भेजवाया।

# रागौल रेलवे स्टेशन के साइन बोर्डों से उर्दू नदारत

- रेलवे का नियम है कि क्षेत्रीय भाषा में भी लिखा जाये नाम

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा-हमीरपुर।** जुबान यानी भाषा का कोई धर्म नहीं होता। ऐसे में किसी भी भाषा को एक धर्म से जोड़कर देखना सही नही है। यदि हम उर्दू की बात करें तो यह पूर्णतया हमारे भारत की जुबान है न कि मुसलमानों की भाषा है इसमें कशिश इतनी है कि लोगों को अपनी ओर खींचती है।इस कि मिसाल यूं समझये कि जो लोग बिल्कुल भी उर्दू नहीं जानते है लेकिन वे सब उर्दू गानों को बहुत ही शौक से सुनते हैं इस लिए उर्दू हन्दू-मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी की भाषा है।




इसे सियासत नें सिर्फ मुसलमानों की भाषा बना दिया।

जहां तक रेलवे स्टेशनों पर नेमबोर्ड का सवाल है तो भारतीय रेलवे तीन भाषा फॉर्मूले का पालन करती हा। इसी फार्मूले के अनुसार केरल, टीएन, बंगाल आदि जैसे गैर हिंदी राज्यों में नेमबोर्ड पर हिंदी, अंग्रेजी और संबंधित राज्य की भाषा में नाम लिखे होते हैं । हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी, अंग्रेजी के साथ एक स्थानीय भाषा भी होना चाहिए है इसलिए आम तौर पर इन राज्यों में एसटीएन का नाम दो भाषाओं में होगा। हालाँकि यूपी, एमपी तथा बिहार आदि राज्यों में बड़ी संख्या में उर्दू भाषी आबादी है इसलिए, इन राज्यों के अधिकांश स्टेशनों में उर्दू का भी उपयोग किया जाता है। इसी कारण से हैदराबाद क्षेत्र में भी स्टेशनों के नाम बोर्ड में उर्दू है।

### क्या कहते है रेलवे के अधिकारी

इस सम्बन्ध में जब रेलवे की ओर से बयान देनें के लिए अधिकृत पीआरओ डी आर ओम झांसी मनोज जी से बात की तो उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो प्रकरण की जांच करा कर शीघ्र बोर्डों में संसोधन करा दिया जिएगा।

दिलचस्प बात यह है कि कुछ साल पहले तक- पश्चिमी उपनगरों में गुजराती आबादी को देखते हुए मुंबई में पश्चिमी रेलवे के उपनगरीय स्टेशनों के नाम बोर्ड पर गुजराती शब्द हुआ करते थे। बाद में विरोध विरोध के कारण इन बोर्डो से गुजराती शब्द हटा दिया गया। महाराष्ट्र की बात करें तो स्थानीय भाषा मराठी है जो हिंदी, देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। इसलिए, वहांओझ के नेमबोर्ड पर एसटीएन का नाम दो बार देवनागरी में लिखा होगा, एक हिंदी का प्रतिनिधित्व करता है और दूसरा मराठी का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यदि हम उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां उर्दू दूसरी सरकारी भाषा है क्योंकि यहां उर्दू बोलने लिखने वालों की संख्या करोडो में है इस लिए उत्तर प्रदेश के अधिकाश रेलवे स्टेशनों के साईन बोर्ड में हिन्दी व अग्रेजी के साथ साथ उर्दू में भी नाम लिखे हैं मगर रागौल रेलवे स्टेशन ऐसा स्टेशन है जहां के साईन बोर्डो से उर्दू गायब है जबकि लगभग एक वर्ष पहले तक यहां के सभी बोर्डो में उर्दू भी लिखी रहती थी।

# डबल इंजन की सरकार में सबका हो रहा है विकास: विधायक

- कैथी व पंधरी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सुमेरपुर क्षेत्र के पंधरी व कैथी गांव पहुंची। जहां आयोजित ग्रामीण संवाद में सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर जाति व वर्ग को लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को पंधरी व कैथी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं से लोग का आर्थिक व सामाजिक उत्थान हो रहा है। कच्चे घरों में रहने वाले अब पक्के आवास के मालिक बन गए है। उन्होंने कहा कि अब कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है। जिसे सरकार का कोई न कोई लाभ न मिला हो। इस मौके पर लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंधरी ग्राम प्रधान आरती कबीर, कैथी ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह, पार्टी के पदाधिकारी, आशा, आंगनबाड़ी, पंचायत कर्मी, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर पटेल, पूर्ति निरीक्षक गिरजा शंकर, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, सिद्धार्थ सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, कन्हैया शर्मा, अमित सिंह, प्रवीण कुमार, सुदीप श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश का मखौल उड़ाकर प्रतिनिधि ले रहे प्रशिक्षण, महिला प्रधान घरों में कैद

- दो दिनों की उपस्थिति पहले दिन दिखाकर करवाये गये हस्ताक्षर

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** महिला सशक्तिकरण का दम भरने वाली सरकार में महिला जनप्रतिनिधि किस तरह से अभी भी घूंघट की ओट में घरों में कैद है। इसका नमूना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पीआरआई, एसएचजी कन्वर्जेंस के सुमेरपुर ब्लाक सभागार मे चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण में स्पष्ट नजर आया। इस प्रशिक्षण में महिला प्रधानों की जगह उनके पति प्रशिक्षण लेते नजर आए। इतना ही नहीं दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रथम दिन ही दोनों दिनों के हस्ताक्षर भी करा लिए गए। इससे यह साबित होता है कि यह प्रशिक्षण महज खानापूर्ति तक सिमटा हुआ है। विगत दिनों उच्च न्यायालय ने कहा था कि महिला प्रधानों की जगह उनके पति कार्य नहीं करेंगे। लेकिन इसका असर यहां नहीं है। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर महोबा ग्राम प्रधानों को पीआरआई, एसएचजी कन्वर्जेंस का दो दिवसीय प्रशिक्षण करा रहा है। इस प्रशिक्षण में दूसरे बैच के प्रथम दिन 29 ग्राम प्रधानों के सापेक्ष 19 तथा 29 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सापेक्ष 20 शामिल हुई। रजिस्ट्रेशन के दौरान प्रशिक्षण में शामिल ग्राम प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से रजिस्ट्रेशन सीट पर दोनों दिन के हस्ताक्षर करा लिए गए। कमाल की बात यह है कि ग्राम प्रधानों में शामिल ज्यादातर महिला प्रधानों के स्थान पर उनके पति या प्रतिनिधि प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस संबंध में जब प्रशिक्षण की वरिष्ठ फैकल्टी प्रबंधक प्राची गुप्ता से सवाल किया गया तो वह चुप्पी साध गई। प्रशिक्षण के प्रथम दिन दोनों दिनों के हस्ताक्षर क्यों कराए गए। इस पर भी वह चुप रही। इससे साबित होता है कि प्रशिक्षण के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है और साथ ही महिला सशक्तिकरण का माखौल उड़ाया जा रहा है। एडीओ पंचायत ने कहा कि उन्हें सिर्फ व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। जिसका वह पालन कर रहे है।

## प्रभारी बीडीओ अवकाश पर, मौदहा बीडीओ को मिला चार्ज

**हमीरपुर।** डीसी मनरेगा द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश के झंझावत से शायद बचने के लिए खंड विकास अधिकारी अवकाश पर चले गए है। अब उनके स्थान पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौदहा खंड विकास अधिकारी को यहां का प्रभारी बीडीओ बनाया है। गौरतलब हो कि जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव को सुमेरपुर खंड विकास अधिकारी का प्रभारी बनाया गया था। विगत दिनों प्रधानमंत्री आवासों में गड़बड़ी के चलते जहां दो ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित होना पड़ा है। वही कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ डीसी मनरेगा मनोज कुमार राय ने वित्तीय अनियमितता करने पर मुकदमा दर्ज कराने के आदेश खंड विकास अधिकारी को दिए थे। खंड विकास अधिकारी इस झंझावात से बचने के लिए पहले एपीओ मनरेगा को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। लेकिन एपीओ मनरेगा ने मुकदमा दर्ज कराने से हाथ खड़े कर दिए।

# हकी टूर्नामेंट में एक मुकाबला रहा रोमांचक तो दूसरा रहा एक तरफा

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा-हमीरपुर।** कस्बे के रहमानिया कालेज खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल खेल महोत्सव के तीसरे चरण में चल रहे हाकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को नाक आउट दौर के मुकाबले में राउरकेला और यूपी पुलिस के बीच भिडंत हुई।अपने शुरुआती मैंच जीत कर आ रही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गोल करने का भरसक प्रयास किया हालांकि पहले हाफ तक दोनों टीमों को दो दो पेनाल्टी कार्नर भी मिले लेकिन शानदार रक्षा पंक्ति और डिफेंस के चलते दोनों टीमें पेनाल्टी कार्नर का लाभ नहीं उठा सकीं।इसी बीच पहले हाफ के कुछ मिनट पहले राउरकेला ने यूपी पुलिस पर शानदार गोल दागकर साबित कर



दिया कि यह मैंच वह कोई अण्डरडाग टीम के खिलाफ नहीं खेल रहे हैं।और पहले हाफ तक राउरकेला ने 1-0 की बढ़त बना ली थी।जो अंत तक बनी रही और दूसरे हाफ में निर्णायक साबित हुई इस तरह राउरकेला ने यूपी पुलिस को 1-0 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।मैच में एकमात्र गोल दागने के लिए राउरकेला के रवि को मैन ऑफ द मैच चुना गया।वहीं दूसरा मुकाबला सैफई और झांसी के बीच खेला गया जिसमें सैफई ने शुरुआत से ही शानदार हाकी का प्रदर्शन कर शुरू से ही बढ़त बनाना शुरू कर दिया था और अपनी बढ़त को लगातार बनाने में कामयाब रहे जो अंत में निर्णायक साबित हो सकती है क्योंकि दूसरे हाफ के कुछ मिनट पहले तक सैफई ने 5-1 की बढ़त हासिल कर लगभग मैंच अपने नाम कर लिया और अब मैच मात्र औपचारिकता रह गया था।और अंत में सैफई ने 6-1 से मैंच जीत कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

## चारपाई से गिरकर वृद्धा की मौत

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के परमपुरवा गांव निवासी शांती (60) पत्नी बाबू सिंह गुरुवार की रात को चारपाई में सो रही थी, तभी रात को अचानक वह चारपाई से नीचे गिर गई। सुबह होने पर बेटे ने देखा तो सांसें चल रही थीं, उसे जिला अस्पताल ले गए, वहां पर उसकी मौत हो गई। अजय ने बताया कि उसकी मां छोटे भाई छत्रपाल के साथ रहती थी। छत्रपाल बच्चों की पढ़ाई के लिए शहर में रह रहा है। चारपाई से गिरने पर मां की मौत हो गई।

## किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा।** शहर के ग्योड़ीबाबा गांव निवासी उमेश (17) पुत्र संतोष ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया गया।

## पेट दर्द से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** शादी के सात माह बाद नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि वह पेट दर्द से पीड़ित थी, उसका काफी उपचार कराया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी की वजह से परेशान होकर उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ोहरा गांव निवासी कंचन (20) पत्नी अजय बहादुर की शादी 15 मई को हुई थी। गुरुवार की रात को खाना खाने के बाद पति और पत्नी कमरे में सोने चले गए। पति के सो जाने के बाद कंचन ने कमरे के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पति की नींद खुली तो फंदा काटा और तत्काल अस्पताल लेकर गया।

# कार्यक्रम में दी गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड महुआ के पहाड़पुर ग्राम गजपतिपुर ग्राम, कमासिन विकासखंड के ग्राम खटान में आयोजित किया गया। विकसित संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के जनपद आजमगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किए जाने का लाइव प्रसारण किया गया और प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्डन द्वारा 5 लाख तक की निशुल्क चिकित्सा सहायता सुविधा, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा घरौनी वितरण योजना के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी के अंतर्गत उनको प्राप्त हो रही विभिन्न सुविधाओं के संबंध में उनके अनुभव को ग्रामीण लोगों को बताया गया। इस संकल्प यात्रा के अवसर पर कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बैंकर्स तथा, आने संबंधित विभागों के द्वारा पंपलेट तथा स्टाल के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई। इसके साथ तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं के प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# नगर आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया सफाई निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा शुक्रवार को प्रातः कालीन नगर क्षेत्र के वार्ड तारीन जलालनगर, महिला थाना, निगोही रोड एवं विभिन्न क्षेत्रों का सफाई निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्रों में सफाई की स्थिति को देखा गया तथा क्षेत्रवासियों से नियमित रूप से होने वाली सफाई व्यवस्था के विषय में फीडबैक भी लिया गया।

नगर आयुक्त द्वारा सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विशेष रूप से सफाई के कार्य को कराया जाए व कूड़ा उठान का भी कार्य कराया जाए। निरीक्षण के दौरान ही



नगर आयुक्त द्वारा महिला थाना के पास स्थित कवर्ड नाला की सफाई स्थिति को देखा गया। नाले की विशेष सफाई कराये जाने तथा नाले के अंदर कूड़ा, मलवा आदि जाने से रोकने के उद्देश्य से कवर्ड नाले के प्रारंभ वाले खुले स्थान पर जाल लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे नाले में बहने वाला कूड़ा कचरा जाल के पास एकत्र हो सके और नियमित रूप से उस एकत्र कूड़े को साफ कराये जाने हेतु क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया, जिससे नाले की सफाई कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, संजीव वर्मा एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में शासन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सफाई के सम्बंध में की जा रही लाइव मोनिटरिंग में प्रतिभाग किया गया तथा नगर क्षेत्र में नियमित रूप से होने वाली सफाई के कार्य के सम्बंध में अवगत कराया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा कंट्रोल रूम में लगे अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र से कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित को अवगत कराकर प्राप्त समस्या का निस्तारण कराये जाए।

# डिवाइडर से टकराकर ट्रैक्टर घर में घुसा, चालक की मौत

- नरैनी कोतवाली के बरछा बैरियर के पास हुई दुर्घटना
- बोल्डर भरी ट्राली खाली कर वापस आ रहा था मृतक

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** ट्राली में भरे बोल्डर उतारने के बाद गुरुवार की रात को वापस घर आते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाडर से टकरा गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर नजदीक बने घर में घुस गया। इसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे सीएचसी नरैनी ले जाया गया, वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी बबलू (22) पुत्र देवीदीन ट्राली में लदे बोल्डर खाली करने के लिए गुढ़ाकलां गांव गया था। वहां से बोल्डर उतारने के बाद गुरुवार की रात को वह ट्रैक्टर-ट्राली लेकर वापस घर लौट रहा था, तभी बरछा बैरियर के पास सामने से आ रहे मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराने के बाद नजदीक बने घर में जा घुसा। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में भर्ती कराया गया, वहां पर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक का पिता ट्रक का मिस्त्री है। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/ सोनभद।** पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व पुलिस उपाधीक्षक नगर सोनभद्र के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14.12.2023 को मुखबीर की सूचना पर समय 19.35 बजे बग्घानाला चोपन से अभियुक्त अजय सिंह गोड़ पुत्र जगरदेव गोड़ निवासी गड़ईडीह वार्ड नं. 8 थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से दो अभियुक्त गण अंधेरे व झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। अभियुक्त अजय सिंह गोड़ उपरोक्त के कब्जे से बिना नम्बर की सफेद रंग की अपाची मोटरसाइकिल जिसका इंजन



नम्बर बीई4 डीजे 2451140 व चेचिस नम्बर एमडी634 बीई47 जे2डी51983 बरामद हुई। अभियुक्त अजय सिंह गोड उपरोक्त द्वारा भागने वाले दोनो अभियुक्तो का नाम क्रमशः दीपक यादव पुत्र देवनरायण यादव निवासी चोपन गांव (आई टी आई स्कूल के पास) थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष व अजीत पाल पुत्र गणेश पाल निवासी इन्टेक बस्ती चोपन थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष बताया और बताया कि मेरे पास जो मोटरसाइकिल है यह चोरी की है इसी कारण हम लोग भाग रहे थे मोटरसाइकिल के सम्बन्ध मे कडाई से पूछताछ किया गया तो बताया कि इस मोटरसाइकिल को मै व दीपक यादव तथा अजीत पाल तीनो लोग मिल कर दिनांक 10/11.12.2023 की मध्य रात्रि मे मधुपुर रावर्ट्सगंज से चुराये थे जिसका नम्बर पी65 डीसी 7593 था नम्बर प्लेट हम तीनो लोग मिलकर पकड़े जाने के डर से निकालकर तोडकर फेक दिये है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोपन में मु.अ.सं.- 285/23 धारा - 411 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। बरामद मोटर साइकिल के सम्बन्ध में वाहन स्वामी से जानकारी किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोटर साइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में वाहन स्वामी द्वारा थाना रावर्ट्सगंज में दिनांक 13.12.2023 को मु.अ.सं.- 726/23 धारा- 379 बनाम अज्ञात चोर के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया है।

# हिंडाल्को द्वारा महिलाओं के लिए ऊर्जा संरक्षण वर्कशाप का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेनुकूट।** हिंडालको प्रबंधन द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों तथा रेणुकूट वासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उर्जा संरक्षण सप्ताह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत क्लब हिंडाल्को परिसर में गृहणियों के लिए इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अवेयरनेस सेशन तथा क्विज़ कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें 70-80 गृहणियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्मेल्टर प्लांट के प्रमोद



उपाध्याय ने ऊर्जा की उपयोगिता को विस्तृत रूप से समझाया तथा इसकी संरक्षण की आवश्यकता से सबको अवगत कराया। आईओसीएल से आए हर्ष गुप्ता ने घर में प्रयोग होने वाले एलपीजी गैस सिलेंडर के बचत के उपायों को गृहिणियों के बीच साझा किया। एचआर विभाग की राजवर्मा ने बताए गए उपायों को अपने जीवन में अमल करने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ऊर्जा विभाग के विवेक अग्रवाल ने ऊर्जा के प्रति जागरूकता लाने के लिए महिलाओं को घरो से संबंधित ऊर्जा बचत के विभिन्न उपायों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह व उत्सुकता का अनुभव किया गया। सभी महिलाओं ने आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसा कार्यक्रम को करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक अग्रवाल , राजीव सिंह , रजनीश सिंह , मुकेश सिंह एवं सुमन सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मख्दूमे रब्बानी के उर्स के पहले दिन उठा चादर जुलूस

**बांदा।** कच्चा तालाब स्थित दरगाह मख्दूमे रब्बानी का दसवां दो दिवसीय उर्स शुक्रवार जुमा की नमाज़ के बाद चादर जुलूस के साथ शुरू हो गया। मख्दूमे रब्बानी के उर्स के पहले दिन जुमा की नमाज़ के बाद शहज़ाद हुसैन वारसीय के आवास गुलाब बाग से चादर उठाई गई। ये चादर ख़ानकाही कव्वालियों के साथ अली गंज स्थित रब्बानी आवास पहुंची जहां इस चादर जुलूस में कई चादरें और झंडे शामिल किए गए जिससे ये चादर जुलूस और विशाल हो गया, रब्बानी आवास से चल कर ये चादर जुलूस अपने निर्धारित रास्तों हाथी खाना लोहिया पल होता हुआ कच्चा तालाब स्थित मख्दूमे रब्बानी की दरगाह पहुंचा।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

**सीडीओ व नपा अध्यक्ष ने वाहन को दिखाई हरी झंडी, सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए और ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिए प्रदेश सरकार के आदेश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ कार्यक्रम में आए लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।



शहर के संत कीनाराम पब्लिक स्कूल में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता अभियान के प्रचार वाहन को सीडीओ व नपा अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीओ ने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को ट्रैफिक नियमों के पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बाइक सवार को हेलमेट पहनने और कार सवार लोगों को सीट बेल्ट लगाने के साथ वाहनों के सारे कागज होने के बाद वाहन लेकर चलने की अपील किया है। एएसपी कालू सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेश पर 15 से 31 दिसम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रट सभागार उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की, बैठक के दौरान उन्होनें कहा कि लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग का वल्नरेबिलिटी और क्रिटिकल का कॉन्सेप्ट है जितने सेक्ट्र मजिस्ट्रेट अधिकारी जिस क्षेत्र के लिए नामित किए गये है उन्हें उसी क्षेत्र में चुनाव कराना है इसके लिए तैयारिया शुरू कर दें ताकि चुनाव के दौरान भविष्य में कोई दिक्कत न हो सभी लोगों की तैयारी अच्छी हो इस लिए आज ट्रेनिंग



के माध्यम से जानकारी दी जा रही है एस.एच.ओ. और सर्किल ऑफिसर आपस में समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और चुनाव में होने वाली समस्याओं को चिन्हित करें बहुत ही क्वालिटी वर्क पर कार्य करना है इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जिसे अपने मत डालने में किसी प्रकार की समस्या होती हो और किसी के द्वारा प्रभावित किये जाते हो ऐसे व्यक्ति, घर , परिवार समूह के प्रकार का विवरण और उन्हें किनसे डर है उनका पूरा विवरण लेना होगा, उन्होनें कहा कि सभी लोगों के नम्बर होना चाहिए ताकि ऐसे घटनाक्रम से संबधित सूचना को निरंतर ट्रैस किया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने कहा कि अगामी चुनाव की तैयारी की जा रही है इसमें सभी को गहनता के साथ कार्य करना होगा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने स्तर से माइक्रो मीटिंग करनी होगी सभी को अपने क्षेत्र की जानकारी होना चाहिए कहा कि अभी तैयारी कर लेगें उतनी ही शांति से वोटिंग हो सकेगी, लोगो को जागरूक किए जाने के लिए भी कहा गया। इस बैठक में उप जिलाधिकारी सदर निखिल कुमार यादव, सहायक जिला निवार्चन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, जिला निर्वाचन कार्यालय के बाबू सुनिल सिंह, राजकुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण अधिकारी उपस्थित रहें।

## ए.के. शर्मा नें 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में की शिरकत

# भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए जरूरी है मोदी की गारंटी

### केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार पिछली सरकारों के गड्ढों को पाटने का कर रही कार्यः ए.के. शर्मा

- आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर पूरी दुनिया भारत के विकास पर गर्व करेगी: ए.के. शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के संकल्प व प्रेरणा से वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने तथा सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से युक्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही और मोदी के संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास' के साथ कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों, वंचितों, महिलाओं, असहायों, किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा। इसी संकल्प की पूर्ति हेतु 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत की गई है, जिसमें लोगों को देश की सांस्कृतिक विरासत व परंपराओं से जोड़ने के साथ शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव व राष्ट्रप्रेम को जगाने का प्रयास किया जा रहा है और उनको सरकारी योजना का लाभ भी दिलाया जा रहा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शुक्रवार को सिद्धार्थनगर जनपद की इटवा विधानसभा के धनवापुर विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत जिगना हबीबपुर पहुंचकर वहां पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर आदिवासी दिवस के दिन बिरसा मुंडा के जन्म स्थान से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी दिलाना है। इस संकल्प यात्रा के तहत गांव-नगरों में पहुंच रही 'मोदी की गारंटी वैन' देश के हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक बन गई है। अब तक देश के विभिन्न हिस्सों गांव-गांव, शहर-शहर में करोड़ों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से जोड़ा गया और पात्रों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि देश में मोदी की गारंटी के अलावा कोई और गारंटी नहीं चलेगी। केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार अभी पिछली सरकारों द्वारा किये गये गड्ढों को पाटने का कार्य कर रही है लेकिन भारत की आजादी की 100वीं वर्षगांठ वर्ष 2047 पर पूरी दुनिया भारत के विकास पर गर्व करेगी। जो 70 वर्षों में नहीं हुआ व मोदी और योगी के नेतृत्व में हो रहा है और आज हम लोकतंत्र के स्वर्णकाल में जी रहे हैं। पहले लाखों टन अनाज गोदामों में सड़ जाता था, आज गरीबों के पेट में जा रहा। कम लागत, कम खाद व दवाई डालकर किसान नैनो यूरिया का प्रयोग कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं। देश में गरीबों की आमदनी कैसे बढ़े, हर व्यक्ति कैसे खुशहाल हो, सभी को अच्छी शिक्षा, बेहतर चिकित्सा, सुरक्षा, अच्छी सड़कें हों, मोदी का यही संकल्प है। उन्होंने बताया कि मोदी ने देश को विश्व की 10वें नम्बर की अर्थव्यवस्था से उठाकर चौथे-पांचवें नम्बर पर ला दिया है। इसी प्रकार योगी ने उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र के बाद पूरे देश की 9.2 प्रतिशत की अर्थव्यवस्था के साथ दूसरे नम्बर पर ला दिये हैं जबकि गुजरात की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत है। इसके लिए उन्होंने मोदी एवं योगी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। ए.के शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि सभी खुशहाल होंगे तभी देश आगे बढ़ेगा, विकसित राष्ट्र बनेगा।


# यूपीनेडा ने ऊर्जा संरक्षण दिवस का किया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

- 240 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम किया

**लखनऊ।** प्रदेश के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) मुख्यालय पर ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण द्वारा ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों का दोहन कम किया जाए तथा विद्युत ऊर्जा की बढ़ती मांग को कम करने हेतु रिन्यूवल एनर्जी एवं नवीन ऊर्जा स्रोतों का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि विभिन्न उद्योगों द्वारा परफॉर्म, एचीव एण्ड ट्रेड योजना के अन्तर्गत लगभग 29000 मिलियन यूनिट विद्युत समकक्ष ऊर्जा की बचत की गई, जिससे लगभग 240 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आयी है। यूपीनेडा, जो ब्यूरों ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी द्वारा नामित स्टेट डेजिगनेटेड एजन्सी है, द्वारा ऊर्जा संरक्षण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड को लागू करने हेतु विभिन्न आर्किटेक्ट, बिल्डर आदि को प्रशिक्षित करते हुए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यूपीनेडा प्रशिक्षण केन्द्र चिनहट में सुपर ईसीबीसी भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, गौरव शुक्ला ने निदेशक यूपीनेडा एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण दिवस, हमे ऊर्जा संरक्षण के उपायों को अपनी दैनिक जिंदगी में लाने की प्रेरणा देता है।

# मुख्यमंत्री योगी ने स्वर्वेद महामंदिर धाम का लिया जायजा






- जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी भ्रमण के दृष्टिगत आज स्वर्वेद महामंदिर धाम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री को अब तक की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री वाराणसी आगमन के दौरान स्वर्वेद महामंदिर धाम के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर 25 हजार कुंडी स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत फातिमा जहरा की शहादत के गम में ताहा फाउण्डेशन, ताहा पॉलीक्लीनिक, इमामिया मेडिक्स इंटरनेशनल व अन्य संस्थाओं की ओर से हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर शनिवार से आयोजित होगा। फातिमिया हेल्थ कैम्प में दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाओं के साथ ही नेत्र परीक्षण कर चश्मे वितरित किये जाएंगे। शिविर में डॉ. असद अब्बास, डॉ. शरफ, डॉ. शबीह हैदर, डॉ. तहसीन हैदर, डॉ. अली मोहम्मद, डॉ. मोहम्मद अली, डॉ. वसी जाफरी, डॉ. आले मोहम्मद, डॉ. एस. नकवी, डॉ. रोमाना, डॉ. समाना, डॉ. फरह सहित अन्य चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

- सरदार पटेल स्वतंत्र भारत में नए भारत के शिल्पी के रूप में: मुख्यमंत्री योगी
- सरदार पटेल ने 563 रियासतों को भारतीय गणराज्य का हिस्सा बनाने में अहम भूमिका निभाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर जनपद वाराणसी में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि है। पूरा देश व प्रदेश भारत की अखण्डता के शिल्पी तथा देश के स्वाधीनता आंदोलन में उनके योगदान का स्मरण कर रहा है। सरदार पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनका योगदान स्वतंत्र भारत में नए भारत के शिल्पी के रूप में भी था। उन्होंने 563 रियासतों को भारतीय गणराज्य का हिस्सा बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का



भारत सरदार वल्लभभाई पटेल के सपनों का भारत है। सरदार पटेल के आदर्शों और मूल्यों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केवड़िया, गुजरात में नर्मदा नदी के तट पर लौह पुरुष की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई है। यह स्थल आज तीर्थ बन चुका है, जो लौह पुरुष के आदर्शों और मूल्यों से हम सभी को नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है।

## वार्षिक पुरस्कारों की हुई घोषणा

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से शुक्रवार को वर्ष 2022 के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई। लोककथाओं के अनुशीलन, संकलन और शोध में विशिष्ट योगदान के लिए आगरा की प्रो.शेफाली चतुर्वेदी समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुल 11 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। आगामी 27, 28 व 29 दिसम्बर को तीन दिवसीय लोक विमर्श के दौरान सम्मान समारोह होगा। जिसमें लोक साहित्य, कला और संस्कृति के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 11 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में अवधी लोक साहित्य व संस्कृति की विभूतियां प्रो.कमला श्रीवास्तव और पदम्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह के नाम से ध्वजवाहक सम्मान युवा संगीत साधक मीतू मिश्रा और लोक कथा प्रस्तोता जीतेश श्रीवास्तव को दिये जाने की घोषणा की गई है।

# उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 13 फरवरी से

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी-मौलवी (सेकेण्ड्री), आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री), कामिल और फाजिल की वार्षिक परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेंगी। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए इस वर्ष 1 लाख 19 हजार परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। यह निर्णय शुक्रवार को बोर्ड की परीक्षा समिति ऑनलाइन आयोजित हुई बैठक में लिया गया। यह जानकारी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित समिति पदाधिकारियों के विचार-विमर्श के बाद मदरसा परीक्षाएं 13 फरवरी से 21 फरवरी के बीच कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुदानित मदरसों को परीक्षा केन्द्र बनाने के साथ ही परीक्षा केन्द्रों को सीसीटीवी से लैस कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रजिस्ट्रार को नकलविहीन, शुचितापूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं कराने के लिए सभी कार्रवाई समय से पूरी करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण रमेश, मदरसा शिक्षा परिषद उपाध्यक्ष व निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे.रीभा, बोर्ड सदस्य कमर अली, ओरिएण्टल कॉलेज रामपुर के प्रधानाचार्य और बोर्ड सदस्य जुबैर खान व बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी शामिल थीं।

## तीन दिवसीय मजलिसों का आयोजन

**उन्नाव/लखनऊ।** दुख्तरे रसूल हजरत फातिमा जहरा की शहादत के गम में सिंगरोसी में अंजुमन मुहाफिज-ए-अजा की ओर से तीन दिवसीय मजलिसों का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। शुक्रवार को इमामबाड़ा स्वर्गीय सईदुल हसन जैदी में बाद नमाजे मगरिबैन हुई मजलिस को मौलाना फिरदौस जलालपुरी ने खिताब किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने दुख्तरे रसूल पर गुजरी मुसीबतों का जिक्र किया तो अकीदतमंद बेकरार हो उठे। शनिवार को होने वाली मजलिस इमामबाड़ा स्वर्गीय गुलाम अब्बास में होगी, जिसे मौलाना सादिक अब्बास जैदी और तीसरी मजलिस मस्जिद सैय्यदवाड़ा सिंगरोसी में होगी जिसे मौलाना तजमीनुल मोहम्मद जाफरी खिताब करेंगे। यह जानकारी तकी जैदी, जाफर अब्बास जैदी और शम्स रिजवी ने दी।

# बीबी फातिमा ज़हरा की ज़िंदगी पर हर औरत को अमल करना चाहिए: मौलाना हसन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गोलागंज स्थित संस्था तंजीमुल मकातिब में मजालिस का सिलसिला शुरू हो गया है जिस की आज पहली मजलिस को संस्था तनजीमुल मकातिब के अध्यक्ष मौलाना सय्यद शमीमुल हसन ने संबोधित किया। मजलिस की शुरुआत तिलावते क़ुरान करीम से मौलवी अली रज़ा ने किया। मौलवी आलिम हुसैन, मौलवी अमन अब्बास और मौलवी ज़फ़र अली ने अशहार पढ़े। मौलाना शमीमुल हसन ने कहा कि बीबी फातिमा की सीरत हमारी बहनों के लिए नमूने अमल है उनकी ज़िंदगी पर सब औरतों को अमल करना चाहिए ताकि एक अच्छी ज़िंदगी गुज़ार सकें। मौलाना ने कहा कि बीबी फातिमा ज़हरा हज़रत मोहम्मद साहब की एकलौती बेटी थीं जिनको हज़रत मोहम्मद साहब ने अपना टुकड़ा कहा था लेकिन ज़ालिमों ने बहुत जुल्म किया जिस कारण उनकी शहादत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बादशाहनगर सेक्शन में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** बादशाहनगर सेक्शन मे मण्डल मंत्री आर. एन गर्ग के निर्देशानुसार एवं शाखा मंत्री कामरेड सफदर हुसैन सर के नेतृत्व मे बुढ़वल, घाघरा घाट, चौका घाट जरलवल रोड मे एक एक कर्मचारी साथी से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया और कर्मचारियों को एन.ई. रेलवे मजदूर यूनियन का सदस्य बनाया गया, जिसमे कामरेड सुभाष मीना,अरविन्द कुमार, रवि कुमार, कल्लू राम, मो. नसीम, टी एन मौर्या एवं फकरे आलम, रंजन कुमार एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। उसके साथ कर्मचारी साथियो की समस्या सीनियर सेक्शन इंजिनियर (कार्य) के ऑफिस सीनियर सेक्शन इंजिनियर (पी. वे )के ऑफिस मे कर्मचारी साथियो की समस्या को लेकर वार्तालाप किया कर्मचारियों से उनकी समस्याओ के बारे पूछा गया और उनकी बताई हुई समस्याओ को नोट किया गया और समस्या को संबंधित अधिकारीयों से मिलकर जल्द जल्द हल करने का आश्वासन दिया।

### रकाबगंज चौराहे पर रेलवे बदलेगा गर्डर

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** पूर्वोत्तर रेलवे ने आम जनमानस को सूचित किया है कि लखनऊ सिटी से ऐशबाग स्टेशन के मध्य पुल संख्या. 470 रकाबगंज चौराहा पर गर्डर बदलने का कार्य 17 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक किया जायेगा। इस कार्य के दौरान रकाबगंज चौराहे से गुजरने वाले वाहनों और नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो सकती है। उक्त कार्य रेलपथ की संरक्षा एवं सुरक्षा से सम्बंधित है। रेलवे प्रशासन ने इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

### प्रणजीव ने रेल संरक्षा आयुक्त का संभाला कार्यभार

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** प्रणजीव सक्सेना ने रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिक्षेत्र लखनऊ का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व वह रेल संरक्षा आयुक्त दक्षिण मध्य परिक्षेत्र सिकंदराबाद के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने स्पेशल क्लास रेलवे एप्रेंटिस यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक कर 1987 बैच के माध्यम से भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा में आये। प्रणजीव सक्सेना ने आईआईएम कोलकाता से वित्त एवं सिस्टम में विषेज्ञता के साथ एमबीए भी किया है। रेल सेवा की शुरुआत उत्तर रेलवे से की और विभिन्न कारखानों एवं मंडलों में कार्य किया। प्रणजीव सक्सेना ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे में विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह भारतीय रेल मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान जमालपुर में कम्प्यूटर और प्रबंधन में प्रोफेसर तथा सीनियर प्रोफेसर डीजल और रोलिंग स्टॉक के पद पर कार्य कर चुके है। राइट्स में महाप्रबंधक रोलिंग स्टॉक एवं डिजाइन के पद पर कार्य किया है।

### वंदेभारत एक्सप्रेस का रैक आज उत्तर रेलवे को मिलेगा

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** अयोध्या से आनंदविहार वाया लखनऊ चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का रैक शनिवार को उत्तर रेलवे को मिल जायेगा। ट्रेन की समय सारणी तय करने की तैयारी एनआर के अधिकारी कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि नये साल से यह ट्रेन पटरी पर उतरेगी। अयोध्या से आनंद विहार वाया लखनऊ जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस का रैक रेल कोच फैक्ट्री से उत्तर रेलवे को आवंटित हो गया है। 16 दिसम्बर को आठ रैक उत्तर रेलवे को सौंप दिये जायेंगे। वंदेभारत ट्रेन के चेयरकार दिन में ही चलाया जा सकता है। इससे शताब्दी एक्सप्रेस, गोमती व तेजस एक्सप्रेस के संचालन पर सीधा असर पड़ने की संभावना है। अधिकारी अब इसी परेशानी में है कि वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन की समय सारणी ऐसी बनाई जा कि वीआइपी ट्रेनों का संचालन लखनऊ से प्रभावित न हो।

### ओबीसी एसोसिएशन की हुई बैठक

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यालय में ओबीसी एसोसिएशन की अनौपचारिक वार्ता तंत्र बैठक हुई। इस वार्ता तंत्र में प्रशासन सम्बंधी कई विषयों के साथ साथ रेलकर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मध्य विस्तार से चर्चा हुई। एसोसिएशन ने अपनी कई मांगों से प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर प्रशासन ने नियमानुसार पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल ने बताया कि आगामी समय में इस प्रकार के वार्ता तंत्र के माध्यम से प्रशासन एवं एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास के जरिये मंडल को अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करेगा।

# कांग्रेस यूपी जोड़ो यात्रा से भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को लेकर करेगी जागरुक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस की ओर से 20 दिसम्बर को सहारनपुर से शुरू होने वाली यूपी जोड़ो यात्रा का सांकेतिक शुभारम्भ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को वाराणसी में पदयात्रा और प्रमुख दर्शनीय स्थलों में पूजन-दर्शन कर किया। सहारनपुर से शुरू होने वाली यूपी जोड़ो यात्रा में भारतीय जनता पार्टी की विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ जनता को जागरुक किया जाएगा। शुक्रवार को वाराणसी में दर्शन-पूजन कार्यक्रम का संयोजन जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने किया। पार्टी प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार सुबह 11 बजे अपने आवास से कांग्रेसियों संग पैदल यात्रा करते हुए बड़ा गणेश जी, काल भैरव, नीचीबाग गुरुद्वारा में शीश नवाते हुए बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर गिरजाघर चर्चा में शीश नवाते हुए बेनियाबाग दरगाह पहुंचे, जहां चादरपोशी की। यहां से प्रदेश



अध्यक्ष चेतगंज होते हुए लहुराबीर पहुंचे। यात्रा में लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्री राय ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेसी सरदार पटेल के चित्र को अपने हाथों में लेकर चल रहे थे। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि प्रदेश के सहारनपुर से 20 दिसम्बर को यूपी जोड़ो यात्रा शुरू होगी, जिसका मकसद भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस जन-जन और घर-घर जोडने के लिए संकल्पित है। यूपी जोड़ो यात्रा से प्रदेश में सकारात्मक, रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण का निर्माण होना तय है। श्री राय ने कहा कि आज देश में पिछले 45 सालों में सबसे अधिक बेरोजगारी है। शिक्षित नौजवान रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। निराशा की गिरफ्त में हैं। हमारा कर्तव्य और समय की मांग है कि हम अपने युवाओं की रीढ़ मजबूत करें और उन्हें सकारात्मकता की तरफ ले जाएं। यही यात्रा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रजानाथ शर्मा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, प्रमोद पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह, फसाहत हुसैन बाबू, शिवकुमार पटेल, राजन पाठक, वकील अंसारी, वसीम अंसारी, राजेन्द्र दुबे, फैसल, पंकज सोनकर, अनिल उपाध्याय, हसन मेहदी कब्बन, राजेश त्रिपाठी, विकास कौण्डिल्य, मोहम्मद उजैर, सुनील राम, अब्दुल हमीद डोडे, कमलेश ओझा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

# हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के ग़म पर मजालिस जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के गम में शुक्रवार को छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में जमाअते जाफरी की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना सैयद सिब्तेन रिजवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि शहजादी जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) वह ऐसी महान महिला थीं, जिन्होंने अपने छोटे से जीवन में इस्लाम और इंसानियन के लिए महान कार्य अंजाम दिए। दस्ते खतीबुल ईमान की ओर से रौजाए काजमैन में मौलाना शब्बर हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा सिबतैनाबाद हजरतगंज में मौलाना हमीदुल हसन ने मजलिस को खिताब किया। रविवार को मौलाना कल्बे जव्वाद मजलिस को शाम 7.30 बजे खिताब करेंगे। इमामबाड़ा कायमा खातून सज्जादबाग कालोनी में मौलाना हमीदुल हसन ने मजलिस का खिताब किया। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुराने पाक से किया। रौजाए बैतुल हुज्न में मजलिस को मौलाना एजाज अब्बास ने खिताब किया। मस्जिद इमामे मेहदी इस्मत कालोनी दुबग्गा में मौलाना मोहम्मद अली जैदी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में मजलिस को मौलाना जावेद हैदर जैदी ने खिताब किया। इमामबाड़ा हादी हुसैन दरगाह रोड में शनिवार शाम 7 बजे आयोजित होने वाली मजलिस को मौलाना मोहम्मद अली खिताब करेंगे। अजाखाना कौकब नवाब मुफ्तीगंज में शनिवार रात 9 बजे आयोजित होने वाली मजलिस को मौलाना नजफ आब्दी खिताब करेंगे। कर्बला अजमतुद्दौला बहादर में रविवार को दोपहर 1 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना सिब्ते हैदर जैदी खिताब करेंगे। मजलिस का आगाज कारी मौलाना मेहदी तिलवाते कलामे पाक से करेंगे।

### सबीले फातिमा का आयोजन कल

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया शिया हुसैनी फॅण्ड की ओर से रविवार को हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के मौके पर विक्टोरिया स्ट्रीट निकट शिया कालेज सबीले फातिमा का आयोजन किया जायेगा। इस सबील से पूरे दिन चाय, पानी और तबर्रुक का वितरण किया जायेगा। संस्था की ओर से रौजाए-फात्मैन में भी ख्वातीन को तबर्रुक तकसीम किया जायेगा।

## मुफ्तीगंज मस्जिद-ए वलियुल अस्र में मजलिसों का सिलसिला जारी

**लखनऊ।** हज़रत मुस्तफा की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा की शहादत के शोकाकुल माहौल मे शहर के अलग अलग इमामबाड़ों में रौजाओं और कर्बलाओं में मालिसों मातम का सिलसिला ज़ारी है। जिसमे अजादार काली पोशाकों में शामिल होकर रसूले अकरम को उनकी बेटी का पुरसा दे रहें हैं।इसी सिलसिले की मजलिसे ठाकुरगंज क्षेत्र के इमामबाड़ों मस्जिदों में मजलिसे हो रही हैं हैं।मस्जिद ए वलीयुल अस्त्र मे 14 दिसंबर से मजलिसों का सिलसिला ज़ारी है।पहली मजलिस मौलाना मुस्तफा अली खां ने बयान किया। दूसरी मजलिस मौलाना इब्राहीम कुम्मी, तीसरी मजलिस मौलाना शब्बर हुसैन वाइज, मजलिस बयान को बयान करेंगे। चौथी मजलिस मौलाना सैय्यद हसनैन बाकरी,पांचवीं मजलिस मौलाना सैय्यद तकी रज़ा जैदी, छठवीं आखरी अलविदाई मजलिस20 दिसंबर मौलाना सैय्यद हुसैन हुसैनी मजलिस को खिताब करेंगे।

# दुर्घटना से देर भली नारे को करें आत्मसात

- सड़क सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन करते हुए चलाएं वाहन
- सड़क सुरक्षा में बढ़ती मौतों का आकड़ा चिन्ताजनक: सुरेश खन्ना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज 1090 चौराहे पर आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक) कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किये। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से देर भली नारे को हमें आत्मसात करने की जरूरत है। इस मुहावरे को हमें अपने



मन-मस्तिष्क में बिठा लेना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों एवं घायलों की बढ़ती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत गम्भीर हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के प्रयास करने के निर्देश सड़क सुरक्षा की विभिन्न बैठकों के माध्यम से दिये हैं। वर्ष 2022 में कुल 41,746 एक्सीडेंट हुए जिसमें से 595 की मृत्यु तथा 28,541 घायल हुए।